राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# उज्ज्वल दुनिया

खबरों की बुलंद आवाज

रांची, दिल्ली और यूपी से एक साथ प्रकाशित

वर्ष, 09 | पृष्ठ 12 | अंक 305 | रांची, मंगलवार, 07 मई 2024 | मूल्य 3 रुपये | RNI No.- JHAHIN/ 2014/59794 | ujjwalduniyapress@ gmail.com




## आज का दिन

देश-दुनिया के इतिहास में 07 मई की तारीख तमाम अहम वजह से दर्ज है। यह तारीख नोबेल विजेता रबीन्द्रनाथ टैगोर के लिए जितनी खास है, उतनी ही भारत और बांग्लादेश के लिए भी। 1861 में जन्मे रबीन्द्र नाथ टैगोर को 1913 में नोबेल मिला था। भारत के लिए ये ऐतिहासिक साल था। पहली बार किसी भारतीय शख्स को नोबेल पुरस्कार मिला था।

# मंत्री आलमगीर के निजी सचिव के नौकर के यहां मिले 25 करोड़

### ईडी का निष्कर्ष आने के बाद ही कुछ कहा जा सकता है: आलमगीर

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम सोमवार को राज्य की राजधानी रांची के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी कर रही है। छापेमारी में राज्य सरकार के मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के यहां से अब तक 25 करोड़ रुपये मिले हैं। अभी नोटों की गिनती चल रही है। बैंकों के अधिकारी बरामद रुपये की गिनती कर रहे हैं। इस कार्य में कई मशीनें लगी हैं। कुल 12 बक्सों में नोटों के बंडल को अरगोड़ा स्थित पंजाब नेशनल बैंक के चेस्ट में ले जाया गया है। इसके अलावा ईडी की छापेमारी में पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के फ्लैट से पांच करोड़ रुपये बरामद हुए हैं। मुन्ना सिंह मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के करीबी बताए जाते हैं। जानकारी के अनुसार जहांगीर आलम ने ईडी की पूछताछ में बताया है कि यह रुपये मंत्री के निजी सचिव संजीव लाल के हैं। बताया जा रहा है कि ईडी की यह छापेमारी गिरफ्तार हुए इंजीनियर वीरेंद्र राम के मामले में हुई है। ईडी ने झारखंड ग्रामीण विकास विभाग के मुख्य अभियंता वीरेंद्र राम को फरवरी, 2023 में कुछ योजनाओं के क्रियान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था।

### इन स्थानों पर हुई छापेमारी

- मेन रोड के पीपी कंपाउंड स्थित तेजस्विनी अपार्टमेंट में बिल्डर मुन्ना सिंह के घर।
- गाड़ीखाना चौक स्थित संजीव लाल के नौकर जहांगीर आलम के सैयद रेजीडेंसी स्थित घर।
- दीनदयाल नगर स्थित आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के घर।
- सेल सिटी स्थित पथ निर्माण विभाग के इंजीनियर विकास कुमार के घर।
- बाड़ेया रोड स्थित चिरौंदी में इंजीनियर कुलदीप मिंज के घर।
- आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल के कांके रोड स्थित घर।






## चाचा के श्राद्ध में शामिल हुए पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

### परिजनों ने पूछा हाल



**रामगढ़ ।** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के बड़े भाई राजाराम सोरेन के श्राद्ध कार्यक्रम में कोर्ट की इजाजत के बाद पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल से निकलकर सोमवार को सीधे अपने पैतृक गांव रामगढ़ जिले के नेमरा पहुंचे। इस दौरान उन्होंने लोगों का हाल-चाल पूछा और उससे ज्यादा उनके परिजनों ने उनका हाल पूछा। कुशल छेम का दौर काफी लंबा चला। परिवार के सदस्यों और ग्रामीण भाई बंधुओं के साथ मिलकर उन्होंने दुख इस घड़ी में सभी को सांत्वना दी । इस दौरान मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री बन्ना गुप्ता, सत्यानंद भोक्ता और पार्टी के कई दिग्गज नेता भी वहां पहुंचे।

## रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने किया नामांकन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**रांची।** रांची लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल किया। जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष यशस्विनी ने नामांकन दाखिल किया। इस दौरान यशस्विनी सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय, राज्यसभा सांसद महुआ माजी सहित अन्य मौजूद थे। नामांकन कर बाहर निकालने के बाद कांग्रेस उम्मीदवार यशस्विनी सहाय ने कहा कि उन्हें जनता का प्यार और समर्थन मिलेगा। चार सेट में नामांकन पत्र दाखिल करने की जानकारी देते हुए उन्होंने कहा कि मौजूदा भाजपा सांसद संजय सेठ को महंगाई, बेरोजगारी सहित अन्य विषयों पर जनता को जवाब देना होगा। इस दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने कहा कि उनकी बेटी आज से नए जीवन की शुरूआत कर रही है। उनकी बेटी सोशल एक्टिविस्ट रही है, लेकिन लोकतांत्रिक व्यवस्था में पहली बार चुनाव मैदान में उतरी है । जनता उसे आशीर्वाद देगी। वह पेशे से अधिवक्ता है। झामुमो की राज्यसभा सांसद महुआ माजी ने कहा कि पूरे राज्य में इंडी गठबंधन की लहर है। सभी 14 सीटों पर गठबंधन की जीत होगी।







PR NO. 324485 (Health Med Edu And Family Welfare)23-24 D

## लू एवं गर्म हवाओं से बचाव

**गर्म हवाओं के कारण स्वास्थ्य पर मौसम का दुष्प्रभाव :**

- शरीर में पानी की कमी
- उल्टी, तेज बुखार
- कमजोरी, सिर दर्द, चक्कर आना
- हृदयाघात, मस्तिष्कघात
- कार्डियोवैस्कुलर जटिलता आदि लक्षण

### ओ.आर.एस घोल बनाने की विधि एवं उपयोग

- साफ बर्तन में एक लीटर पानी (साधारण ग्लास से पाँच ग्लास) में ओ.आर.एस. का एक पूरा पैकेट घोल दें
- तैयार किए गए ओ.आर.एस. के घोल को कुछ-कुछ अंतराल पर चम्मच से देते रहें
- बनाए गए ओ.आर.एस. घोल को 24 घंटे के बाद उपयोग न करें



### इनका नियमित सेवन करें :-

नमक-चीनी का घोल
छाछ
नींबू-पानी
आम का शर्बत
लस्सी
तरबूज
खरबूजा
खीरा
ककड़ी

**ओ.आर.एस. का पैकेट निकटतम सरकारी अस्पताल/ स्वास्थ्य उपकेन्द्र/ सहिया के पास निःशुल्क उपलब्ध है**

- गर्मी में हीट स्ट्रोक से बचाव के लिए ज्यादा पानी पीएं।
- घर से बाहर निकलें, तो खुद को कवर करके ही निकलें।
- लू लगे व्यक्ति को छाँव में लिटा दें, अगर उनके शरीर के कपड़े तंग हों तो उसे ढीला कर दें अथवा हटा दें।
- ठंडे गीले कपड़े से शरीर पोछें या ठंडे पानी से नहलाएं।
- लू लगे व्यक्ति की हालत में एक घंटे तक सुधार न हो, तो उसे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में ले जाएं।

तेज धूप और लू का शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है|सावधानियाँ हीं बचाव|

- हल्के रंग के ढीले ढाले सूती कपड़े पहनें
- धूप का चश्मा इस्तेमाल करें
- सम्भव हो,तो तौलिया/गमछा रखें
- जूते/चप्पल पहनें



स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग
झारखण्ड सरकार

स्वस्थ झारखण्ड सुखी झारखण्ड

स्वास्थ्य संबंधी किसी भी जानकारी\ शिकायत हेतु 24/7 निःशुल्क राज्य हेल्पलाईन नंबर 104 (टॉल फ्री) पर कॉल करें

National Program on Climate Change and Human Health (NPCCHH)

## राशन दुकान में छापामारी कर बासल पुलिस ने जब्त की शराब व बियर की दर्जनों बोतलें, किया केस दर्ज

**भुरकुंडा (रामगढ)**।एसडीपीओ पतरातू डॉ. बीरेंद्र कुमार राम के नेतृत्व में बासल पुलिस ने थाना क्षेत्र के रसदा स्थित रमेश साव के राशन दुकान में छापामारी कर दर्जनों शराब व बियर की बोतल बरामद की है। मामले की जानकारी देते हुए पतरातू एसडीपीओ डॉ. बीरेंद्र कुमार राम व बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि रसदा में रमेश साव के दुकान में अवैध रूप से शराब की बिक्री की जा रही है। इसके बाद टीम बनाकर रमेश साव की दुकान में छापामारी की गई। उनके दुकान से दर्जनों बियर व शराब की बोतल जब्त की गई। इसमें ब्लॉकबस्टर केन बियर 23 पीस, स्टर्लिंग रिजर्व अंग्रेजी शराब 10 पीस, इंपिरियल ब्लू अंग्रेजी शराब 8 पीस, गॉडफादर बियर 4 पीस, किंगफिशर बियर 2 पीस बरामद किया गया है।

# मतदाता जागरूकता के तहत वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन आज

### पुलिस लाइन रामगढ़ से होगी शुरुआत, सुभाष चौक पर होगा मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का आयोजन




**रामगढ**। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के तहत 14 लोकसभा क्षेत्र हजारीबाग (रामगढ़) के लिए मतदान की तिथि 20 मई 2024 निर्धारित है। इसी क्रम में लोकसभा आम निर्वाचन के तहत रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर मंगलवार को रामगढ़ शहर में (वॉक फॉर डेमोक्रेसी का आयोजन किया जाएगा।इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त के नेतृत्व में मंगलवार की सुबह 6 बजे पुलिस लाइन रामगढ़ सेका आयोजन किया जाएगा जिसमें जिला स्तरीय वरीय अधिकारियों, अधिकारियों, कर्मियों सहित बड़ी संख्या में जिलेवासी उपस्थित होंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त ने सभी जिले वासियों से आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के सफल आयोजन एवं इस दौरान प्रत्येक मतदाता द्वारा अपने मताधिकार का प्रयोग सुनिश्चित करने को लेकर सभी जिलेवासियों से में भाग लेने अपील की है। पुलिस लाइन रामगढ़ से शुरू होकर रामगढ़ शहर अंतर्गत सुभाष चौक पर समाप्त होगा। वहीं शुभाष चौक पर मतदाता जागरूकता शपथ ग्रहण कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।गौरतलब है कि मतदाता जागरूकता को लेकर 7 मई 2024 को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ श्री चंदन कुमार के निर्देश पर रामगढ़ शहर अंतर्गत थाना चौक से प्रातः 6 बजे से का आयोजन किया जाएगा जिसके उपरांत इस बार पहली बार वोट करने वाले मतदाताओं के साथ जिला समाहरणालय परिसर में पूर्वाह्न 11 बजे से ÷कॉफी विद डीसी÷ कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। युवा मतदाताओं को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन रामगढ़ द्वारा 7 मई 2024 को ही पूर्वाहन सा? ग्यारह बजे से युवा मतदाताओं को मतदाता आईकॉन शालिनी दुबे से मिलने का अवसर प्राप्त होगा।

## आगामी लोकसभा चुनाव कों लेकर नगर ने वार्ड अध्यक्ष एवं 62 वार्ड के बूथ अध्यक्ष के साथ की बैठक




**रामगढ**। कांग्रेस कमिटी रामगढ़ नगर के द्वारा लोकसभा चुनाव को लेकर वार्ड अध्यक्ष एवं 62 बूथ के बीएलए एवं वरिष्ठ कांग्रेस जनों की एक बैठक नगर अध्यक्ष बलराम साहू की अध्यक्षता में आयोजित की गई ।इस बैठक में मुख्य अतिथि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के संयोजक अशोक चौधरी उपस्थित थे। बैठक में बूथ स्तर पर कांग्रेस पार्टी के पांच न्याय और 25 गारंटी को हर एक घर तक पहुंचाने का संकल्प लिया गया।मुख्य अतिथि ने कार्यकर्ताओं को संक्षिप्त प्रशिक्षण के माध्यम से यह बताया कि चुनाव के बचे हुए 15 दिनों में हर दिन क्या काम करना है।नरेंद्र मोदी सरकार की विफलताओं को जनता को बताना है।जनता से जुड़ी हुई बुनियादी मुद्दे महंगाई, बेरोजगारी, सामाजिक सुरक्षा,झारखंड से जुड़ी हुई समस्या, आदिवासियों से जुड़ी हुई समस्या, जैसे सरना धर्म कोर्ड, स्थानीयता का मुद्दा,ओबीसी आरक्षण का मुद्दा।कांग्रेस पार्टी ने जो महिलाओं को एक लाख रुपए हर घर में सालाना देने का वादा किया है, यह महिलाओं को बताना होगा।हर युवा को ग्रेजुएट होने के बाद पहली नौकरी की गारंटी जो एक लाख रुपए देने का वादा किया है या बतलाना है।किसानों का संपूर्ण ऋण माफी और एम एस पी पूर्ण रूप से लागू करने का हमारा वादा किसानों तक पहुंचना है।मनरेगा मजदूरों की मजदूरी 400 प्रतिदिन करने का जो वादा है या मजदूर वर्ग तक पहुंचना है।सरकारी दफ्तरों में सभी तरह के अनुबंध को खत्म करके उसे नियमित करना है।सेना में अग्नि वीर के स्कीम को बंद करके पहले की तरह पूर्णकालिक सेना में बहाली होगी। सरकारी कर्मचारियों की पुरानी पेंशन नीति लागू की जाएगी। ऐसी तमाम गारंटी जनता को बतलाने हैं।इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कार्यकारी अध्यक्ष शहजादा अनवर ,जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान, पूर्व विधायक ममता देवी ,प्रदेश प्रवक्ता शांतनु मिश्रा ,पूर्व प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेसी ब्रजकिशोर गांधी ,बजरंग महतो,संजीव खंडेलवाल ,जयकुमार अग्रवाल ,संजय कुमार, भीम साहू तारीख अनवर, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष मंजू जोशी ,एनएसयूआई जिला अध्यक्ष संकेत सुमन, आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष गगन करमाली, किसान कांग्रेस के अध्यक्ष महेश यादव, पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव, आसिफ इकबाल, अनिल मुंडा ,अनिल नायक ,समसुद खान,।

## नहीं होने देंगे एक भी बाल विवाह,मंदिर के पुजारियों से अग्रगति ने की सहयोग की अपील

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**




**रजरप्पा।** छिन्नमस्तिके मंदिर परिसर रजरप्पा में एवं अन्य मंदिरों में बाल विवाह रोकने के लिए चौकसी बढाने के लिए अर्थात बाल विवाह नहीं करने को लेकर रामगढ के विभिन्न मंदिरों में सदस्य तैनात किए गए है।अग्रगति के परियोजना पदाधिकारी किरण शंकर दत्त ने बताया कि कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन,यूएस एवं अग्रगति के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत जिले के विभिन्न प्रखंड के प्रसिद्ध मंदिरों में होने वाले बाल विवाह रोकथाम हेतु जिले के सभी मंदिरों में बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के तहत विशेष कार्य किया जाएगा। यह विशेष कार्य अक्षय तृतीया तक रखा जायेगा।जिसके तहत विभिन्न मंदिरों में बाल विवाह पर रोक लगाया जाएगा एवं उन्हें बाल विवाह नहीं करने का निर्देश दिया जायेगा।ताकि इस जिले में कहीं भी बाल विवाह नहीं हो सके।प्रसिद्ध माँ छिन्मस्तिका मंदिर रजरप्पा में अनिता देवी,देवंती देवी,गौतम शर्मा,फैजान अख्तर,भुवनेश्वर महतो को तैनात किया गया है। वहीं टूटी झरना मंदिर एवं आस पास के अन्य मंदिरों में नागेश्वर कुमार गोला के मंदिरों में रीता देवी ,भगीरथ महतो उर्फ प्रवीण ,बरलंगा के मंदिरों में निशा देवी दुलमी के मंदिरों में कविता एवं फूलवंती ,पतरातू के मंदिरों में गुड्डू एवं जितेंद नियमित रूप से निगरानी में रहेंगे। बताया गया कि जिला के कई प्रखंडों में बाल विवाह होने की खबर मिलते ही कई बाल विवाह को रुकवाया गया तथा समझा बूझकर बताया गया कि जब तक लडकी की उम्र 18 वर्ष ना हो जाए या लडके का उम्र 21 वर्ष ना हो जाए तब तक उनकी शादी ना करें, नहीं तो उनके लिए दंड का भी प्रावधान किया गया है। अपील किया गया है कि अगर कहीं बाल विवाह होते हुए कोई भी समाज के विद्वान, समाजसेवी, शिक्षक या अन्य लोग देखें या सुने तो कृपया 112, 1098 ,अग्रगति कार्यालय या हमारे सदस्यों को सूचना दे सकते हैं। ताकि जिला को बाल विवाह मुक्त किया जा सके।इसमें समाज के प्रत्येक व्यक्ति के सहयोग के बिना यह संभव नहीं हो सकता है।

## पति ने पत्नी की हत्या कर, शव को जलने का किया प्रयास

### हत्यारे पति को गिरफतार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर भेजा गया गुमला जेल।

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**



**गुमला** – गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर थाना स्थित करचा नदी के समक्ष से एक महिला की अधजली शव बरामद किया हैं, बताया जाता हैं की बिशुनपुर थाना क्षेत्र निवासी राजू यादव की शादी , लातेहार जिला अंतर्गत कबरी कोटाम ग्राम निवासी 32 वर्षीय सीमा देवी ने साथ, हिन्दू रीति रिवाज के साथ 2007 में हुई और गत एक मई 2024 को राजू यादव ने अपने गांव में घुम घुमकर यह बात फैला रहा था की मेरी पत्नी सीमा देवी शौच के लिए करचा नदी के तरफ गई हुई थी , फिर वापस घर नहीं लौटी हैं, वह एकाएक गायब हो गई हैं, जब उक्त सूचना बिशुनपुर थाना पुलिस को मिली तो , बिशुनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, उक्त घटनास्थल पर पहुंचकर कचरा नदी के चारों तरफ़ मुआयना किया तो बिशुनपुर थाना पुलिस को एक स्थान पर सीमा देवी का अधजली स्थिति में शव बरामद किया गया, उक्त शव मिलते ही बिशुनपुर थाना पुलिस ने सर्वप्रथम राजू यादव को गिरफतार कर अपने साथ बिशुनपुर थाना ले गई और अपने पुलिसिया अंदाज में राजू यादव से पूछताछ शुरू की तो वह तोते की तरह अपने द्वारा किए गए अपने सभी अपराध को स्वीकार करते हुए अपनी पत्नी सीमा देवी की हत्या कर , तेल छिड़ककर उसके शव को आग लगाकर जलने का प्रयास किया ताकि साक्ष्य को छुपाया जा सके और उसकी पहचान ना हो सके बिशुनपुर पुलिस के समक्ष राजू यादव ने स्वीकार किया हैं ,

बाद में बिशुनपुर थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुयें, उक्त शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल स्थित पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया गया जहां पोस्टमार्टम के बाद उक्त शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया हैं, मृतक सीमा देवी के परिजनों द्वारा इस संबंध में लातेहार जिला अंतर्गत गारू थाना में राजू यादव के खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई हैं , पुलिस उक्त मामले को काफी गंभीरता और गहराई से छानबीन और पुछताछ शुरू कर दी गई हैं।..

## निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता कर सकेंगे मतदान

**गुमला**– भारत निर्वाचन आयोग से प्राप्त निर्देश एवं कंडक्ट ऑफ इलेक्शन रूल 18 में निहित प्रावधानुसार निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाताओं को डाक मत पत्र द्वारा मतदान की सुविधा प्राप्त है। जिसके तहत लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के क्रम में डाक मतदान की प्रक्रिया संपन्न कराने के निमित मतदान सुविधा केंद्र एवं डाक मतदान केंद्र के माध्यम से अब्सेंटी वोटर्स एवं इलेक्शन ड्यूटी में संलग्न मतदाताओं को मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

जिसके तहत जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। दिनांक 03 मई से 12 मई 2024 तक प्रातः 09 बजे से 05 बजे तक वैसे विभिन्न मतदाता जो निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न रहेंगे एवं मतदान के तिथि के दिन मतदान केंद्र में जाकर मतदान करने में असमर्थ रहेंगे जैसे मतदाताओं द्वारा पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान किया जाएगा।

महिला महाविद्यालय पुग्गू, गुमला में अधिस्ठापित सुविधा केंद्र में पोस्टल बैलेट के माध्यम से निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न कर्मियों के द्वारा मतदान किया गया, एवं आज 6 मई को उक्त स्थान पर मतदन की प्रक्रिया संपन्न हुई। वहीं 07 मई से 9 मई 2024 तक दिए गए निर्धारित समय में पुलिस लाइन चंदालि में सुविधा केंद्र में एवं 10 से 12 मई तक वाहन कोषांग, गुमला में स्थित सुविधा केंद्र में जाकर निर्वाचन कार्य में संलग्न कर्मियों के द्वारा मतदान किया जाएगा।

## चुनावी प्रशिक्षण में अनुपस्थित 50 से अधिक मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों के विरुद्ध निकाले गए स्पष्टीकरण


### असंतोषजनक जवाब के मिलने पर सेवा से बर्खास्त करने की भी कार्रवाई प्रारंभ

**उज्ज्वल दुनिया संवाददाता**

**गुमला**– लोसकभा आम चुनाव 2024 के निमित लगातार मतदान पदाधिकारियों एवं कर्मियों का विधानसभावार एवं पार्टीवार प्रशिक्षण कराया जा रहा है। ऐसा देखा जा रहा है कि उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में कई मतदान पदाधिकारी/ कर्मियों की अनुपस्थिति रही है जिसे देखते हुए जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी एवं कार्मिक कोषांग के वरीय पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महतो द्वारा कड़ी नाराजगी व्यक्त की गई एवं सभी अनुपस्थित मतदान पदाधिकारियों / कर्मियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण निकाला गया है।

उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो ने जानकारी देते हुए बताया कि पिछले कई दिनों से लोकसभा चुनाव के निमित मतदान पदाधिकारियों / कर्मियों के लिए जिले के अधिकारियों के द्वारा लोकसभा वार एवं पार्टी वार प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, एवं उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम में लगातार कई मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों की अनुपस्थिति देखने को मिल रही है, चुनाव कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही तथा उदासीनता बिलकुल भी बर्दाश्त योग्य नहीं है। उन्होंने कहा कि वैसे कर्मी जो चुनावी कार्य में लापरवाही दिखा रहें है एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं, अब तक लगभग 50 से अधिक मतदान पदाधिकारियों/ कर्मियों के विरुद्ध स्पष्टीकरण निकाली जा चुकी है। उन्होंने कहा कि उक्त स्पष्टीकरण के विरुद्ध जिनके द्वारा 24 घंटे के अंतराल में संतोषजनक जवाब प्राप्त नहीं हुए हैं वैसे पदाधिकारियों एवं कर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है इस दौरान उक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों का सेवा बर्खास्त भी किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि वैसे कर्मी जो चुनावी कार्य में लापरवाही दिखा रहें है एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल नहीं हुए हैं के विरुद्ध स्पष्टीकरण जारी किए गए हैं उप विकास आयुक्त ने कहा कि चुनाव के कार्य में किसी भी पदाधिकारियों एवं कर्मियों की लापरवाही निंदनीय है, चुनाव के कार्य को सभी पदाधिकारी एवं कर्मी निष्ठापूर्वक एवं ईमानदारी से करें इसकी अपेक्षा की जाती है अन्यथा उनपर कड़ी कारवाई भी की जा सकती है।

# इस बार दिन भर मतदान



**गुमला**– राज्य में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से राज्य चुनाव आयोग के निर्देश के आलोक में 7 मई 2024 को संध्या 6 बजे से 8 बजे तक स्वीप गतिविधि के तहत सोशल मीडिया पर हैश टैग अभियान का आयोजन किया जाएगा। गुमला जिले में इस अभियान के सफल आयोजन हेतु आज जिला स्वीप प्रभारी पदाधिकारी अलीना दास द्वारा जिला सूचना एवं विज्ञान पदाधिकारी शुशील कुमार एवं सीएससी मैनेजर रंजन नन्दा के सहयोग से विभिन्न प्रखंड / अंचल स्तरीय कंप्यूटर ऑपरेटर्स, छ्रस्क्क्र के तकनीकी कार्य में संलग्न कर्मियों एवं शिक्षा विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर्स एवं तकनीकी कर्मियों का गूगल मीट के माध्यम से एक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ज्ञात हो कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा आयोजित राज्य भर में संचालित इस अभियान के तहत जिले के सभी लोग इस सोशल मीडिया अभियान में जुड़ सकते हैं। अभियान के तहत जिले के सभी विद्यालयों और कॉलेजेस के विद्यार्थियों , इंटरनेट इनफ्लुएंसर्स, जिले में सेलिब्रिटी समेत सभी लोगों इस कार्यक्रम में भाग ले सकते हैं। सभी लोग चुनाव से जुड़े फोटो अथवा वीडियो को ट्विटर, फेसबुक, इंस्टाग्राम ,यूट्यूब पर शेयर करते हुए दिए गए हैशटैग का उपयोग करते हुए पोस्ट कर राज्य चुनाव आयोग के इस अभियान में अपनी भागीदारी निभा सकते हैं। इसमें वोटर स्लिप के साथ सेल्फी , चुनावी गानों पर रील, कविता, पोस्टर, जिंगल, गाने, पोएम आदि जैसे कोई भी गतिविधि अथवा चुनाव आयोग द्वारा जारी किए गए पोस्टर/ वीडियो भी सोशल मीडिया पर दिए गए हैशटैग का उपयोग करते हुए पोस्ट कर सकते हैं। जिला प्रशासन की अपील है कि अधिक से अधिक लोग इस सोशल मीडिया के हैश टैग अभियान से जुड़े एवं चुनाव के इस महापर्व में अपनी भागीदारी निभाएं।

## एक-नजर

### सीएन कॉलेज मरार के समीप धड़ल्ले से हो रही है सरकारी भूमि की खरीद बिक्री,प्रतिबंध के बावजूद चालू है बालू का खेल

**रामगढ**। प्रशासन के नाक के नीचे रामगढ़ जिले के सीएन कॉलेज रोड स्थित गैरमजूरवा जमीन की खरीद बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। साथ हीं बालू माफिया भी सरकारी जमीन पर हाइवा से रात्रि में बालू गिरवाकर स्टॉक करते है। जिसकी कालाबाजारी दिन के उजाले में की जा रही है।उक्त शिकायत मानवाधिकार परिषद की प्रदेश अध्यक्षा सिंधु झा ने उपायुक्त को लिखित आवेदन देकर किया है।उन्होंने अपने आवेदन में कहा है कि मरार स्थित सीएन कॉलेज रोड पर उनका घर है, जिसके आसपास सैकड़ों डिसमिल सरकारी भूमि, जिसपर जमीन दलालों की नजर है। उन्होंने आधे से ज्यादा भूमि को अवैध तरीके से बेच भी दिया है। जिसकी शिकायत उन्होंने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी को साल भर पहले भी किया था। शिकायत करने के बाद साल भर से शांत बैठे जमीन दलाल फिर सक्रिय हुए है। साथ हीं अब उस क्षेत्र में बालू का अवैध स्टॉक प्वाइंट भी बनाया गया है। जहां रोज रात्रि पहर में हाइवा के आने जाने से स्थानीय निवासियों सहित खुद मुझे भी तकलीफ होती है।उन्होंने उपायुक्त से बालू माफिया और जमीन दलालों पर कड़ी कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। जो न सिर्फ सरकारी राजस्व और संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहें हैं, बल्कि जिनके कारण स्थानीय निवासियों को भी परेशानी झेलनी पढ रही है।

### 14 वर्ष से फरार अभियुक्त छोटेलाल मुंडा को बासल पुलिस ने दबोचा, भेजा जेल

**भुरकुंडा (रामगढ)**।लोकसभा चुनाव को देखते हुए अपराधकर्मियों एवं फरार वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापामारी अभियान चला रही है। रामगढ एसपी डॉ. बिमल कुमार को गुप्त सूचना मिली कि 14 वर्ष से फरार चल रहे बासल थाना क्षेत्र के जराद (केंदुडीपा) गांव निवासी छोटेलाल मुंडा 30 वर्ष, पिता लखन मुंडा अपने घर एवं आसपास के क्षेत्रों में चोरी-छिपे रह रहा है। इसके बाद एसपी ने बासल थाना प्रभारी कैलाश कुमार के नेतृत्व छापामारी टीम का गठन किया। टीम ने रविवार को छोटेलाल मुंडा को नया टोला बलकुदरा से गिरफ्तार कर लिया। कैलाश कुमार ने बताया कि छोटेलाल मुंडा के विरूद्ध माननीय न्यायालय से कुर्की अधिपत्र भी निर्गत किया गया है। छोटेलाल मुंडा को बासल पुलिस ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया। छापेमारी टीम में थाना प्रभारी कैलाश कुमार सहित पुअनि जॉनी कुमार सशस्त्र दल-बल के साथ शामिल थें।..

### भाजपा ,कांग्रेस,झामुमो, झारखंडी जनता के विकास की राशि को लूटकर झारखंड को चारागाह बनाने का किया है काम

**रामगढ**। भाजपा ,कांग्रेस , झामुमो ने झारखंडी जनता के विकास की राशि को दोनों हाथों से लूटने का कार्य कर झारखंड को चारागाह बनाने का अब तक काम किया है।उपरोक्त बातें आज संपूर्ण भारत क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव प्रभारी झारखंड, छत्तीसगढ़ विजय शंकर नायक ने झारखंड के रांची में श्वष्ठ द्वारा कई ठिकानों पर छापेमारी कर ग्रामीण विकास मंत्री आलमगीर आलम के निजी सचिव संजीव लाल के नौकर के घर ईडी ने भारी नकदी 30 करोड़ रुपये के कैश की बरामदगी किये जाने पर अपनी प्रतिक्रिया में उक्त बातें कहीं।इन्होंने यह भी कहा कि राज्य निर्माण के बाद इन 24 वर्षों में झारखंड में जितने भी सत्ता रूढ़ पार्टी, शासक वर्ग के रूप में जो भाजपा , झामुमो-कांग्रेस रही है सभी ने झारखंड की जनता के विकास की राशि को दोनों हाथों से लूटने का काम किया और झारखंड की जनता को बुनियादी एवं आधारभूत संरचनाओं से कोशों दुर रखने का काम किया जिसके कारण ही आज झारखंड में झारखंडी समाज का विकास एवं उनके बुनियादी समस्याओं का समाधान 24 वर्षो मे भी नहीं हो सका है ।आज जहां सड़क के अभाव में चारपाई पर लेटा कर मरीज और रोगी को 10 किलोमीटर ले जाना पड़ता हो , जहां हमारी मां बहनों को सड़क में ही बच्चे को जन्म देना पड़ता हो , जहां बच्ची भूख से भात भात बात करके मर जाती हो , जहां पलायन जोरों पर है, मानव तस्करी चरम में हो, जहां पौष्टिक भोजन के अभाव मे झारखंडी महिला 70त्न एनीमिया रोग से पीड़ित हो जाए, जहां बच्चे अंडरवेट जन्म हो वैसे राज्य के मंत्री और नौकरशाह लोग झारखंड को दोनों हाथों से लूटने का काम कर झारखंड को चारगाह और लुटखंड बनाने का काम किया है। श्री नायक ने साफ शब्दों में कहा कि आज झारखंड को भ्रष्ट नेता एवं भारतीय प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तथा झारखंड प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी झारखंड को लूट कर खोखला करने का काम कर रहे हैं और चारागाह बनाकर झारखंड को लूट खंड में तब्दील किए हुए बहुत शर्म का विषय और आक्रोश का विषय है की झारखंड में सिर्फ लूट मची हुई है ।श्री नायक ने आगे कहा की झारखंड में सिर्फ कमीशन खोरी और दलाली की राजनीति की जा रही है सत्ता दलाल एवं मंत्री और वरीय नौकरशाहों का एक ऐसा गठजोड़ झारखंड में बना हुआ है, जो तीनों मिलकर इस झारखंड की आत्मा की संसाधनो को गिद्ध की तरह नोचने का काम कर रहे है। अभी भी झारखंडी समाज को समझना चाहिए कि उनका भला भारतीय जनता पार्टी, कांग्रेस, झामुमो के लोग कदापि नहीं कर सकते हैं। इसलिए इस बार का चुनाव बहुत ही महत्वपूर्ण चुनाव है,इस चुनाव में झारखंड की जनता को एक इतिहास बनाने की आवश्यकता है और ऐसी पार्टियों का संपूर्ण रूप से बहिष्कार करने की आज समय की मांग है।..

### 75 वर्षों से सड़क की समस्या से जूझ रहे जिलिंगसिरा के ग्रामीणों वोट बहिष्कार का लिया निर्णय

**गुमला**–जिलिंगसिरा गांव में सोमवार को दिन के 1–30 बजे ग्रामीणों ने बैठक कर रोड नहीं तो वोट नहीं को लेकर वोट बहिष्कार का निर्णय लिया। बैठक के उपरांत ग्रामीणों ने घाघरा बिशनपुर मुख्य पथ स्थित जिलिंगसीरा गांव घुसने वाले वाले रास्ते में बैनर लगाकर किसी भी राजनितिक दल के नेता के गांव घुसने पर प्रतिबंध लगाया है।वही बैनर में यह भी लिखा हुआ है की वे सभी सरकार के खिलाफ नहीं है।लेकिन 70 साल में अभी तक गांव का सड़क नहीं बना इसलिए हम लोग वोट का बहिष्कार कर रहे है।वही ग्रामीणों ने एक स्वर में वोट बहिष्कार का नारा लगाया ।और कहां की लगातार सिर्फ हम लोगों से वोट लिया जाता है। बावजूद अब तक उक्त गांव में सड़क का निर्माण नहीं कराया गया। अब तक न तो सांसद, विधायक और ना ही जिला प्रशासन ने ध्यान दिया। जिसके कारण हम सभी रोड से वंचित हैं ।खासकर अधिक परेशानियों का सामना तब करना पड़ता है।जब जब लोग बीमार होते हैं। महिला के डिलीवरी के समय व अन्य कई परेशानियों का सामना रोड नहीं होने के कारण करना पड़ता है। उक्त गांव में कोई वाहन तक जाना नहीं चाहता।यहां तक कि एंबुलेंस भी उक्त गांव में नहीं जाता।जिससे काफी परेशानी होती है। वही ग्रामीणों ने यह भी कहा कि अब ऐसे में हम सभी वोट क्यों दें। जब कोई भी हमारे दुख दर्द को सुनने वाला नहीं है।इसी कारण हम सभी ग्रामीण बैठक कर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।और वोट बहिष्कार का निर्णय लिए है।लगातार कई वर्षो से हमारी मांगे लंबित पड़ी हुई है। इस पर किसी भी तरह की कोई पहल विधायक सांसद द्वारा नहीं की गई। जिससे सभी छुब्ध है।लोगों में काफी आक्रोश भी है। इस मौके पर उपस्थित ग्रामीणों में सोमा उरांव,वासुदेव उरांव,अमित उरांव लालसू उरांव,अरविंद उरांव, परमा उराईन, रीता उराईन,शीला उराइन,शांति उराईन, गंगी उराईन,फगनी उराईन सहित सैकड़ो ग्रामीण शामिल थे।...

### स्वीप गतिविधि के तहत जिला स्तरीय एक शाम लोकतंत्र के नाम, कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**गुमला**– आज सोमवार को जिले में स्वीप गतिवधि के तहत मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने के उद्देश्य से शहरी क्षेत्र के मतदाताओं के लिए एक शाम लोकतंत्र के नाम कार्यक्रम का आयोजन किया गया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के निर्देश के आलोक में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी के द्वारा नगर भवन गुमला में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप विकास आयुक्त गुमला दिलेश्वर महत्तो, जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला शिक्षा अधीक्षक नूर आलम खान ।

# संविधान कि रक्षा के लिए इंडिया गठबंधन को समर्थन: धर्मगुरु बंधन तिग्गा

**मांडर:** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर ऐतिहासिक जतरा खूंटा शक्ति स्थल के परिसर मुड़मा मांडर में महापंचायत का आयोजन किया गया जिसमें लोहरदगा लोकसभा के सभी प्रखंडों से लगभग 500 सामाजिक चिंतकों और आदिवासी संगठनों के प्रतिनिधि एवं सामाजिक अगुवागण भाग लिए महापंचायत कि अध्यक्षता राजी पाड़हा? सरना प्रार्थना सभा भारत के राष्ट्रीय अध्यक्ष-सह-सरना धर्मगुरू श्री बंधन तिग्गा ने किया एवं संचालन सीताराम भगत ने कि।

बैठक में केन्द्र में पिछले 10 वर्षों से काबिज भारतीय जनता पार्टी, वर्तमान प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एनडीए गठबंधन और आरएसएस समर्थित सरकार के कामकाज की समीक्षा की गई, विचारोंपरान्त यह पाया गया कि विगत 10 वर्षों से बीजेपी सरकार आदिवासियों के साथ शोषण, दमन, उत्पीड़न, जुल्म, अत्याचार और उपेक्षित ही किया है। वक्ताओं ने कहा कि एनडीए सरकार अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम को कमजोर किया, भूमि अधिग्रहण कानून को कमजोर किया, वन अधिकार अधिनियम में बदलाव लाया जिससे देश के आदिवासी प्रभावित हुए और होंगे, मणिपुर में आदिवासी महिलाओं के साथ अमानवीय घटना हुई, मध्य प्रदेश में आदिवासी युवक के ऊपर पेशाब किया गया, हसदेव जंगल को उजाड़ा, लद्दाख में पर्यावरण से छेड़छाड़ का प्रयास, आदिवासी को वनवासी बोलना, आदिवासियों के धार्मिक पहचान वाली मांग सरना धर्म कोड को खारिज किया गया, आदिवासी को हिंदू घोषित करना, सरना को सनातन से जोड़ना, राम मंदिर निर्माण को लेकर सरना स्थल की मिट्टी का दुरुपयोग किया गया, देश में नफरत फैलाना, बीजेपी व आरएसएस द्वारा आरक्षण खत्म करने का विचार, संविधान बदलने की बात करना, मनुस्मृति संविधान लागू करने की मंशा रखना, वर्ण व्यवस्था में उलझाए रखना, आदिवासियों को शुद्र की श्रेणी में रखना, भारत सरकार के जनगणना प्रपत्र में अन्य कॉलम को हटा देना, भारत सरकार के पदों में बहाली रोक देना, नौकरी देने में असफल रहना, आदिवासियों की धार्मिक सरना स्थलों, ससनदीरी जमीन को लैंड बैंक भूमि में डालकर समाप्त करने की साजिश करना, सीएनटी एक्ट, एसपीटी एक्ट बचाओ महारैली के क्रम में रघुवर दास की सरकार द्वारा खूंटी में गोली चलवाना, राम जन्मभूमि का शिलान्यास एवं उद्घाटन और संसद भवन का शिलान्यास एवं उद्घाटन कार्यक्रम में देश की आदिवासी राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू जी को अलग



रखना, लोकतंत्र को ताक में रखकर देश के अन्य धर्म के साथ भेदभाव करना, आदिवासियों के विशेषाधिकार को समाप्त करने के उद्देश्य से यूसीसी जैसे कानून लागू? करना, आदिवासियों की पांचवी एवं छठी अनुसूची का अनुपालन नहीं करना, वर्तमान लोहरदगा सांसद सुदर्शन भगत 15 साल तक सांसद रहे, समीर उरांव 6 साल तक राज्यसभा सांसद रहे। इन लोगों ने आदिवासी समाज के लिए कुछ नहीं किया। समीर उरांव जी का कहना है कि देश के बड़े संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक का मैं एक सच्चा सेवक हूँ। जबकि आदिवासी समाज को आदिवासी सेवक की जरूरत है। बीजेपी, विपक्ष मुक्त भारत की परिकल्पना रखती है, जो लोकतंत्र के लिए खतरा है।

चमरा लिंडा 15 साल तक बिशनपुर के विधायक रहे। उन्होंने आदिवासियों को सिर्फ ठगने का ही काम किया। संविधान और देश बचाने के लिए पूरे देश के राजनीतिक पार्टियों ने इंडिया गठबंधन बनाया, इससे कमजोर करने के लिए चमरा लिंडा निर्दलीय खड़ा हो गए। 15 साल में विधानसभा में आवाज नहीं उठाये, लोकसभा में क्या करेंगे।

राहुल गांधी जी के बयान की भी समीक्षा की गई। उन्होंने आदिवासियों को भारत का मूल मालिक बताया, सरना धर्म कोड देने की बात कही, आदिवासी हित व संरक्षण के लिए भूमि अधिग्रहण कानून बनाने व वन अधिकार कानून बनाने, आदिवासियों को हिफाजत करने की बात कही है। आज की बैठक में वक्ताओं द्वारा रखे गए सभी विषयों पर समीक्षा की गई।

अतः संविधान को बचाने, लोकतंत्र की रक्षा करने, आरक्षण को बचाने, आदिवासियों के संरक्षण हो, ऐसे विचारों को ध्यान में रखते हुए लोहरदगा लोकसभा के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी श्री सुखदेव भगत जी (हाथ छाप) को समर्थन करने की घोषणा सर्वसम्मति से किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से निम्न लिखित वक्ताओं ने अपने-अपने विचार रखें- सुशील उरांव- केंद्रीय अध्यक्ष, आदिवासी छात्र संघ, एलएम उरांव- प्रवक्ता पाड़हा समिति भारत, संजीव भगत- जिला दीवान लोहरदगा, जगन्नाथ उरांव समाज चिंतक गुमला, जनार्दन टाना भगत अध्यक्ष टाना भगत कमेटी विशुनपुर, फौदा उरांव राजी बेल भारत , राणा प्रताप उरांव सेवानिवृत अधिकारी, दिनेश उरांव सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी, भौआ उरांव दीवान 24 पाड़हा समिति बेड़ो, जुगेस उरांव अध्यक्ष बेड़ो जतरा समिति, रवि तिग्गा प्रदेश अध्यक्ष राजी पाड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत, महात्मा उरांव समाजसेवी बिशनपुर, बुद्धिमान उरांव समाजसेवी विशुनपुर, विजय उरांव समाजसेवी विशुनपुर, नंदलाल टाना भगत समाजसेवी विशुनपुर, चिंतामणि उरांव राष्ट्रीय सरना धर्म प्राचारिका गुमला, कैप्टन लोहरा उरांव कोटवार राजी पड़हा भारत सिसई, फौदा उरांव दीवान राजी पड़हा सरना प्रार्थना सभा भारत, जयराम उरांव समाजसेवी रायडीह, महेन्द्र उरांव प्रवक्ता राजी पड़हा गुमला, मेघु उरांव समाजसेवी सह सेवानिवृत रेलवे अधिकारी, प्रो जलेश्वर भगत रांची, प्रभाकर कुजूर समाजसेवी, नीरल आईंद कामडारा सहित अनेक समाजसेवियों ने अपने-अपने विचार रखा।

# रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

**रांची,** । रांची संसदीय क्षेत्र से कुल 33 उम्मीदवारों ने नामांकन किये हैं। नामांकन दाखिल करने के अंतिम दिन सोमवार को 16 उम्मीदवारों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल किये। इनमें कांग्रेस से यशस्विनी सहाय, निर्दलीय से प्रवीण चन्द्र महतो, जय महाभारत पार्टी से सोमा सिंह, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) से रंजना गिरि, निर्दलीय से कोलेश्वर महतो, बहुजन मुक्ति पार्टी से विनोद उरांव, निर्दलीय से संतोष कुमार जयसवाल, झारखंड जनक्रांति मोर्चा से अमरेंद्र कुमार, निर्दलीय से ऐनुल अंसारी, निर्दलीय से संदीप उरांव, भागीदारी



पार्टी (पी) से श्याम बिहारी प्रजापति, निर्दलीय से संजय कुमार महतो, समता पार्टी से हेमंती देवी, निर्दलीय से प्रेमनाथ बड़ाई, निर्दलीय से मंजू देवी, स्वराज एकता पार्टी से सुशील कुमार शामिल हैं। इन सभी उम्मीदवारों की ओर से जिला निवार्ची पदाधिकारी सह उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा के समक्ष नामांकन किया गया। इससे पहले नामांकन करने वालों में मिंटू पासवान, रामहरि गोप ,अरशद अयूब, पंकज कुमार रवि, संजय सेठ, हरिनाथ साहू, अंजनी पांडे, धनंजय भगत, मनोरंजन भट्टाचार्य, मनोज कुमार, बिरेंद्र नाथ मांझी, धर्मेंद्र तिवारी, निपु सिंह, देवेंद्र नाथ महतो, प्रवीण कच्छप, कामेश्वर प्रसाद साव शामिल है।

**सात मई को स्क्रूटनी, 09 मई तक उम्मीदवार वापस ले सकेंगे नाम**

उपायुक्त ने बताया कि रांची संसदीय क्षेत्र के लिए उम्मीदवारों की ओर से दाखिल किये नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी सात मई को होगी। उम्मीदवार 09 मई तक नामांकन वापस ले सकेंगे। इसके साथ ही योग्य उम्मीदवारों की फाइनल सूची जारी कर दी जाएगी, 25 मई को मतदान होगा और चार जून को पंडरा बाजार समिति प्रांगण में मतगणना होगी।

## भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूचन में मजदूर दिवस मनाया गया

**मांडर।** प्रखंड स्थित भारती ग्रुप ऑफ इंस्टीच्यूचन में कार्यरत सभी श्रमिको को महाविद्यालय परिवार की ओर से महाविद्यालय के सचिव नितिन पराशर तथा दीपाली पराशर के द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। दीपाली पराशर ने कहा कि श्रमिक ही अर्थ व्यवस्था की रीढ़ है। इसके बिना विकास की बात नहीं कर सकते। महाविद्यालय के डीन उपेन्द्र उपराप्याय ने कहा कि मजदूर दिवस एक विशेष अवसर है जब दुनिया भर में लोग मजदूर वर्ग की सच्ची भावना और मजदूर आन्दोलन को मनाते है।

# राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है: बसंत कुमार लोंगा

**खूंटी,।** खूंटी से लोकसभा के स्वतंत्र प्रत्याशी और झामुमो के पूर्व विधायक बसंत कुमार लोंगा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन सोमवार को पिताय पाहन और प्रत्याशी द्वारा संयुक्त रूप से तोरपा के हिल चौक में किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम में उपस्थित ग्रामीणों का आह्वान करते हुए प्रत्याशी बसंत कुमार लोंगा ने कहा कि राजनीतिक गठबंधन कभी भी जनता के हित के लिए नहीं होता है, सिर्फ सत्ता प्राप्ति के लिए किया जाता है और इस सत्ता संघर्ष में हम आदिवासियों एवं मूलवासियों का मुद्दा गौण हो जाता है। लोंगा ने कहा कि मैं झारखंडी सवालों को बल देने को लेकर इस आम चुनाव में खड़ा



हुआ हूं।

खूंटी लोकसभा क्षेत्र की जनता को तय करना है कि झारखंडी सवाल निर्णायक होना चाहिए या सत्ता संघर्ष का हिस्सा बनना है। कार्यक्रम में मसीह गुड़िया, जुरसन गुड़िया, जीवन हेमरोम, सरोज टोपना, डेविड टोपनो, पेमजीत भेंगरा झारखण्ड उलगुलान संघ के संयोजक अलेस्टेयर बोदरा, रतन सिंह मुंडा, मंगल देमता, नागई पाहन, मुण्डा उरांव, सुकरात होरो, आनन्दिनी होरो, हेलना बारला, ज्योति तिड़ू,मरियम तिड़ू, पुष्पा तिड़ू एवं ज्योति पूर्ती आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे। झामुमो जो निष्कासित निष्कासित की बात पर उन्होंने कहा कि वह तो पहले ही पार्टी छोड़ चुके हैं, तभी तो नामांकन किया।

## संविधान और सीएनटी एक्ट बचाने के लिए है यह चुनाव: कालीचरण मुंडा

**खूंटी,** । जनजातियो के लिए सुरक्षित खूंटी संसदीय सीट से इंडी गठबंधन के प्रत्याशी कालीचरण मुंडा ने सोमवार को तोरपा विधानसभा क्षेत्र के कई गांवों में छोटी-छोटी सभाओं और बैठकों के माध्यम से जनसंपर्क कर कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने की अपील की। विभिन्न बैठकों में कालीचरण मुंडा ने कहा कि यह चुनाव संविधान बचाने और सीएनटी को बचाने के लिए है। उन्होंने तोरपा प्रखंड के सुंदारी, दियाकेल, कोरकोटोली, उकड़ीमाड़ी, टांटी, कसमार, भुसूर, कसमार, गोविंदपुर आदि क्षेत्रों में जनसंपर्क कर मतदाताओं से सहयोग, आशीर्वाद और समर्थन मांगा। उन्होंने कहा कि नेता नहीं, बल्कि बेटा बनकर क्षेत्र की सेवा करने के लिए आपके बीच आया हूं। खूंटी लोकसभा क्षेत्र का चहुंमुखी विकास करना ही मेरी प्राथमिकता है। आप लोगों से मिल रहे अपार स्नेह और आशीर्वाद से मुझे हौसला मिल रहा है। इसके लिए मै आपका आभारी हू।उन्होंने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार हर मोर्चे पर विफल हो चुकी है। इसलिए देश की संपत्तियों को बेचा जा रहा है। आज अगर लोग जागरूक नहीं हुए तो कल पूरे देश को इससे भारी नुकसान उठाना पड़ेगा। भाजपा केवल नफरत की सियासत करती है, उसे देश के विकास से कोई मतलब नहीं है। हमारा देश नफरत से नहीं बल्कि मुहब्बत से आगे बढेगा। भाजपा की उल्टी गिनती प्रारम्भ हो गयी है। इस लोकसभा चुनाव में भाजपा गठबंधन 150 का आंकड़ा भी पार नहीं कर पायेगी।

# मुख्य सचिव के पत्र पर हो एफआईआर, मामले की सीबीआई जांच कराएं चम्पाई सोरेन : बाबूलाल मरांडी

**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि इंडी गठबंधन की रैली में हेमंत सोरेन को ऐसे पेश किया गया कि भ्रष्टाचार से उनका दूर-दूर तक कोई नाता नहीं है। हेमंत सोरेन हों या राज्य सरकार सभी भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। सोरेन यह बार-बार कहते हैं कि आदिवासी होने के कारण उन्हें फंसाया जा रहा है। परेशान किया जा रहा है।

बाबूलाल मरांडी ने सोमवार को प्रदेश कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्य सचिव ने ग्रामीण विकास सचिव को पत्र लिखा था। वह सारे पत्र नोटों के बंडल के साथ मिले हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री चम्पाई सोरेन उसे पत्र के आधार पर तुरंत एफआईआर कराएं। पूरे मामले की जांच सीबीआई से कराएं। इसकी अनुशंसा करें। ऐसा न हो कि उनका बुढ़ापा भी जेल में कटे।मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने अपने कार्यकाल में आदिवासियों के मान-सम्मान को पूरी तरह से धूमिल करने का काम किया। आदिवासियों की पहचान है कि वे सहज और सरल होते हैं। गड़बड़ी से कहीं भी उनका कोई नाता नहीं होता है लेकिन पिछले चार वर्षों में सत्ता में रहकर हेमंत सोरेन ने छल कपट किया है। प्राकृतिक संसाधन या खनिज संपदा को लुटवाया है। खुद लूट में शामिल रहे हैं और उनके संरक्षण में बिचौलिया, दलाल और भ्रष्ट अफसर ने मिलकर लुटा है। कोयला, लोहा, बालू यहां तक की सेवा की जमीन को भी उन लोगों ने नहीं छोड़ा। आदिवासियों की जमीन का भी फर्जी कागजात बनाकर लूटा।मरांडी ने कहा कि कांग्रेस के राज्यसभा सदस्य के यहां से 350 सौ करोड़ नोटों का पहाड़ पकड़ा गया था। उसको भी दुनिया ने देखा। यहां से मिले नोटों की गिनती एक दिन में समाप्त नहीं हुई, कई दिनों तक चली। आदमी तो आदमी मशीन तक थक गए। ठीक से जांच होने पर पैसे में वर्तमान या पूर्व मुख्यमंत्री की संलिप्तता भी नजर आएगी। झारखंड में भ्रष्ट अफसर, दलाल, बिचौला के ठिकानों पर भी 20 करोड़ रुपये नकदी मिले थे। आज भी आलमगीर आलम के पीएस के नौकर के यहां करोड़ों रुपये मिले हैं। इंडी गठबंधन के नेता राहुल गांधी को यह बताना चाहिए कि यह पैसा किसका है।मरांडी ने कहा कि नौकर के घर में पैसों का इतना जखीरा मिला है, तो उनके सहायक, उनके सचिव या फिर मंत्री, सरकार से जुड़े दलाल-बिचौलियों के घर भी यदि छापेमारी हो जाए तो पता नहीं कितने करोड़ रुपये मिलेंगे। इसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती है। इंडी गठबंधन के लोग पूरी तरह हताश और निराश हैं। वे पैसे के बल पर चुनाव जीतना चाह रहे हैं। झारखंड सरकार भ्रष्टाचार में पूरी तरह लिप्त है। पूर्व मुख्यमंत्री का अपने नाम से खनिज पट्टा लेना, पत्नी के नाम से औद्योगिक क्षेत्र में जमीन लेना, पाकुड़ जिला में भाई के नाम से खनन का पट्टा लेना, प्रेस सलाहकार के नाम से खनन का पट्टा लेना, परिवार के नाम पर खनन का पट्टा लेना, यह सब सबके सामने है।

## लोकसभा आम निर्वाचन-2024
## पोस्टल बैलेट कोषांग गुमला
(Email id —postalballotcellgumla@gmail.com)

### आदेश

लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 28 A में निहित प्रावाधानानुसार तथा भारत निर्वाचन आयोग पत्रांक 52/2023/SDR/VOL-4 दिनांक 31.10.2023 से प्राप्त निदेश के आलोक में लोकसभा निर्वाचन 2024 के क्रम में मतदान की प्रक्रिया सम्पन्न कराने हेतु प्रतिनियुक्ति मतदान कर्मी यथा मतदान दल के कर्मी, माईक्रो ऑवजरबर, सेक्टर दण्डाधिकारी, विडीयो ग्राफर पुलिस कर्मी आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता, वाहन चालक आदि के लिये पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कर्मी की सुविधा उपलब्ध कराया जाना है। तद् हेतु सुविधा केन्द्र Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर (PVC) का अधिष्ठापित है।

In pursuance of sub-section (1) and sub-section (3) of section 26 of the Representation of the people, 1963 (43 of 1951) here by appoint the officers specified in column 4, 5,6 & 7 of the table below Attestating Officer, poling officer-1, poling officer-2, poling officer-3, respectively for the specified in Team no 1 to 9 for assembly constituency 67-sisai, (ST) 68-Gumla, (ST), 69-Bishunpur, (ST) forming part of parliamentary constituency 12-Lohardaga(ST)

**Facilitation Centre%** & महिला महाविद्यालय पुग्गू गुमला में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र – दिनांक 06.05.2024 से 07.05.2024 पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | मतदाता का प्रकार | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | पुलिस कर्मी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | Voters on election Duty/zonal/sector/Static magistrate/micro observer/ कोषांग में कार्यरत पदाधिकारी एवं कर्मी | कमरा नम्बर 1 | मो0 अनीस कार्यपालक दण्डाधिकारी, गुमला। | श्री अमन कुमार केषरी, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्रीमती ललिता मिंज, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , भरनो। | श्री संतोष प्रजापति, सहायक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 2 | | कमरा नम्बर 2 | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी , गुमला। | श्री राहुल उरांव, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुंमला। | श्री दिनेश्वर भगत, प्रधान लिपिक जिला पंचायती राज कार्यालय , गुमला। | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । | 1 | 2 |
| 3 | | कमरा नम्बर 3 | श्री खाखा सुषील कुमार, कार्यपालक दण्डाधिकारी, चैनपुर । | श्री अनिल उरांव, लिपिक, जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्रीमती मेझरेन पन्ना , प्रधान लिपिक , अंचल कार्यालय , भरनो। | श्री ललित किड़ो , लिपिक, जिला आपूर्ति कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 4 | | क्मरा नम्बर 4 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय ,सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

पुलिस लाईन, चन्दाली में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र :–दिनांक–08.05.2024 से 09.05.2024 पूर्वाह्न 9:00 बजे से अपराह्न 5:00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | मतदाता का प्रकार | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 5 | On Election Duty पुलिस पदाधिकारी /होम गार्ड/पुलिस कर्मी/अन्य पुलिस कर्मी | कमरा नम्बर 1 | मो0 अनीस कार्यपालक दण्डाधिकारी , गुमला। | श्री अमन कुमार केषरी, लिपिक जिला स्थापना शाखा, गुमला। | मो0 गुलाम सादिक, लिपिक, जिला स्थापना, शाखा गुमला। | श्री संतोष प्रजापति, सहायक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |
| 6 | | कमरा नम्बर 2 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय , सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

पोस्टल वोटिंग सेन्टर – **(PVC)**
समाहरणालय, गुमला भवन सं0–01, स्थित कमरा नम्बर–10
दिनांक–07.05.2024 से 08.05.2024 पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 7 | अनिवार्य सेवा के अनुपस्थित मतदाता | सभी लोकसभा क्षेत्र कमरा नम्बर 10 | श्री पुनीत मिंज, श्रम अधीक्षक, गुमला। | श्री बासुदेव उरांव , लिपिक , जिला स्थापना शाखा, गुमला। | श्री अनुरंजन मिंज, लिपिक , अंचल कार्यालय, कामडारा। | श्री अजय कुमार बेसरा, लिपिक ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

वाहन कोषांग में अधिष्ठापित सुविधा केन्द्र– दिनांक–10.05.2024 से 11.05.2024 पूर्वाह्न 9.00 बजे से अपराह्न 5.00 बजे तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 8 | (गैर सरकारी मतदाता) On Election Duty ड्राईबर, कण्डक्टर | लोकसभा क्षेत्र 12–लोहरदगा कमरा नम्बर 1 | श्री रमण कुमार, जिला योजना पदाधिकारी | श्री नारायण सिंह, लिपिक , अंचल कार्यालय , सिसई। | श्री संत कवि भगत, प्रधान लिपिक , प्रखण्ड कार्यालय , विषुनपुर। | श्री सुभाष भगत, लिपिक, ITDA कार्यालय, गुमला। | 1 | 2 |

अतिरिक्त सुविधा केन्द्र –
पोलिटेक्निक कॉलेज, चन्दाली , गुमला दिनांक–12.05.2024 समय पूर्वाह्न 6.00 बजे से मतदान कर्मी के प्रस्थान तक।

| क्र0 सं0 | निर्वाचक का प्रकार | विधानसभावार कक्ष | सत्यापन पदाधिकारी | Poll Officer 1 | Poll Officer 2 | Poll Officer 3 | Videographer | Police Team |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 9 | शेष मतदाता जो निर्वाचन कर्तव्य में संलग्न है। | सभी लोकसभा क्षेत्र कमरा नम्बर 01 | श्री श्रीराम वारी, जिला नियोजन पदाधिकारी, गुमला | श्री मुनिन्द्र चीक बड़ाइक, प्रधान लिपिक, जिला आपुर्ति कार्यालय । | श्री अनुप बघेरा , लिपिक,अंचल कार्यालय सिसई। | श्री निरंजन कुमार सहायक षिक्षक, चाहा । | 1 | 2 |

मतदान टीम के सभी सदस्य भारत निर्वाचन आयोग के मार्गदर्शन के अनुरूप डाक मतदान कार्य सम्पन्न कराना सुनिश्चित करेगें। Facilitation Centre एवं पोस्टल वोटिंग सेन्टर प्रकिया के पूर्ण प्रभार में श्री शेखर कुमार, भूमि सुधार उप सामाहर्त्ता बसिया सहायक निर्वाची पदाधिकारी (पोस्टल बैलेट) का दायित्व निर्वाहन करेगें।

सहायक निर्वाची पदाधिकारी ( पोस्टल बैलेट ) का दायित्व :–

निर्दिष्ट सहायक निर्वाची पदाधिकारी (Postal Ballot) का दायित्व होगा कि मतपेटी में डाले गए पोस्टल बैलेट से संबंधित लिफाफा को लोकसभा क्षेत्रवार छटनी कर अलग–अलग कपड़े के थैले में जिसपर स्पष्ट रू॰ से Facilitation Centre का नाम, लोकसभा क्षेत्र का नाम , मतदान की तिथि , थैले में डाले गए कुल मतों की संख्या अंकित करते हुए सील करायेगें। उक्त सारी प्रकिया facilitation Centre पर उपस्थित अभियर्थी/उनके अभिकर्त्ता (Agent) के समक्ष की जायेगी एवं सील थैले पर उनका भी हस्ताक्षर प्राप्त किया जायेगा। साथ ही एनेक्श्चर–6 में प्रतिवेदन तीन प्रति में तैयार कर एक प्रति Strong Room में तथा एक–एक प्रति क्रमशः वरीय पदाधिकारी, डाक मतपत्र कोषांग एवं जिला निर्वाचन पदाधिकारी–सह–उपायुक्त, गुमला को उपलब्ध करायेगें।

प्रथम मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. निर्वाची पदाधिकारी द्वारा प्रदान की गई निर्वाचन कर्त्तव्य पर मतदाताओं की सूची का प्रभारी रहेगें।
2. मतदाता के मतदाता पहचान पत्र या अन्य फोटो पहचान पत्र (आयोग द्वारा निर्धारित) के आधार पर मतदाता की पहचान के लिए जिम्मेवार होगें।
3. परिशिष्ट–5 के अनुसार एक पंजी में प्रत्येक मतदाता के हस्ताक्षर प्राप्त करना है।
4. मतदान समाप्त होने के बाद, पंजी को फॉर्म–17 ए में पंजी की तरह ही मुहरबंद किया जायेगा और नियम 93(1) में उल्लेखित अन्य वैधानिक कवर के साथ रखा जायेगा । उपरोक्त पंजी की प्रति उन अभ्यर्थियों को दी जा सकती है जो इसके लिए अनुरोध करते है।

द्वितीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. Postal Ballot मतदाता के बाएं हाथ की तर्जनी में अमिट स्याही लगाएंगें।

तृतीय मतदान अधिकारी का कर्त्तव्य :–

1. निर्वाचन कर्त्तव्य पर तैनात मतदाताओं को डाक मतपत्र जारी करेंगे और यह सुनिश्चित करेगें कि मतपत्र की क्रम संख्या फॉर्म–13 बी और फॉर्म 13 ए पर अंकित करना है।
2. फॉर्म 13 सी को मतदाता को सौंपते समय उस पर मतदाता का हस्ताक्षर करावाना है।

सत्यापन पदाधिकारी के दायित्व :– गुप्त मतदान कक्ष में डाक मत पत्र में अपता वोट डालने के बाद कर्मचारी स्वंय डाकमतपत्र को फॉर्म 13–बी ( कवर ए ) में डाला जायेगा।

1. प्रतिनियुक्त सत्यापन पदाधिकारी सुविधा केन्द्र के इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए Postal Ballot के प्रपत्र 13 A पर प्राप्त घोषणा का सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी होगें।
2. मतपत्र का क्रम संख्या घोषणा मे दिये गये स्थान पर भरा हुआ है, यह उसकी उपस्थिति में निर्वाचक द्वारा हस्ताक्षरित है, उसका पता विधिवत उल्लेखित सही है। सत्यापन पर सही पाये जाने पर सत्यापन अधिकारी अपना पूर्ण हस्ताक्षर करेगें, पदनाम हाथ से लिखा जायेगा या कार्यालय का पता दर्शाने वाला मुहर लगायेगें। तत् पश्चात सीलिंग process कराकर सीलबंद सेट को सुविधा केन्द्र में रखे मतपेटी में डालने की कार्रवाई करायेगें।
सभी प्रतिनियुक्त पदाधिकारी और कर्मी भारत निर्वाचन आयोग क दिशा निर्देश का अक्षरशःअनुपालन करना सुनिश्चित करेगें।

आदेश ज्ञापांक 66 दिनांक 24.04.2024 के आलोक में सुविधा केन्द्र संचालित किया गया। **Voters on election Duty** एवं आवश्यक सेवा के अनुपस्थित मतदाता के डाक मत पत्र द्वारा मतदान को सुनिश्चित कराने एवं डाक मतदान प्रक्रिया के अधिकतम आच्छादम के उद्देश्य से पूर्व निर्गत आदेश को इस हद तक संशोधित किया जाता है।

वरीय नोडल पदाधिकारी
डाक मत–पत्र कोषांग–
सह–परियोजना निदेशक
आई0टी0डी0ए0, गुमला।

जिला निर्वाची पदाधिकारी
12–लोहरदगा (ST)–सह–उपायुक्त
गुमला

**PR.NO.324476 Election(24-25):D**

## संक्षिप्त खबरें

### आग लगने से जला ट्रांसफार्मर, फायर ब्रिगेड ने बुझाई आग



**बरही।** बरही थाना क्षेत्र अंतर्गत केवाल में समाजसेवी सह सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राजसिंह चौहान के फैक्ट्री के आसपास अचानक आग लग गई। आग की सूचना मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड को इसकी सूचना दी गई। इस संबंध में राजसिंह चौहान ने बताया कि रविवार लगभग 11:30 बजे उनके केवाल स्थित फैक्ट्री के बगल में आग लग गई, जिससे आसपास की झाड़ियों में आग तेजी से फैल गई। उन्होंने बताया कि आग लगने की वजह से ट्रांसफार्मर में भी आग लग गई। बताया की आग लगने की वजह से ट्रांसफार्मर समेत लगभग 250 पीस आम का पौधा एवं अरहर फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। इस घटना से उन्हें लाखो रुपए का नुकसान पहुंचा है। वही फैक्ट्री को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। आग लगने की कोई वजह अब तक सामने नहीं आ पाई है।

### सड़क हादसे में पत्रकार के पिता की मौत, मां घायल

**बरकट्ठा।** बगोदर थाना के सीमा पर स्थित तारा पंजाब होटल के समीप जीटी रोड पर हुई सड़क हादसे में पत्रकार साहेब सोरेन के पिता रामेश्वर मांझी घंघरी निवासी की मौत अज्ञात वाहन के चपेट में आने से घटना स्थल पर हो गई। वहीं मां सबिता देवी घायल हो गई। सुचना मिलते ही घटना स्थल पर गोरहर और बगोदर पुलिस पहुंच कर बगोदर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। वहीं घायल महिला का इलाज अस्पताल में किया गया। प्राप्त जानकारी के मुताबिक मृतक अपनी पत्नी के साथ घंघरी से अटका स्थित महुआटांड जा रहे थे। इसी क्रम में अज्ञात वाहन ने अपने चपेट में ले लिया और रामेश्वर मांझी की घटना स्थल ही मौत हो गई। वहीं इस घटना के बाद प्रेस क्लब बरकट्ठा प्रखण्ड ईकाई के पत्रकारों ने गहरा दूख व्यक्त करते हुए अपने साथी पत्रकार साहेब सोरेन को ढांढस बंधाया।

### मध्य विद्यालय बड़वार के चहारदिवारी कार्यों में लगाए जाने वाले सामग्री में भारी अनियमितता



**दारू ।** प्रखंड अंतर्गत ईरगा पंचायत में स्थित मध्य विद्यालय बड़वार के चारदिवारी कार्यों में लग रहें सामग्री में भारी अनियमितता बरती जाने का आरोप ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि लगातर लगा रहें है फिर भी कार्य लगातार जारी है ग्रामीणों का कहना है अंचल द्वारा किया गया सीमांकन पर बाउंड्री नहीं हो रहा है पूर्व दक्षिण की दिशा में काफी सरकारी जमीन को छोड़ दिया गया है साथ ही चारदीवारी कार्य में घटिया किस्म का ईट, मिट्टी युक्त बालू और अलग-अलग कंपनी का रॉड का उपयोग किया जा रहा है ग्रेट बीम में कहीं चार कहीं पांच रॉड लगाया जा रहा है चहारदीवारी में पानी भी ठीक से नहीं दिया जा रहा है,जब इसका हम लोग विरोध करते हैं तो संवेदक द्वारा सरकारी काम में बाधा एवम् लेवी मांगने का आरोप लगाकर थाने में आवेदन दे दिया जाता है। इस संदर्भ में मुखिया अनीता देवी ने कहा कि जब मैने सवेदक से स्टिमिट मांगा तो टाल मटौल कर दिया गया।

## गिरिडीह के इंडिया प्रत्याशी के नामांकन सभा में शामिल हुए जय प्रकाश भाई पटेल

# झारखण्ड के सभी लोकसभा सीट पर जीतेगी इण्डिया : जय प्रकाश भाई पटेल



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के इंडिया गठबंधन समर्थित कांग्रेस प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल सोमवार को गिरिडीह के इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो के नामांकन सभा में शामिल हुए. कार्यक्रम में मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन, मंत्री सत्यानन्द भोक्ता समेत इंडिया गठबंधन के कई कद्दावर नेता उपस्थित रहे. नामांकन रैली के दौरान कार्यकताओं एवं समर्थकों का जनसैलाब पड़ा. सभी गठबंधन के समर्थन में गगनचुम्बी नारे लगा रहे थे. खराब मौसम की चेतावनी के बावजूद समर्थकों के सैलाब को देख मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन खुद को उनकी तारीफ करने से रोक नहीं पाए. जय प्रकाश भाई पटेल ने भी मंच पर संबोधन करते हुए उनके जज्बे को सलाम किया. उन्होंने कहा कि यह जनसैलाब आने वाले जनादेश को साक्षात कर रहा है. कहा, उनकी (कार्यकर्ता एवं समर्थक) बदौलत ही आज इंडिया अलायन्स दमनकारी सरकार से लड़ाई लड़ रही है. इसका फल हमें बहुत जल्द मिलने वाला है. झारखण्ड के सभी 14 सीटों पर इण्डिया अलायन्स भारी मतों से जितने वाली है. जनसभा के बाद श्री पटेल रामगढ़ के गोला प्रखंड पहुंच जनसंपर्क अभियान चलाया. जनसभा के दौरान मुख्यमंत्री चंपई सोरेन, मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बना गुप्ता, प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो, बेबी देवी, विधायक अनूप सिंह, संजू बेदेया, योगेंद्र महतो, मंत्री हफीजुल हसन, सुखदेव प्रसाद यादव आदि उपस्थित रहे.

## बड़कागांव के विस्थापितों के साथ न्याय हो इसलिए जेपी पटेल को जिताना है:अंबा प्रसाद

बड़कागांव। आगामी 9 मई दिन बृहस्पतिवार को लोकसभा महागठबंधन प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव प्रखंड क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान प्रस्तावित है। दिन बृहस्पतिवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर बड़कागांव में महागठबंधन के नेता एवं कार्यकताओं के साथ बैठक हुई। उक्त बैठक में मुख्य रूप से स्थानीय विधायक अंबा प्रसाद मौजूद रही। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सह 20 सूत्री उपाध्यक्ष विशेश्वर नाथ चौबे एवं संचालन मोहम्मद मजहर ने किया। उक्त बैठक में लोकसभा प्रत्याशी जयप्रकाश भाई पटेल को भारी मतों से विजयी बनाने एवं आगामी बृहस्पतिवार को होने वाले जनसंपर्क अभियान को लेकर तैयारी को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। विधायक अंबा प्रसाद ने संबोधित करते हुए कहा कि केरेडारी में महागठबंधन प्रत्याशी का अद्भुत समर्थन प्राप्त हुआ है। आगामी दिन बृहस्पतिवार को जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव प्रखंड में जनसंपर्क अभियान को सफल बनाने का कार्य सभी को मिलजुल कर करना है। विधायक ने कहा कि विस्थापितों के साथ न्याय हो उनको उचित हक अधिकार मिले एवं



कंपनियों के द्वारा शोषण बंद हो इसके लिए महागठबंधन के पक्ष में मतदान करें। अंबा प्रसाद ने कहा कि कंपनियां बड़कागांव के विस्थापितों के साथ शोषण कर रही है। इस गंभीर मुद्दे पर स्थानीय जनप्रतिनिधि आज तक मौन है। जयप्रकाश भाई पटेल की जीत ही बड़कागांव के विस्थापितों के साथ न्याय की शुरूआत करेगी। राज्य सरकार द्वारा ओबीसी वर्ग के आरक्षण सीमा बढ़ाए जाने के विधेयक को लागू नहीं होने देने पर पूरे राज्य का ओबीसी वर्ग आक्रोशित है। आगे विस्थापन के मुद्दे पर अंबा प्रसाद ने कहा कि पूर्व में हजारीबाग लोकसभा से जीतने वाले सांसद ने बड़कागांव के विस्थापितो के हित में नहीं सोचा, और विस्थापन के मामले पर चुप्पी बनाए रखी और विस्थापन के मामले पर राज्य सरकार व विधायक को दोषी ठहराने का कार्य किया गया जबकि सारी कंपनियां केन्द्र प्रायोजित है और सांसद की उदासीनता ही बड़कागांव के विस्थापन का दंश झेल रहे लोगों के जिम्मेदार हैं। वहीं प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे ने बताया कि 9 मई को सुबह 6:30 बजे बरवाडीह भोक्ता स्थान से जनसंपर्क अभियान की शुरूआत होगी उन्होंने महागठबंधन के सभी घटक दलों से जनसंपर्क अभियान में शामिल होने का आह्वान किया है। झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष संजय सिंह ने जयप्रकाश भाई पटेल के जनसंपर्क अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही है। मौके पर मुख्य रूप से मुखिया इलियास अंसारी,, बिगल चौधरी, संजय महतो, सुरेश महतो, तेली समाज के प्रखंड अध्यक्ष जगत नंदन प्रसाद गुप्ता, युवा प्रखंड अध्यक्ष आनंद मेहता, वरिष्ठ कांग्रेसी कुलेश्वर राम, चंदर साव, पदुम साव, पंचायत अध्यक्ष गिरधारी प्रजापति, बाबूलाल साव, अनिल राम, रघुवर राम सहित कई लोग मौजूद थे।

### 9 मई को जयप्रकाश भाई पटेल का बड़कागांव में चलेगा जनसंपर्क अभियान

बरही-बड़कागांव के सामान्य प्रेक्षक चंद्रमौली शुक्ला और रामगढ़, मांडू...

## हजारीबाग के नेल्ली कुमार सुब्रमण्यम पुलिस प्रेक्षक प्रतिनियुक्ति

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** लोकसभा आम निर्वाचन-2024 के अवसर पर भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली ने 14-हजारीबाग लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए सामन्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक की प्रतिनियुक्ति की गई है। जिसमें 21 बरही व 22 बड़कागांव के लिए सामान्य प्रेक्षक (ऋील्ली१ंह्ल डुरी१५ी१) चन्द्रमौली शुक्ला-आईएएस जिनका मोबाईल नं. 8987796320 है। तथा 23-रामगढ़, 24-माण्डू एवं 25-हजारीबाग के लिए नेल्ली कुमार सुब्रमन्यम, आईपीएस जिनका मोबाइल संख्या 8987796321 है। सभी सामान्य नागरिक एवं सभी राजनैतिक दल संबंधित विधानसभावार प्रतिनियुक्त सामान्य प्रेक्षक एवं पुलिस प्रेक्षक से अपनी शिकायतें एवं समस्या के निवारण हेतु व्यक्तिगत रूप से मिलकर या अंकित मोबाइल नं. पर सम्पर्क कर सकते हैं। सामान्य प्रेक्षक से मिलने का समय 5 बजे से 6 बजे अपराह्न तथा स्थान पर होगा।

## आलमगीर आलम को मंत्री पद से बर्खास्त कर कांग्रेस पार्टी से निलंबित करें: महेंद्र पाठक





- जनता की गाढी कमाई को दोनों हाथों से लूट रही है कांग्रेस, करोड़ो में बेचे गए झारखंड की लोकसभा सीटे
- बताएं कांग्रेस रुपए कहां से आए, कांग्रेस ने ही गठबंधन को कमजोर किया

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रदेश सचिव महेंद्र पाठक ने बयान जारी कर कहा कि कांग्रेस समर्थित सरकार झारखंड में लुट मचाई हुई है। आलमगीर आलम के के करीबी के पास करोड़ों करोड़ की बरामदगी जग जाहिर करता है कि किस तरह से झारखंड को गठबंधन की सरकार दोनों हाथों से लूटने में लगी है और यही कारण है कि झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन जेल की सलाखों में है। आलमगीर आलम की विभाग की पूरी तरह से जांच होनी चाहिए और आलमगीर आलम को अबीलंब गिरफ्तार कर जेल भेजा जाना चाहिए। आखिर इतना रुपए कहां से आए कांग्रेस जवाब दे। पाठक ने कहा कि लोकसभा चुनाव को प्रभावित करने के लिए रुपए रखे गए थे।लोकसभा के प्रत्याशी के चयन में बड़े पैमाने की खरीद बिक्री की गई है। यही कारण है कि सारे रुपए आज ईडी ने निकाल लिया,ऐसे मंत्री को बर्खास्त कर जेल भेजा जाना चाहिए। आलमगीर आलम के विभाग के इंजीनियर वीरेंद्र राम के घर पर भी अकूत संपत्ति मिला था यानी उनकी विभाग की पूरी संलिपिता और विभागीय लूट की सरगना संरक्षण आलमगीर आलम दे रहे थे।भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी मांग करती है कि आलमगीर आलम को बर्खास्त कर अबीलंब गिरफ्तार किया जाए। यह जानकारी अजय कुमार सिंह कार्यालय सचिव भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी झारखंड।

## लोकहित अधिकार पार्टी चला रहा है तूफानी जनसंपर्क अभियान, मिल रहा है लोगों का जन समर्थन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता


**बड़कागांव।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के लोकहित अधिकार पार्टी के प्रत्याशी कुंज बिहारी कुमार साहू रविवार को अपने कार्यकताओं एवं समर्थकों के साथ बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के नेतृत्व में केरेडारी प्रखंड के सलगा, पहरा, बेंगवरी, एवं अन्य दर्जनों गांवों मे धुआंधार जनसंपर्क अभियान चलाया। ग्रामीण क्षेत्रों में



जमीनी स्तर पर लोगों से डोर टू डोर संपर्क अभियान जारी रखते हुए लोकहित अधिकार पार्टी के प्राथमिकताओं को बताते हुए जीत की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। वहीं ग्रामीणों ने कुंज बिहारी कुमार साहू को एक अच्छे उम्मीदवार के रूप में स्थापित करते हुए तन मन धन से मदद करने के लिए तैयार हैं। कुंज बिहारी कुमार साहू ने कहा कि मैं एक किसान का बेटा हूं किसान मजदूर गरीबी क्या चीज होता है यह वे लोग क्या जाने जिसके जीवन में कभी किसी चीज की कमी हुआ हीं नहीं हो। हमसे बेहतर और दूसरा उम्मीदवार नहीं समझ सकता। गरीबी को करीबी से मैंने देखा है। और मैं प्रयास करूंगा कि हजारीबाग लोक सभा क्षेत्र को पूरे झारखंड में एक नंबर पर लाकर खड़ा कर दूंगा। बस एक बार आप लोग मौका दीजिए । मौके पर मुख्य रूप से बड़कागांव विधानसभा प्रभारी अर्जुन साहू, माथुर साव, आयुष कुमार, अशोक पांडेय, परमेश्वर प्रजापति, प्रकाश साहू सहित दर्जनों लोग शामिल थे।

## सिंघरावां स्थित मां संतोषी मंदिर में नौ दिवसीय शतचंडी मां दुर्गा पाठ शुरू

सच्चे मन से पूजा-अर्चना से पूरी होती है मनोकामना



चौपारण। प्रखंड के सिंघरावां और बच्छई पंचायत के सीमावर्ती गांव टिटही मां संतोषी मंदिर में नौ दिवसीय शतचंडी मां दुर्गा पाठ का आयोजन किया गया। मंदिर के पुजारी सह आचार्य झारखंडी पांडेय ने मां संतोषी की मूर्ति अक्षय तृतीया में अवतारित होने के बाद से लगातार 45 वर्षो से नौ दिवसीय शतचंडी मां दुर्गा पाठ व यज्ञ करते आ रहे है। ज्ञात हो कि 1979 के अक्षय तृतीया के अहले सुबह चरवाहे को चूहा द्वारा खोद कर निकाला गया। मिट्टी में मां संतोषी की मूर्ति दिखाई दिया। चरवाहे के हल्ला करने पर आसपास के ग्रामीण इकट्ठा होकर मां सन्तोषी की मूर्ति को बाहर निकाल भक्तिभाव से मंदिर बनाकर निरंतर पूजा अर्चना की जा रही है। मां की असीम कृपा के कारण भक्तों को बरबस यहां आते है और सच्चे मन से पूजा-अर्चना कर मनोकामना मांगते हैं। मंदिर निर्माण में अहम भूमिका निभाने वाले स्व. डॉ ए पी वर्मा, चय विश्वकर्मा समाज अध्यक्ष मिथिलेश्वर प्रसाद राणा, कोषाध्यक्ष भीखन राणा, भूमिदाता स्व. बाबूलाल चंद्रवंशी, बीरेंद्र कुमार राणा, मुखिया बीरेंद्र रजक, राजेन्द्र चंद्रवंशी, बीरेंद्र सिंह, विवेकानंद विवेक, रामलखन राणा, देवल यादव, सहदेव यादव, अमर कुमार सिन्हा सहित कई भक्तो का सहयोग रहा है। मंदिर प्रांगण में हर वर्ष दर्जनों जोड़ियों की शादी होती है। साथ ही मुंडन और नये-नये वाहन, पोकलेन मशीन सहित अन्य शुभ कार्य के लिए भक्त यहां आते रहते है। भक्तो ने बताया कि पिछले वर्ष महायज्ञ में होने वाला आय-ब्यय का हिसाब के लिए जल्द ही बैठक आहूत की जाएगी।

## ओबीसी कांग्रेस ने बड़कागांव में चलाया जनसंपर्क अभियान, बांटा कांग्रेस का गारंटी कार्ड

# सिर्फ राहुल गांधी की गारंटी चलेगी : विधायक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बड़कागांव।** बड़कागांव ओबीसी कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दर साव के अगुवाई में इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी जय प्रकाश भाई पटेल के पक्ष में जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों के बीच कांग्रेस का गारंटी कार्ड बांटा गया। इस अवसर पर मुख्य रुप से बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, ओबीसी जिला कांग्रेस के जिला अध्यक्ष दीपक कुमार गुप्ता, जिला महासचिव सुनिल साहू, प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वर नाथ चोबे आदि उपस्थित हुए।विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि इस बार देश में सिर्फ राहुल गांधी की गारंटी चलेगी। यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान बचाने और तानाशाह रोकने के लिए हैं। सभी का हक और अधिकार बची रहें।



जिलाध्यक्ष दीपक गुप्ता ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा की जनता अबकी बार परिवर्तन चाह रही है। खासकर ओबीसी वर्ग के मतदाताओं में भाजपा सरकार से काफी नाराज है। हमें जनता तक कांग्रेस गारंटी कार्ड और राहुल गांधी के विचार को पहुंचना हैं। इसके साथ ही प्रखंड अध्यक्ष को पंचायत अध्यक्ष के माध्यम से घर घर तक कांग्रेस की गारंटी कार्ड वितरण करने की जिम्मेवारी सौंपी गई। इस मौके पर पूर्व मुखिया विगल चौधरी, जगनंदन प्रसाद गुप्ता, सुरेश महतो, रमेश सिंह भोक्ता, दीपक करमाली, प्रेम लता, त्रिलोकी साव, पदुम साव, कुलेश्वर राम, निरंजन साव, राजेश साव, संतोष साव, धनु यादव, सुखदेव महतो, अनिल राम सहित कई लोग उपस्थित थे।

## बकसपुरा पंचायत में इंडी गठबंधन प्रत्याशी का ग्रामीण लगातार जताते रहे विरोध

**विष्णुगढ़।** लोकसभा चुनाव नजदीक आते ही चुनाव की सरगर्मी तेज हो गई है। कहीं पार्टी में अंतर कलह है, तो कहीं प्रत्याशी की कार्यशैली को लेकर ग्रामीणों में रोष। एक तरफ प्रत्याशी जीत के लिए अपने अपने वादों को जनता के बीच रख रहें हैं। तो वहीं प्रखंड अंतर्गत बकसपुरा में इंडी गठबंधन प्रत्याशी के विरुद्ध ग्रामीणों के बीच काफी रोष है। ग्रामीणों का कहना है की इंडी गठबंधन प्रत्याशी मांडू के विधायक होते हुए भी कभी पंचायत की तरफ रुख करते नजर नहीं आए नतीजन आज भी बकसपुरा पंचायत मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। यहां की खराब परिस्थितियों को आज तक कभी जानने का प्रयास नहीं किया। पंचायत के लोग पेयजल, शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, मजदूरों का पलायन, बिजली व्यवस्था जैसे कई समस्याओं से जूझ रहे हैं। जब जब चुनाव का दौर आता है तब बरसाती मेढ़क की तरह ही बस उसी दौरान चुनाव में ही नजर आते हैं। फिर से पुराने झूठे वादों के साथ जनता के बीच आने लगते हैं। इतनी बड़ी कोरोना लहर आई लोग दाने दाने को तरस रहे थे, प्रवासी मजदूर कई संकटों से गुजर कर घर आ



रहे थे कभी मदद तक करने की कोशिश नहीं की। जनता अब जाग गई अपने फायदे के लिए दल बदलने वाले नेता को इस लोकसभा चुनाव में स्पष्ट जवाब देगी। साथ ही इंडी प्रत्याशी के पंचायत में प्रवेश को लेकर सीधे सीधे विरोध जताया गया है। ग्रामीणों में भगीरथ महतो, सुरेश कुमार, विनोद साव, नवरत्न कुमार, जागेश्वर कुमार, बसंत सिंह , मुकेश कुमार, महेश महतो, कमल सिंह, मनोज कुमार, बहादुर महतो, नागेश्वर महतो, अजय कुमार, पिंटू पासवान समेत सैकड़ों मतदाता पूर्ण रूप से प्रत्याशी का बहिष्कार कर रहे हैं।

## श्री-श्री 1008 नौ दिवसीय शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ हर्षोउल्लास के साथ संपन्न



केरेडारी। केरेडारी के जोरदाग गांव में वैदिक श्री श्री 1008 नौ दिवसीय शिव शक्ति रुद्र महायज्ञ हर्षोउल्लास के साथ सम्पन्न हो गया! जिसमें वैदिक मंत्रों के साथ आचार्य यज्ञाचार्य पंडित सत्येंद्र कुमार पाण्डेय विजय कुमार पाण्डेय प्रकाश शास्त्री अमित शास्त्री बब्लु शास्त्री राजेश पाण्डेय ने गांव क्षेत्र में सुखी शांति धन -धान्य व ज्ञान की वृद्धि के लिए यज्ञ मंडप में मंत्र उच्चारण कर क्षेत्र का वातावरण भक्ति बनाए रखे ! यज्ञाचार्य सात्येन्द्र पांडेय एवं आचार्य पंडितों ने 33 कोटी करोड़ देवी- देवताओं को यज्ञकुण्ड में आहुति के साथ बतलाया कि हमारे हिन्दू सनातन धर्म में कहूँ कि पूजा का सबसे अच्छा मार्ग हवन और यज्ञ है, तो इसमें किसी को कोई शंका नही होगी! इस विधि से भगवान को सदियों पहले से ही हमारे ऋषि मुनि रिझाते हुए आये है! अग्नि ही यज्ञ का प्रधान देवता है! हवन में डाली गयी सामग्री प्रसाद सीधे हमारे आराध्य देवी देवताओ तक पवित्र अग्नि के माध्यम से जाता है! हवन का एक सबसे अच्छा लाभ यह है की इसके धुएं से वातावरण शुद्ध होता है! कुण्ड में अग्नि के माध्यम से भगवान के निकट पहुँचाने की प्रक्रिया को यज्ञ कहते हैं! हवि, हव्य अथवा हविष्य वह पदार्थ हैं जिनकी अग्नि में आहुति दे जाती है जो अग्नि में डाले जाते हैं स्वास्थ्य के नजरिये से यज्ञ की पवित्र अग्नि के धुएं से वातावरण के कीटाणु और हानिकारक जीव नष्ट होते है जिससे शुद्धिकरण होता है! हवन में हव्य जैसे फल, शहद, घी, काष्ठे मिलकर वायुमण्डल को स्वास्थ्यकर बनाते है! अत: यह वैज्ञानिक द्रष्टि से भी अत्यंत महत्व रखता है!

# 12 को पीएम मोदी आएंगे सिमरिया, चुनावी सभा को करेंगे संबोधित

# सिमरिया के कटिया मुरबे मैदान में होगी सभा

## 3 से 4 बजे के बीच दोपहर में होगा कार्यक्रम



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** प्रधानमंत्री मोदी 12 मई को सिमरिया आएंगे।सिमरिया में वे अपने पार्टी प्रत्याशी कालीचरण सिंह के समर्थन में चुनावी सभा करेंगे।चुनावी सभा के लिए स्थल का चयन हो गया है।काफी निरीक्षण के बाद कटिया मुरबे मैदान का चयन किया गया है।दरअसल सिमरिया में इस तरह का आयोजन के लिए इतना बड़ा मैदान नहीं था।इसलिए सिमरिया टंडवा मुख्य रोड के किनारे स्थित कटिया मुरबे मैदान का चयन किया गया है।सभा दोपहर 3 बजे से 4 बजे के बीच होगी। विधायक किशुन कुमार दास ने बताया कि इस सभा मे पीएम को सुनने लातेहार, चतरा और हजारीबाग से बड़ी संख्या में आम लोग और कार्यकर्ता आएंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी स्तर पर पीएम का सिमरिया में स्वागत की तैयारी चल रही है। पीएम का भव्य रूप से सिमरिया में स्वागत किया जाएगा।उन्होंने दावा किया कि चतरा लोकसभा सीट भाजपा बड़े अंतर से जीतेगी। भाजपा नेता अंबिका सिंह और रविन्द्र सिंह ने कहा कि सभी पार्टीजन क्षेत्र में घुम घुम कर लोगों को चुनावी सभा मे शामिल होने का न्योता दे रहे हैं।इधर सिमरिया विधायक भी सभी प्रखंडों में जाकर लोगों को इस सभा मे शामिल होने का आग्रह कर रहे हैं।

# हाथ का साथ छोड़ा खिलाएंगे कमल

उज्ज्वल दुनियां संवाददाता

**केरेडारी।** प्रखण्ड के बरियातू पंचायत में सैकड़ों लोगों ने विभिन्न राजनितिक दलों को छोड़कर भाजपा का दामन थामा व एनडीए प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया! भाजपा के मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साहू के नेतृत्व में सैकड़ों युवा व महिला पुरुष ने कांग्रेस छोड़कर भाजपा का दामन थामा! इस कार्यक्रम में सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार,एनडीए प्रत्याशी मनीष जासवाल के छोटे भाई निसिकांत जायसवाल भी मौजूद थे! भाजपा में शामिल हुए लोगों ने पीएम नरेंद्र मोदी और हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को भारी मतों से विजय बनाने का संकल्प लिया!

## कांग्रेस छोड़कर कई युवाओं महिलाओं ने भाजपा का दामन थामा



कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल होने वाले हरदयाल साहू, पंचायत समिति सदस्य जागेश्वर साहू, रामेश्वर साहू राजेश साहू,शंकर साहू,खुदूष मियां, खीरोया देवी, विनोद गोस्वामी, दुखू साव, पूर्व मुखिया रामेश्वर साहू, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि गौतम साहू,वार्ड सदस्य वीना देवी का नाम शामिल है! इन सबों ने एक साथ कहा कि भाजपा राष्ट्रीय हित और जनहित के आदर्शों पर कार्य करती है जिससे प्रेरित होकर हम सभी ने भाजपा का दामन थाम रहा हूं और आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल को जिताने में पूरी क्षमता झोंक दूंगा! इसके पूर्व गरी कलां मुखिया हितनारायण साव भी कांग्रेस का साथ छोड़ चुके हैं!

मौके पर केरेडारी मंडल अध्यक्ष कर्मचारी साव, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष शेर सिंह, उपाध्यक्ष सुनील कुमार ठाकुर, जिला कार्य समिति सदस्य महेंद्र सिंह, बड़कागांव सांसद प्रतिनिधि बालेश्वर कुमार, बद्रीनारायण सिंह, युवा मोर्चा जिला मंत्री अमित गुप्ता, युवा मोर्चा मंत्री पवन रजक, प्रीतम साहू, विकास कुमार साहू, मुखिया नीतू कुमारी, विनोद गोस्वामी, अनिल सिंह, सविता देवी, रेखा देवी, सोहन गोस्वामी सीताराम गोस्वामी पूर्व मुख्य रामेश्वर साहू सहित अन्य कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## संक्षिप्त खबरें

### कस्तूरबा आवासीय विद्यालय के छात्राओं द्वारा मतदाता जागरूकता



बड़कागांव। कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बड़कागांव के छात्राओं द्वारा वार्डेन लीलावती कुमारी के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता, मतदाता पेंटिंग एवं अभिभावकों के साथ सेल्फी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्राओं ने अपने-अपने अभिभावकों के साथ सेल्फी लेते हुए लोकसभा के चुनाव में मतदान करने का अपील की गई। इसके अलावा विद्यालय के आसपास के पड़ोसियों के साथ भी सेल्फी लेकर मतदान के लिए लोगों को प्रेरित किया गया।अभिभावक के साथ सेल्फी, अपने अभिभावक को आवेदन मतदान देने के लिए और 18 वर्ष पूर्ण होने और पहले मतदान देने की उत्सुकता प्रकट करना, विद्यालय में स्वीप वोट मतदान 100 प्रतिशत, बैज मेकिंग आदि गतिविधियां कराई गई। ज्ञात हो कि झारखंड शिक्षा परियोजना हजारीबाग के पत्रांक 443 दिनांक 4/ 5 /2024 को पत्र निर्गत कर लोकसभा निर्वाचन 2024 स्वीप के तहत जिले के सभी सरकारी, अर्ध सरकारी, निजी एवं आवासीय विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान चलने का निर्देशन दी गई है। इसी कार्यक्रम के तहत कस्तूरबा आवासीय विद्यालय बड़कागांव के छात्राओं द्वारा कार्यक्रम चलाया गया। इस अवसर पर वार्डेन लीलावती कुमारी, किरण कुमारी, संगीता कुमारी, विनीता कुमारी, रूबी कुमारी, चिंतामणि महतो, सीताराम महतो, प्रमोद कुमार कुशवाहा एवं अभिभावक गण उपस्थित थे।

### जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान



**विष्णुगढ़।** विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत सोमवार को एसवीईईपी के तहत लोकतंत्र को सुदृढ़ बनाने हेतु निर्वाचन प्रक्रिया में मतदाताओं की जागरूकता एवं नैतिक सहभागिता को विकसित करने के उद्देश्य से प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मोटरसाइकिल रैली निकाली गई। इस कार्यक्रम के तहत प्रखंड मुख्यालय से मोटरसाइकिल रैली निकाली गई जिसे अंचलाधिकारी विकास कुमार टुडू के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। रैली रवाना करने के दौरान प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी प्रभारी पियूष कुमार सिन्हा एवं प्रखंड पंचायती राज पदाधिकारी रामचंद्र दांगी भी उपस्थित रहे। रैली का आयोजन प्रखंड मुख्यालय से सात माइल चौक होते हुए बनासो चौक तक किया गया। रैली में प्रखंड के जन वितरण विक्रेता उमेश पांडे, महेंद्र राम, तपेश्वर रजक,भोला प्रसाद, चेतलाल महतो, गोवर्धन प्रसाद, सुरेश रजवार, हीरो राम, हीरालाल महतो, नंदकिशोर प्रसाद, जीवाधन यादव, सुरेंद्र प्रसाद, गोविंद पटेल, मुकेश कुमार केदार मंडल, महावीर महतो, हीरालाल महतो, दुर्गा महिला मंडल, प्रवीण कुमार, प्रदीप पांडेय, नंदकिशोर पांडेय, रवि कुमार पांडेय,,कैलाश महिला मंडल, उमेश सिंह, लालमन महतो, टेकलाल महतो सहित सैकड़ों डीलर शामिल थे।

## हजारीबाग लोकसभा के बीजेपी प्रत्याशी मनीष जायसवाल पिछले 65 दिनों से चला रहें हैं अपने पक्ष में जनसंपर्क अभियान

# पीएम पद के लिए हर किसी की चाहत हैं सिर्फ.नरेंद्र मोदी : मनीष जायसवाल



- क्षेत्र के करीब 500 पंचायतों के 1200 से अधिक गांवों तक बनाई पंहुच, पहले एनडीए कार्यकताओं से किया परिचयात्मक बैठक, फिर गांव- गांव पहुंचकर जनता से साधा सीधा संवाद
- मनीष जायसवाल के जनसंपर्क उमड़ रहा अपार भीड़, मिल रहा है हर वर्ग का समर्थन

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के एनडीए समर्थित भाजपा उम्मीदवार मनीष जायसवाल का भाजपा ने 02 मार्च की शाम को टिकट कंफर्म किया। जिसके बाद 03 मार्च से ही मनीष जायसवाल ने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के पतरातू से जनता के बीच जुड़ना शुरू किया। पूरे लोकसभा क्षेत्र के प्रमुख स्थलों की जनता के बीच महज 4-5 दिनों में तुफानी दौरा कर टिकट मिलने पर कार्यकताओं और जनता का आभार जताया। जिसके बाद उन्होंने हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी 34 भाजपा मंडलों के कार्यकताओं संग परिचयात्मक बैठक की जिसके जरिए उनसे परिचय किया और लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष रणनीति बनाई। मनीष जायसवाल ने अपने विशेष रणनीति के तहत एक भाजपा मंडल में एक दिन का ग्राम भ्रमण कार्यक्रम शुरू किया। इस कार्यक्रम के तहत उन्होंने प्रतिदिन करीब एक दर्जन पंचायत के दो दर्जन से अधिक गांवों में पहुंच कर ग्रामीण के बीच जनसंपर्क अभियान चलाया और जनसंवाद कर उनसे भाजपा और अपने पक्ष में मतदान करने की अपील किया। लोगों से संपर्क साधते हुए गांवों में पदयात्रा कर, घरों में दस्तक देकर और चौपाल के माध्यम से खोरठा भाषा में संवाद, खटिया पर आराम और गांवों में लोगों के घरों पर चाय - पानी और नाश्ता करके उन्हें अपनापन का सुखद एहसास कराया । हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र में लगातार चुनावी जनसंपर्क कर रहे भाजपा प्रत्याशी मनीष जायसवाल ने बताया कि जनसंपर्क के दौरान उन्हें जनता का बेशुमार प्यार, आशिर्वाद और समर्थन मिल रहा है। वे कहते हैं की घर से अकेले निकलते हैं लेकिन रास्ते में लोग जुड़ते जाते हैं और एनडीए के कार्यकताओं का उत्साह चरम पर होता है। गांव में जब हमारा कारवां पहुंचता है तो लोगों के चेहरे की खुशी देख हमारी थकान मिट जाती है और क्षेत्र में बने रहने और बेहतर करने की प्रेरणा मिलती है। मनीष जायसवाल ने कहा कि हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र की जनता पीएम पद के लिए नरेंद्र मोदी को ही तीसरी बार देखना चाहती है और इसीलिए हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र से इस बार प्रचंड मतों से विशाल कमल खिलेगा ।

## भाजपा नेता जयप्रकाश सिंह भोक्ता भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामांकन वापस लिया



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** भारतीय जनता पार्टी के सिमरिया और चतरा विधानसभा से विधायक रहे जयप्रकाश सिंह भोक्ता ने चतरा लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में अपना नामांकन वापस ले लिया।इसके पूर्व उन्होंने पार्टी से बगावत करके निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में 2 मई को नामांकन किया था। बाद में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के रांची स्थित आवास में मुलाकात के बाद अपनी बात रखा, प्रदेश अध्यक्ष ने उनकी हर बात को सुना और अच्छे मन से पार्टी में काम करने की बात कही। फिर श्री मरांडी के निर्देश के बाद चतरा जाकर अपना नामांकन वापस लिया।

## कल से पोस्टल बैलेट के माध्यम से आयोजित होगें मतदान, प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक

### प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान,जबरा, हजारीबाग में डाले जाएंगे वोट

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**हजारीबाग।** लोक सभा आम चुनाव 2024 अंतर्गत 14 हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अलावे झारखंड के अलग-अलग जिला में मतदान की तिथि अलग-अलग निर्धारित है। उक्त संसदीय क्षेत्र के वैसे मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत है,के लिए पोस्टल बैलेट से मतदान हेतु निम्न सुविधा केन्द्र बनाएं गए है। संसदीय क्षेत्र सिंहभूम, खूँटी,लोहरदगा,पलामू के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 8 मई से 10 मई तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केन्द्र संख्या 1 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते है। संसदीय क्षेत्र गिरिडीह, धनबाद, रांची, जमशेदपुर के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 14 मई से 17 मई 2024 तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केन्द्र संख्या 2 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते है। संसदीय क्षेत्र राजमहल, दुमका, गोड्डा के मतदाता जिनकी नियुक्ति निर्वाचन कार्य हेतु हजारीबाग में हुई है वें 24 मई से 25 मई 2024 तक समय प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक प्रमंडलीय पंचायत प्रशिक्षण संस्थान जबरा के केन्द्र संख्या 3 में पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपना मतदान दे सकते है।

## प्रबंधन समिति संयोजक रंजीत सिन्हा की उपस्थिति में भाजपा पश्चिमी मंडल ने की बैठक

# विगत दिनों उपजे भाजपा के बीच अंतर कलह को लेकर हुई चर्चा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** भारतीय जनता पार्टी विष्णुगढ़ पश्चिमी मंडल के द्वारा माण्डू विधानसभा चुनाव प्रबंधन समिति संयोजक रंजीत सिन्हा की उपस्थिति में महंत अखाड़ा चौक स्थित बंशीधर मंदिर परिसर में पश्चिमी मंडल अध्यक्ष किशोर कुमार मंडल की अध्यक्षता में चाय पर चर्चा की गई। चाय पर चर्चा के दौरान रंजीत सिन्हा ने पिछले दिनों उपजे राजनीतिक हालात पर चर्चा करते हुए कहा कि एक परिवार में जब सदस्य बढ़ जाते हैं तो थोड़ी बहुत खटपट होती ही है। इस विषय पर सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं ने आश्वस्त करते हुए कहा कि नाराजगी हो सकती है परन्तु हमसभी भाजपा परिवार के ही रहेंगे। चाय पर चर्चा के दौरान मंडल अध्यक्ष ने कहा कि जाने अनजाने में अगर कोई त्रुटि हुई होगी तो आगे से इसका ध्यान रखूँगा। आगे की चर्चा पर सभी कार्यकर्ताओं मे जोश भरते हुए रंजीत सिन्हा ने कहा कि 2014 के पूर्व कांग्रेस अल्पसंख्यको को सांप्रदायिकता का डर दिखा कर उनके वोट हासिल करती थी जब ये राजनैतिक हथकंडे कुंद पड़ गए तो अब संविधान खतरे वाला शिगूफा छोड़ रही है। संविधान को तार-तार करने का काम कांग्रेस ने किया है। कभी इमरजेंसी लगाकर तो कभी संविधान के साथ छेड़छाड़ कर सर्वधर्म समभाव की मूलभावना को निकाल कर सेकुलरिज्म शब्द का नया जहर घोल दी है। 60 साल बनाम 10 साल कांग्रेस के कार्यकाल से भाजपा का कार्यकाल हर लिहाज से बेहतर रहा है। चाहें आप इंफ्रास्ट्रक्चर की बात करें जिसमें आज भारतमाला योजना के तहत सड़को का जाल बिछा है।

## सड़क दुर्घटना में दो घायल, एक रेफर

**बरही।** बरही प्रखण्ड अंतर्गत धनवार निवासी मकबूल मियां पिता पीर मोहम्मद उम्र 65 वर्ष और डीलर मोहम्मद रफीक पिता अहमद मियां उम्र 58 वर्ष रविवार को चारमाइल से धनवार जाने के क्रम में सड़क दुर्घटना हो गया। ग्रामीणों के मदद से घायलों को बरही अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया। वहीं इस घटना की सूचना प्राप्त होते ही झामुमो पूर्व प्रत्याशी बरही विधानसभा क्षेत्र के बिनोद विश्वकर्मा बरही अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचकर सभी का हाल जाना। घायल मकबूल मियां को बेहतर इलाज के लिए हजारीबाग रेफर किया गया। मौके पर झामुमो पूर्व प्रखण्ड सचिव मोहम्मद इम्तियाज उर्फ बबलू गुलाम सरवर, मोहम्मद दानिश, मोहम्मद मुन्ना, मोहम्मद सोहेब, मोहम्मद तशरीफ, मोहम्मद बहाउद्दीन, मोहम्मद सेराज, मोहम्मद नसीम समेत कई लोग उपस्थित थे।

# प्रेसिडेंट का बोर्ड लगाकर ब्राउन सुगर की तस्करी तथाकथित शिक्षक को पड़ा महंगा,गया कालकोठरी

## 50 लाख के ब्राउन ब्राउन शुगर के साथ साथियों संग नाटकीय ढंग से गिरफ्तार, मोमिन कॉन्फ्रेंस का भी खुद को बताता था नेता








उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**चतरा।** जिले की सिमरिया थाना पुलिस ने रातों-रात अमीर बनने के सपने देखने वाले ड्रग पेडलरों के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। निजी गाड़ी में एंटी क्राइम ऑगेर्नाइजेशन के प्रेसिडेंट का बोर्ड लगाकर प्रतिबंधित ब्राउन सुगर की तस्करी करने वाले तथाकथित शिक्षक और उसके दो सहयोगियों को पकड़कर माफियाओं में हड़कंप मचा दिया है। साथ ही पुलिस ने तस्करी में प्रयुक्त हुंडई आई20 कार, करीब पचास लाख रुपये का 568 ग्राम ब्राउन शुगर व चितकबरा वर्दी भी बरामद किया है। गिरफ्तार तस्करों में सदर थाना क्षेत्र के मोकतमा गांव निवासी निजी स्कूल संचालक मास्टरमाइंड मो. नेसार अंसारी, राजपुर थाना क्षेत्र के कान्हाचट्टी निवासी मो. रेहान और चिरीदीरी गांव निवासी पंकज दांगी शामिल है। पुलिस ने उनके पास से ब्राउन शुगर के अलावा एक हुंडई कार, केमोफलाईज वर्दी और विभिन्न कंपनियों का तस्करी में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी जब्त किया है। सिमरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी अजय कुमार केसरी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक विकास पांडेय को गुप्त सूचना मिली थी कि सिमरिया-बगरा रोड से कार सवार तस्कर ब्राउन शुगर की तस्करी करने जा रहे हैं। सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए एसपी ने एसडीपीओ के नेतृत्व में सिमरिया थाना प्रभारी व सशस्त्र बल के जवानों की संयुक्त टीम का गठन कर अभियान चलाने का निर्देश दिया था। जिसके बाद स्पेशल टीम ने सूचना के अनुरूप बगरा-सिमरिया मुख्यपथ की घेराबंदी कर वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान बजराही मोड़ के समीप हुंडई-20 कार को रोककर उसकी तलाश ली गई। तलाशी के दौरान सीट के नीचे से करीब पचास लाख रुपये का 568 ग्राम प्रतिबंधित ब्राउन शुगर बरामद किया गया। साथ ही कार में सवार तथाकथित शिक्षक मो.नेसार समेत तीन तस्करों को भी सुरक्षाबलों ने धर दबोचा। एसडीपीओ ने बताया कि गिरोह का मास्टरमाइंड नेसार अपने दो अन्य सहयोगी तस्करों के साथ मिलकर बाजार से गैरकानूनी तरीके से पुलिस की चितकबरा वर्दी खरीदकर उसका दुरुपयोग तस्करी में करते थे। उन्होंने बताया कि ये तीनों मिलकर ब्राउन शुगर का सैंपल दिखलाकर अन्य तस्करों से मोटी रकम की लूट करते थे और बाद में खुद को पुलिस बताकर वर्दी का भय दिखाकर ब्राउन सुगर खरीदने वाले तस्करों को मौके से भगा देते थे। गिरफ्तार नेसार खुद को मोमिन कॉन्फ्रेंस का भी नेता बताता था। इतना ही नहीं इसके पूर्व भी वह अपने गांव की ही एक युवती से छेड़छाड़ के आरोप में जेल की हवा खा चुका है। इसके अलावा उसके ऊपर पूर्व में कई अन्य संगीन आरोप भी लग चुके हैं। जिसमे पुलिस उसके विरुद्ध कार्रवाई कर चुकी है। छापामारी टीम में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के अलावा थाना प्रभारी पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार व एसआई सुनील कुमार समेत सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## फ्यूचर कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों का 10वीं और 12 वीं बोर्ड का परिणाम बेहतर रहा




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**विष्णुगढ़।** प्रखंड अंतर्गत नवादा स्थित फ्यूचर कोचिंग सेंटर के विद्यार्थियों का जैक 10वीं और 12वीं कक्षा के परीक्षा का परिणाम शत प्रतिशत बेहतर रहा। जिसमें कक्षा 12वीं के सभी विद्यार्थी प्रथम श्रेणी और 10वीं के बच्चों ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और साथ ही कोचिंग का नाम रौशन किया। फ्यूचर कोचिंग सेंटर के संस्थापक अमित कु. पाण्डेय ने बच्चों को बधाई दी। इस दौरान कोचिंग के संचालक विकाश कु.पाण्डेय, निशांत सर, प्रकाश सर मौजूद रहे। संचालक महोदय जी ने बच्चों को बधाई देते हुए बताया कि शिक्षा अगर स्तम्भ है तो नींव है संस्कार, शिक्षा हमारे जीवन मे अत्यंत महत्व पूर्ण है मगर असली शिक्षा वही है जो अनपढ़ों का भी सम्मान करना सिखाए। उपस्थित अभिभावकों को भी बताया गया कि शिक्षा दिनों-दिन खचीर्ली होती जा रही है और माता-पिता को अपने बच्चों की उच्च शिक्षा के लिए योजना बना कर चलना चाहिए। अच्छा तो यह रहेगा कि माता-पिता बच्चों की शिक्षा के लिए शुरू से ही बचत करते चलें।

### समय अभी पढाई का, इसे व्यर्थ ना गवाने दो, शादी के बंधनों से पहले, हमें शिक्षित तो हो जाने दो: राखी कुमारी

# पकड़े जाने के डर से सारे चोर हुए इकट्ठे, चौकीदार मोदी पर कर रहे कायरतापूर्ण हमले: अन्नपूर्णा देवी

### मरकच्चो में भारी बारिश के कारण बाधित हुई भाजपा प्रत्याशी की जनसभा

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**कोडरमा :-** केंद्रीय शिक्षा राज्य मंत्री एवं कोडरमा संसदीय सीट से भाजपा प्रत्याशी अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जब जनता का हक लूटकर अपनी तिजोरी भरनेवालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई शुरू की तो पकड़े जाने के डर से सारे चोर इकट्ठे हो गए हैं।और निराधार आरोपों से चौकीदार नरेंद्र मोदी पर हमले कर रहे हैं। झारखण्ड तो लूट का केंद्र बन गया है जहां कांग्रेस, झामुमो और राजद का मतलबपरस्त गठबंधन पिछले 5 साल से सत्ता में है। भाकपा माले जैसी पार्टियां लूट में हिस्सेदार बनने के लिए इस जनविरोधी सरकार का समर्थन कर रही हैं। अब जबकि जांच एजेंसियां अपना काम कर रही हैं तो इनके यहां से रह रहकर नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। रकम इतनी बड़ी होती है कि नोट गिननेवाली मशीनें जवाब दे देती हैं। जनता सबकुछ देख और समझ रही है और इन्हें सबक सिखायेगी। मरकच्चो में जनसभा को संबोधित करने आई अन्नपूर्णा देवी ने पत्रकारों से बातचीत के दौरान ये बातें कहीं। अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि कांग्रेस और उसके सहयोगी पूरे देश में छाती पीट पीटकर कह रहे हैं कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। लेकिन पूरा देश देख रहा है कि जांच एजेंसियां जहां जहां हाथ डालती हैं, वहीं नोटों के पहाड़ मिल रहे हैं। आज तो हद हो गई, मंत्री के निजी सचिव के घरेलू नौकर के घर से 25 करोड़ से ज्यादा की रकम मिली है। इससे पहले एक राज्यसभा सांसद और इनसे जुड़े एक चार्टर्ड अकाउंटेंट के ठिकानों से सैकड़ों करोड़ रुपए मिल चुके हैं। इसके बाद भी अगर ये कहते हैं कि मोदी जी विरोधियों को निशाना बना रहे हैं तो जनता कह रही है कि मोदी जी ठीक कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भाकपा माले का चरित्र भी उजागर हो गया है। भाकपा माले चोरी में हिस्सेदार है और इसीलिए अपनी परम्परा तोड़कर एक भ्रष्ट सरकार का समर्थन कर रही है। भाकपा माले को स्पष्ट करना चाहिए कि नोटों की बरामदगी पर उसका क्या स्टैंड है और अगर वह कोई स्टैंड नहीं लेती तो उसे बताना चाहिए कि इस संगठित लूट में उसका हिस्सा कितना है। मरकच्चो की जनसभा को झारखण्ड के प्रथम मुख्यमंत्री एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री बाबूलाल मरांडी संबोधित करनेवाले थे।

लेकिन खराब मौसम के कारण वे बोकारो से नहीं आ सके। हालांकि खराब मौसम के बावजूद स्थानीय जनता भारी संख्या में कार्यक्रम स्थल पर डटी रही।

जनसभा में कोडरमा की विधायक डॉ. नीरा यादव, कोडरमा लोकसभा संयोजक रामचंद्र सिंह, जिलाध्यक्ष अनूप जोशी, विधानसभा प्रभारी भैया अभिमन्यु प्रसाद, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रमेश सिंह, नितेश चंद्रवंशी, शिवलाल सिंह, बेदु साव, महामंत्री राजकुमार यादव, मंडल अध्यक्ष बिजय यादव, मनोज कुमार झुन्नू, दिनेश सिंह, रमेश हर्षधर, सुनील सिन्हा, सुरेन्द्र यादव, अरशद खान, सत्यनारायण यादव आदि मौजूद थे।

## एक-नजर

### बारिश व पत्थर पड़ने से मरकच्चो में लाखो का नुकसान

**मरकच्चो :-** सोमवार दोपहर 3:00 के बाद हुई जोरदार बारिश व पत्थर ने मरकच्चो में लाखो का नुकसान कर दिया। आधे घंटे हुई पत्थरबाजी और बारिश ने मरकच्चो के लगभग अल्बेस्टर व करकेट से बने मकान को छिद्र छिद्र कर दिया और मकान के अंदर पूरा पानी भर गया। जिन लोगों का कच्चा मकान था उनका पूरा खपड़ा चूर-चूर हो गया व घरों में पानी भर गया। इतना ही नहीं बाहर में खड़े दर्जनों मोटर वाहन के शीशे चकनाचूर हो गए व बॉडी में भी गढ्ढे हो गए।साथ ही छत पर लगे सैकडो पानी टंकी को भी क्षतिग्रस्त कर दिया।

इस तरह का बारिश के साथ इतने बड़े-बड़े पत्थर कई वर्षों के बाद गिरा है। लोगों ने बताया कि एक पत्थर का वजन आधा किलो से लेकर 300 ग्राम तक था ।कोई कोई पत्थर आधा किलो से भी बड़ा था।

### इंडिया गठबंधन कोडरमा लोकसभा उम्मीदवार विनोद सिंह के पक्ष में चला जनसंपर्क अभियान

**डोमचांच :** इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार विनोद सिंह के पक्ष मे जंगल झाड मे प्रचार प्रसार जोरदार जोर से किया गया। 6 मई को ग्राम करारी, कर्मी कुंड, करारी महुआ पहाड़ी मे जनसंपर्क अभियान में जिला सचिव राजेन्द्र मेहता ने बताया कि राज्य में व्याप्त बेरोजगारी के चलते लोग पलायन करने के लिए मजबूर है फिर भी यहां के स्थानीय सांसद और विधायक मौन है, आज मौजूद इसलिए है कि कोडरमा के सारे उद्योग धंधा बंद है लोग भुखमरी के शिकार हैं। जनसंपर्क अभियान में बबन मेहता, कृष्ण कांत मेहता ,झामुमो नेता विशवास राय के नेतृत्व मे विनोद सिंह को वोट देकर भारी मतों से जिताने की अपील किया गया।

प्रचार के दौरान कृष्णा यादव, भरत यादव, महेन्द्र यादव, हरि सिंह, छोटु मुर्मू, शिखर टुडु , संजय यादव शामिल थे।

### ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी सदस्यों ने वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया

**कोडरमा :-** ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सदस्यों ने हजारीबाग स्थित वृद्धा आश्रम का भ्रमण किया गया । एलुमनी सदस्यों ने वृद्ध आश्रम में उपस्थित सभी वृद्ध महिला एवं पुरूषों से परिचय किया। तत्पश्चात एलुमनी सदस्यों के द्वारा सभी को खाद्य सामग्री,पोशाक एवं फल आदि वितरण किया गया। तदुपरांत एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने वहां के पाकशाला, शयन कक्ष एवं संपूर्ण परिसर के वातावरण एवं वृद्धा आश्रम की स्थितियों से अवगत हुए साथ ही ईश्वर एवं प्रकृति से उनके दीर्घायु एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना किए एवं अपने उज्जवल भविष्य हेतू आशीर्वाद प्राप्त किया । इस अवसर पर *महाविद्यालय की उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने कहा कि वृद्ध महिला एवं पुरूष परिवार, समाज एवं राष्ट्र की अनवीकरणीय धरोहर है। हम अपने जीवन की कल्पना इनके बगैर कतई नहीं कर सकते हैं। हमें सदैव वृद्ध महिला एवं पुरूष को सम्मान करना चाहिए एवं इनका विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है।*

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मृदुला भगत ने कहा कि वृद्ध माता पिता हमारे जीवन के आईना है। हमें इनके बताए मार्ग पर सदैव चलने की आवश्यकता है। एलुमनी एसोसिएशन के समन्वयक सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने वृद्धा आश्रम हेतू भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे विविध कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी ।

उक्त भ्रमण में एलुमनी एसोसिएशन ऑफ ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन के सचिव अनिल दास एवं सदस्य खुशबू कुमारी सिन्हा, चुन्नु कुमार एवं रोहित कुमार सहित महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक डॉ. मनीष कुमार पासवान, संजीत कुमार, मनीष कुमार सिन्हा, सीताराम यादव एवं शिक्षेकेतर कर्मचारी सुचित कुमार, दीपक पाण्डेय, सुधीर साव एवं नागेश सिंह उपस्थित रहे।.

### सीता नवमी महोत्सव विश्व हिंदू परिषद कोडरमा की मातृ इकाई द्वारा सभी प्रखंडों पंचायत में मनाया जाएगा

**कोडरमा :-** विश्व हिंदू परिषद कोडरमा जिले की बैठक शिवतारा सरस्वती शिशु मंदिर ब्लॉक रोड मके आयोजित की गई। जिसकी अध्यक्षता अध्यक्ष राजय वर्मा एवं गोष्ठी का संचालन जिला मंत्री पंकज दुबे के द्वारा किया गया। बैठक में दुर्गा वाहिनी एवं मातृ शक्ति के द्वारा 16 मई से 22 मई तक सभी प्रखंड, पंचायत में सीता नवमी महोत्सव करने की योजना बनी। विहिप? का प्रशिक्षण वर्ग 6 जून से 15 जून, बजरंग दल का प्रशिक्षण वर्ग 8 जून से 15 जून तक गिरिडीह के पारसनाथ में आयोजित हो रही है। इस तरह मातृ शक्ति और दुर्गा वाहिनी की प्रशिक्षण पर 10 जून से 15 जून 2024 तक गुमला में आयोजित की जा रही है। सभी प्रखंड पालकों से प्रशिक्षण हेतु जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची बनाकर भेजने का आग्रह किया गया। इस निमित सभी प्रखंडों में बैठक आयोजित कर सीता नवमी एवं प्रशिक्षण वर्ग में जाने वाले कार्यकर्ताओं की सूची, एवं अधिक से अधिक कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण वर्ग में जाने के लिए प्रेषित करने का निर्देश दिया गया। लोकसभा चुनाव को देखते हुए राष्ट्रहित में कार्यकर्ताओं की छोटी-छोटी टोली बैठक कर के और व्यक्तिगत संपर्क के द्वारा लोगों को ज्यादा से ज्यादा संख्या में मतदान में हिस्सा लेने और राष्ट्रवादी शक्तियों का समर्थन करने के लिए प्रेषित करना है। इन सभी कार्यों को सफल बनाने के लिए प्रखंडों में पंचायत और ग्रामीण समितियां के साथ बैठक आयोजित की जाएगी। अपनी सुविधा के अनुसार बैठक ऑनलाइन भी रखा जा सकता है। बैठक में मुख्य रूप से झारखंड प्रांत सह मंत्री सह हजारीबाग विभाग पालक मनोज पोद्दार, विशेष संपर्क प्रमुख अरविंद सिंह,बजरंग दल प्रांत संयोजक दीपक ठाकुर, हजारीबाग विभाग मंत्री अनूप यादव, विभाग गौ रक्षा प्रमुख अजय वर्मा, विभाग समरसता प्रमुख प्रवीण चंद्रा, जिला कार्य समिति सदस्य सुरेंद्र मोदी, अध्यक्ष राजय वर्मा,जिला मंत्री पंकज दुबे, जिला उपाध्यक्ष कृष्णा मोदी, जिला सह मंत्री प्रदीप सिंह, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख सुनील दास, जिला धर्म प्रसार सह प्रमुख पप्पू बरनवाल,नगर अध्यक्ष अरविंद एकधारा ।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में एनडीए पर सेमिनार आयोजित,ब्रिगेडियर ने बच्चों को दिए एनडीए में सफलता के टिप्स




**कोडरमा :-** सेक्रेड हार्ट स्कूल में सोमवार को वर्ग दशम के बच्चों के लिए एनडीए पर वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इस मौके पर ब्रिगेडियर अमर नारायण ने मुख्य वक्ता के रुप में बच्चों का मार्गदर्शन किया। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने बूके देकर उनका स्वागत किया। एकेडमिक कोर्डिनेटर प्रवीण कुमार ने अतिथि का परिचय और विषय प्रवेश कराया। बिग्रेडियन अमर नारायण ने भारतीय सेना में 38 वर्षों से अधिक की सेवा दी है। उनकी शुरुआती प?ाई सैनिक स्कूल तिलैया से हुई। वे जून 1981 में राष्ट्रीय रक्षा एकेडमी में शामिल हुए और जून 1985 में सेना की वायु रक्षा शाखा में नियुक्त हुए। उन्होंने अपने लंबे और शानदार कॅरियर के दौरान विभिन्न चुनौतीपूर्ण कार्यों को अंजाम दिया। जिसमें सियाचिन ग्लेशियर, जम्मू-कश्मीर में उग्रवाद विरोधी अभियान और असम में उग्रवाद विरोधी अभियान शामिल हैं। उन्होंने जम्मू-कश्मीर में वायु रक्षा रेजिमेंट और बाद में विशिष्ट वायु रक्षा ब्रिगेड की कमान संभाली। उन्होंने आर्मी एयर डिफेंस सेंटर के कमांडेंट की प्रतिष्ठित नियुक्ति भी संभाली, जो भारतीय सेना रक्षा कोर में शामिल होने वाले सभी रंगरूटों को प्रशिक्षण देने के लिए जिम्मेदार है। उन्हें 3 साल से अधिक समय तक इलाहाबाद में एसएसबी के सेवा चयन बोर्ड के अध्यक्ष रहने का सौभाग्य मिला, इस दौरान उन्होंने 3000 से अधिक उम्मीदवारों की स्क्रीनिंग और साक्षात्कार लिया। वे सेना के अधिकारियों को प्रशिक्षित करने के लिए कई प्रतिष्ठित रक्षा कॉलेजों में प्रोफेसर रहे हैं, जिनमें आर्मी एयर डिफेंस कॉलेज गोपालपुर और अहमदनगर में आर्मर्ड कोर कॉलेज शामिल हैं। उन्हें उन बच्चों को सलाह देना और मार्गदर्शन करना पसंद है जो भारत की रक्षा बलों में शामिल होना चाहते हैं। इस मौके पर उन्होंने स्कूली बच्चों को एनडीए से जुडे कई टिप्स भी दिए जिसमें तैयारी समेत अन्य विषय शामिल थे। प्राचार्य प्रमोद शर्मा ने धन्यवाद ज्ञापन किया ओर ब्रिगेडियर अमर नारायण का आभार जताया जिन्होंने बच्चों का मार्गदश्रन किया। उन्होंने बच्चों को सेना के क्षत्र में जाने के लिए प्रेरित भी किया।

## प्रखण्ड के बिभिन्न हाई स्कूलों में चलाया जा रहा है स्वीप कार्यक्रम




**मरकच्चो :-** प्रखण्ड में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। सोमवार को कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय मरकच्चो में छात्राओं को वोट के महत्व तथा मतदान प्रक्रिया के बारे में जानकारी दी गई। साथ ही प्रखण्ड के विभिन्न सरकारी तथा गैर सरकारी हाई स्कूलों में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता प्रतियोगिताएं कराई जा रही है। कोडरमा उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी मेघा भारद्वाज के दिशा-निर्देश पर प्रखंड विकास पदाधिकारी हुलास महतो व अंचलाधिकारी परमेश्वर कुशवाहा के द्वारा सोमवार को विभिन्न हाई स्कूलों में स्वीप कार्यक्रम के तहत अनेक प्रकार के मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। एक तरफ जहां विद्यार्थियों को वोट के महत्व के बारे में बताया जा रहा है, वहीं कई स्कूलों में मतदान विषय पर प्रश्नोत्तरी, रंगोली, भाषण आदि प्रतियोगिताएं भी कराई जा रही हैं। विद्यार्थियों से यह भी अपील की जा रही है कि वे इन कार्यक्रमों में जो जानकारी प्राप्त कर रहे हैं, उसे अपने तक सीमित न रखकर अपने अभिभावकों और आस-प?ोस के मतदाताओं को भी दें। वोट करने से लोकतंत्र को मजबूती प्रदान होती है, इसलिए हर मतदाता को मतदान कर भारत को और मजबूत बनाना चाहिए।वही प्रखण्ड विकास पदाधिकारी व अंचलाधिकारी के द्वारा प्रखण्ड के कई बूथों पर जाकर ग्रामीणों को मतदान के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

## ॐ संकीर्तन मंडल ने ध्वजाधारी धाम में मनाया वार्षिक भ्रमण कार्यक्रम



**झुमरीतिलैया :-** शहर की धार्मिक संगठन ॐ संकीर्तन मंडल का वार्षिक भ्रमण कार्यक्रम ध्वजाधारी धाम के राधा कृष्ण मंदिर में मनाया गया। जहां देवी देवताओं के दरबार में सभी भक्तों ने अपनी हाजिरी लगाई।कार्यक्रम का प्रारंभ तीन बार के उच्चारण के साथ हुआ। ततपश्चात गणेश वंदना एवं सरस्वती वंदना सत्येंद्र नारायण सिन्हा के द्वारा प्रस्तुत किया गया। जिसके बाद भजनों का कार्यक्रम शुरू किया गया।जिसमें विजय पांडे ने गुरुजी मेरी लागी लगन मत तोड़ना. गुड्डू मिश्रा ने .भोले का श्रृंगार सारे श्रृंगार से न्यारा है. विशाल सिंह ने जय जय राधा रमण हरि बोल. मनोज माथुर ने तुमसे मिलने को मुरली वाले. सुधांशु पांडे ने अजब हैरान हूं भगवान. भूपेंद्र सिंह ने जग में सुंदर है दो नाम.सुशील कुमार ने राम मोर डॉक्टर हैवे,गोपाल जी गुट्टी भर पनिया में दुबे ना घैलवा. बालमुकुंद पांडे ने लाज मेरी गई .आशुतोष भदानी ने मैया तेरी आरती में गांउ बार-बार.दयानंद प्रसाद मुरली वाले तेरी याद सताए. गणेश ओझा ने प्यारे मुरलिया वाले.जैसे भजनों पर श्रद्धालुगण भक्ति के सागर में गोता लगते रहे।वहीं जानकारी देते हुए कार्यक्रम संयोजक सत्येन्द नारायण सिन्हा एवं सुनील दास ने संयुक्त रूप से बताया कि संकीर्तन मंडल का वार्षिक भ्रमण कार्यक्रम जो कि साल में एक या दो बार होता है।इसके अंतर्गत कर्दम ऋषि के धाम ध्वजाधारी धाम के श्री राधा कृष्ण के मंदिर में भजनों का कार्यक्रम भव्य दरबार लगाकर किया गया। कार्यक्रम के दौरान महामंडलेश्वर सुखदेव दास जी को संयुक्त रूप से का प्रतीक चिन्ह दिया गया। जिसे देखकर उन्होंने अपनी प्रसन्नता जाहिर की।मंडल के अध्यक्ष बीएमपी बर्णवाल ने कहा कि पूरे झारखंड में केवल एक महामंडलेश्वर है और वह भी कोडरमा को यह सौभाग्य प्राप्त हुआ है यह अपने आप में बहुत बड़ी बात है और हम सभी संकीर्तन मंडल के सदस्यों का उनका आशीर्वाद मिला बड़े सौभाग्य की बात है।वहीं महामंडलेश्वर सुखदेव दास ने कहा कि मंदिरों में धार्मिक आयोजन एवं उसकी रखरखाव पर हम सभी को विशेष ध्यान देना जरूरी है मंडल के कार्यक्रम से खुश होकर बाबा ने कुंभ में आने एवं मंडल को मेला में जाने के लिए पास देने की बात कही।उन्होंने कहा कि पास मिलने पर आपको आपको कहीं दिक्कत नहीं होगी ।मौके पर संजय बनर्जी, विशाल सिंह,संजय गुप्ता,आनिल भदानी,विनोद ।

## मरकच्चो में इंडिया गठबंधन प्रत्यासी विनोद सिंह ने किया कार्यालय का उद्घघाटन



**मरकच्चो :-** प्रखंड के बंधन चौक स्तिथि क्षेत्रिय भवन में सोमवार की शाम इंडिया गठबंधन के चुनाव कार्यालय I उद्घघाटन कोडरमा लोक सभा प्रत्यासी बिनोद सिंह ने फीता काट कर किया। इस दौरान जे एम एम, राजद, कांग्रेस, माले के कार्यकर्ताओ ने चुनावी रणनीति बनाई साथ ही इंडिया गठबंधन प्रत्यासी को भारी मतों से जिताने पर जोर दिया। वहीं कार्यकर्ताओ ने कहा ी दल के प्रत्यासी बिनोद सिंह के चुनाव चिन्ह झंडे में तीन तारा को लेकर समर्थको टोली घर घर जाकर चुनाव का प्रचार प्रसार करेंगे। मौके पर प्रखंड प्रमुख विजय कुमार सिंह, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष दिवाकर तिवारी, मोहम्मद खलील, रा ज द के सरफराज खान,बिनोद साव, बसंत पासवान, तुलसी यादव, उमेश सिंह,सरफुद्दीन अंसारी, भुवनेश्वर प्रसाद यादव, मनिंदर राम , बीस सूत्री अध्यक्ष रविशंकर सिंह, मो सोहराब, मंसूर आलम, मो अमजद, अशोक सिंह, मनीष सिंह,चन्द्रदेव सिंह,तोकीर अहमद,,राजद के बबलु यादव, लालु यादव, बहादुर यादव, अशोक यादव ,विदेशी दास, कोसर शाह, एरकान अहमद,अफजाल ।

## संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई के छात्र-छात्राओं का दसवीं की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन

**कोडरमा :** आईसीएसई बोर्ड से मान्यता प्राप्त जिले का एक मात्र स्कूल संत क्लेयर्स स्कूल लोकाई के छात्र छात्राओ ने दसवीं की बोर्ड परीक्षा में शानदार सफलता प्राप्त की है। विद्यालय से इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में शामिल कुल 134 छात्र छात्राओ में सभी ने उत्तीर्ण होकर विद्यालय का परीक्षाफल शत प्रतिशत करने का गौरव प्राप्त किया है। प्रारंभ से ही इस विद्यालय का बोर्ड का परीक्षाफल काफी गौरवपूर्ण रहा है। विद्यालय के छात्र राजा कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का टॉपर होने का गौरव प्राप्त किया है। कोडरमा जिले के जलवाबाद निवासी स्वर्गीय उमेश चंद्र साव एवं गुड्डी देवी के पुत्र राजा कुमार ने 97.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि कोडरमा क्षेत्र के साथ साथ अपने परिवार का भी नाम रौशन किया है। उल्लेखनीय है कि विद्यालय की सेकेंड टॉपर कोडरमा निवासी अधिवक्ता संतोष कुमार एवं शिक्षिका प्रतिमा सिंह की पुत्री सिद्धि परमार एवं कोडरमा निवासी संजय कुमार व कुंदन कुमारी के पुत्र सौमिल श्लोक ने 96.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से विद्यालय को गौरवान्वित किया है। वहीं थर्ड टॉपर के रूप में कोडरमा निवासी मोहम्मद साबिर इमाम खान एवं साजिया अंजुम की पुत्री उजमा सबिर, दूधीमाटी कोडरमा निवासी सौरभ कुमार एवं ऋचा रंजन के पुत्र सूरज रंजन एवं कोडरमा निवासी न्यायालय कर्मी आशीष कुमार सिन्हा एवं रूबी सिन्हा के पुत्र अभिजीत शिवम ने संयुक्त रूप से 95.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का मान ब?ाया है। विद्यालय के चौथे टॉपर तन्मय गुप्ता व ऐमान हुसैन ने 95 प्रतिशत, पांचवें टॉपर कोमल पांडे ने 94.6 प्रतिशत, छठे टॉपर प्राची कुमारी व आकाश कुमार ने 94 प्रतिशत, सातवें टॉपर वकिता प्रकृति कुजुर ने 93.4 प्रतिशत, आठवाँ टॉपर अंजली कुमारी ने 93 प्रतिशत अंक प्राप्त किया है। इसके अलावा श्रेयांश शेखर सिंह ने 92.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नवां स्थान, रितेश कुमार पंडित व जिया रानी ने 92.2 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दसवां स्थान पर रहे। साथ ही पालक सिंह ने 92 प्रतिशत, मिस्टी राज ने 91.4 प्रतिशत, प्रियांशु सेठ व अटल पृथ्वी राज ने 91.2 प्रतिशत, अर्णव नारायण ने 90.6 प्रतिशत, आर्या ने 90.4 प्रतिशत, झील शर्मा 90.2 प्रतिशत तथा सलोनी वर्मा एवं शीतल कुमारी ने 90 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय की ख्याति को ब?ाया है। इसके अलावा विद्यालय के सभी शत प्रतिशत छात्र छात्राओ ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए उत्तीर्णता हासिल कर विद्यालय की गरिमा को ब?ाया है।

विद्यालय की प्राचार्या सिस्टर सुमा ने विद्यालय के सभी छात्र छात्राओ को उनकी शानदार सफलता पर बधाई देते हुए कहा है कि विद्यालय की यह सफलता विद्यार्थियो के कठिन परिश्रम, शिक्षकों के सफल मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सक्रिय सहयोग का परिणाम है। विद्यालय के सभी शिक्षक शिक्षिकाओ ने विद्यार्थियो को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## श्री दिगंबर जैन विद्यासागर पाठशाला के बच्चों के द्वारा छाता का किया गया वितरण



**झुमरीतिलैया :-** श्री दिगंबर जैन विद्यासागर पाठशाला के बच्चों के द्वारा शहर के फुटपाथ पर अपनी जीविका चला रहे बुजुर्ग महिला बच्चे जरूरतमंदों के बीच 40 छाता का वितरण किया गया। इस मौके पर पाठशाला में पढ़ाने वाली शिक्षिकाएं भी साथ में मौजूद थी। दोपहर के इस चिलचिलाती गर्मी में पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चों ने स्टेशन रोड झंडा चौक वीर कुंवर सिंह चौक आदि स्थानों में घूम घूम कर जरूरतमंदों को छाता दिया।सभी बच्चे छाता बांटकर बहुत ही खुश हो रहे थे। इस मौके पर समाजसेवी निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि जैन धर्म में दया त्याग और दान का बड़ा महत्व है। जरूरतमंदों के चेहरे पर खुशी मिले यही सच्चा सेवा कार्य है विद्यासागर पाठशाला झुमरी तिलैया की शिक्षिकाएं बच्चों के बीच बहुत अच्छा संस्कार दे रही है। बच्चों के बीच बचपन से ही जरूरतमंदों के प्रति संवेदना और मानवता की सेवा का बीजारोपण किया जा रहा है। पाठशाला की संयोजिका सुनीता सेठी ने कहा कि इस तरह के कार्य से बच्चों में धर्म और मानवता का संस्कार मिलता है। प्रत्येक शनिवार रविवार को जैन समाज की महिला शिक्षिकाओ के द्वारा बच्चों को धार्मिक शिक्षा धर्म पूजा संस्कृति की रक्षा का पाठ पढ़ाया जाता है।इस मौके पर जूली लूहारिया,किरण सेठी,रानी छाबड़ा,कल्पना सेठी,आशा गंगवाल,नीलिमा ठोलिया,रिंकू गंगवाल,क्षमा सेठी, संगीता छाबड़ा,मोना छाब?ा,रेखा झाझंरी,प्रियंका छाबड़ा,सीमा जैन,अमित जैन सेठी आदि लोगों ने इस कार्य में अपना योगदान दिया। जैन समाज के मीडिया प्रभारी नवीन जैन और राजकुमार जैन अजमेरा ने बताया कि जैन समाज के द्वारा 10 मई अक्षय तृतीया के दिन जीव दया कार्यक्रम के तहत स्थानीय गौशाला में मौजूद सैकड़ो गायों के बीच चारा चोकर गुड़ आदि का वितरण किया जाएगा।.

## बाइक सवार युवक ने खडी ट्रक में मारी टक्कर, घायल



**हेरहंज (उज्ज्वल दुनिया)।** बालूमाथ पांकी मार्ग पर हेरहंज थाना क्षेत्र के चिरु ग्राम के समीप एक अनियंत्रित बाइक सवार युवक ने पीछे से खडी ट्रक में टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया जिसकी पहचान हेरहंज थाना क्षेत्र अंतर्गत चिरु ग्राम निवासी मनौती भुइयां के पुत्र प्रमोद भैया के रूप में हुई है जिसे स्थानीय लोगों के द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया जहां पर डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा इलाज किया गया। मिली जानकारी अनुसार एक युवक अपने घर से चंदवा रिश्तेदार के यहां जा रहा था इसी दौरान अनियंत्रित होकर चिरु ग्राम के पास खडी एक ट्रक में पीछे से सीधे टक्कर मार दी। जिससे उसका सिर फट गया है ।

# जीरो ऐरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्यकार्य में कोताही अक्षम्य : डीडीसी

### सेक्टर पदाधिकारियों को मिला चुनाव प्रशिक्षण

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त पलामू के आदेशानुसार सोमवार को स्थानीय दीनदयाल उपाध्याय स्मृति भवन में सेक्टर पदाधिकारियों को चुनाव प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह उप विकास आयुक्त रवि आनंद ने कहा कि सेक्टर पदाधिकारी,जिला निर्वाचन पदाधिकारी एवं पोलिंग पार्टी के बीच की कडी होते हैं।इसलिए सेक्टर पदाधिकारी को हर बिन्दु की जानकारी होनी चाहिए तथा चुनाव आयोग के गाइडलाइन के अनुरूप उसे व्यावहारिक रूप देने की क्षमता होनी चाहिए।जीरो इरर पर चुनाव कराना हमारा लक्ष्य है।इसलिए कार्य में कोई भी कोताही अक्षम्य है। उन्होंने पोलिंग पार्टी के साथ समन्वय,मतदान केन्द्र पर पहुंचने, रिजर्व सामग्री का रखरखाव व आवश्यकतानुसार उपयोग,विहित प्रपत्र में रिपोर्टिंग व सुरक्षित वापसी सहित प्रत्येक विन्दुओं पर संवाद करते हुए प्रशिक्षण व मार्गदर्शन दिया।वहीं कार्मिक कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह अपर समाहर्ता कुंदन कुमार ने त्रुटि रहित रिपोर्टिंग पर विस्तार से जानकारी दी।मौके पर हुसैनाबाद एसडीओ पीयूष सिन्हा, सदर एसडीओ अनुराग कुमार तिवारी,छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार,एलआरडीसी प्यारेलाल, छतरपुर एलआरडीसी विजय कुमार केरकेट्टा एवं डीएसओ प्रीति किस्कू मौजूद थे।

जिला प्रशिक्षक परशुराम तिवारी ने इवीएम रिप्लेस करने के समय बरते जानेवाली सावधानियों, विजिट सीट,माकपोल एवं अनेक कठिन विन्दुओं की जानकारी दी। इसे सफल बनाने में प्रशिक्षण कोषांग के प्रधान सहायक रामलखन राम, जिला प्रशिक्षक अमरेन्द्र पाठक,अजित कुमार व राजन बाखला सक्रिय रहे।वहीं दूसरी ओर हेरिटेज स्कूल मेदिनीनगर में जिला प्रशिक्षक रामानुज प्रसाद एवं अशोक सिंह के अनुसमर्थन में पीडब्ल्यूडी बूथ के मतदानकर्मी सहित 261 पोलिंग पार्टी को प्रशिक्षण दिया गया।

# चतरा भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में नुक्कड सभा



**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** चतरा लोकसभा क्षेत्र के बकोरिया कमरू में भाजपा प्रत्याशी काली चरण सिंह के पक्ष में नुक्क? सभा की गयी। इसकी अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष विजय पाठक ने की, जबकि संचालन सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा ने किया। मनिका विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक हरेकृष्ण सिंह ने कहा कि पूरे भारत का विकास हो रहा है। देश ऊंचाइयों की ओर जा रहा है। हम सभी को कमल फूल पर बटन दबाकर के चतरा लोकसभा क्षेत्र से कालीचरण सिंह जी को विजयी बनाना है। मौके पर सामाजिक कार्यकर्ता आशीष कुमार सिन्हा, सांसद प्रतिनिधि सोनू सिकंदर, महामंत्री चंचल यादव, युवा मोर्चा के विकास तिवारी, कन्हाई साहू, प्रज्ञा साहू, सीताराम सिंह, बैजनाथ राम, राजेश गुप्ता, उमेश यादव, कमलेश प्रसाद, अरविंद विश्वकर्मा, राजेंद्र ठाकुर, ललिता देवी, सुखिया देवी, सुमित देवी, पूनम देवी, अजय मेहता, शंभू मेहता, दामोदर मेहता सहित कई लोग मौजूद थे।

## शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2 का काम हुआ शुरू

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने बताया कि शहरी जलापूर्ति योजना फेज 2 अब सभी व्यवधानों को दूर करते हुए आज से हाउसिंग कॉलोनी मैदान मैं शुरू हो गया। उन्होंने कहा, मैंने अपने चुनावी वादे में जहां पार्क, मरीन ड्राइव, रोड, नाली, गली चैक चैराहा का सुंदरीकरण, मोहल्ला दादा दादी पार्क और शहर की सफाई का वादा किया था। वहीं, सबसे ब?ा वादा घर-घर शुद्ध जल पहुंचने का भी था, जिसको मैंने अपने कार्यकाल में सबसे पहले बोर्ड से पारित करते हुए रघुवर सरकार में भेजा थी। रघुवर दास ने अपने कैबिनेट से स्वीकृति दे दी थी जिसकी 80 प्रतिशत राशि एडीबी भारत सरकार द्वारा सांसद विष्णु दयाल राम के प्रयास से उसी वक्त प्राप्त हो चुका था। चार साल तक झारखंड सरकार ने लंबित रखा और



टेंडर पर टेंडर होता रहा। कई प्रयासों के बाद अब यह शुरू हो गया है। इस कार्य मेसर्स आरके इंजीनियरिंग सेल्स लिमिटेड, लखनऊ ने 172 करो? में लिया है। इसके तहत पहले से बनी पांच पानी टंकियों के अलावा चार नई टंकियों पुलिस लाइन, आईटीआई मैदान, शाहपुर एवं हाउसिंग कॉलोनी में बनेगी। श्रीमती शंकर ने बताया कि हाउसिंग कॉलोनी मैदान में स्वायल टेस्टिंग शुरू हो चुका है, जहां पानी टंकी के अलावे अत्याधुनिक वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट बनाया जा रहा। यहां सभी नये इंटेक वेल से पानी लाकर सफाई कर पूरे निगम क्षेत्र में नई पाइप लाइन से शुद्ध पानी घर-घर दिया जायेगा। प्रथम महापौर ने कहा अब कोई घर शुद्ध जल से वंचित नहीं रहेगा। यह हमारी बहनों के लिए मेरे कार्यकाल का सबसे ब?ा तोहफा है।.

## वोटर आईकार्ड के बगैर भी किया जा सकेगा मतदान,बस मतदाता सूची में नाम रहना जरूरी

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पलामू लोकसभा अंतर्गत 13 मई को मतदान होना है।इसे लेकर जिले के सभी बीएलओ मतदाताओं के घर-घर जाकर वोटर इनफार्मेशन स्लीप का वितरण कर रहें हैं इस पर्ची पर मतदान स्थल,मतदान की तिथि व समय आदि का उल्लेख है ताकि 13 मई को मतदाताओं को बूथ पर जाने के पश्चात उन्हें वोट डालने में किसी तरह की कोई समस्या ना हो।इसी क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने जिलेवासियों से 13 मई के दिन अपना मतदान अनिवार्य रूप से करने की अपील की है।इसके साथ ही उन्होंने बताया है कि किसी कारणवश अगर कोई मतदाता के पास वोटर आईकार्ड नहीं है लेकिन उनका नाम मतदाता सूची में दर्ज है ऐसी स्थिति में




संबंधित मतदाता भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित निम्न 12 वैकल्पिक दस्तावेजों में से किसी एक दस्तावेज दिखाकर भी मतदान कर सकते हैं। मतदाता पहचान पत्र के अलावे इन 12 वैकल्पिक दस्तावेजों का वोट डालने हेतु किया जा सकेगा उपयोग जैसे आधार कार्ड पैन कार्ड,दिव्यांग यूनिक आईडी कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस,मनरेगा जॉब कार्ड,पेंशन दस्तावेज (फोटो सहित),पासपोर्ट,पासबुक (फोटो सहित बैंक,डाकघर द्वारा जारी),फोटोयुक्त सर्विस पहचान पत्र (केन्द्रध्राज्य सरकार, सार्वजनिक उपक्रमध्पब्लिक लिमिटेड कंपनियों द्वारा जारी),सांसद,विधायक और विधान परिषद सदस्यों को जारी आधिकारिक पहचान पत्र,एनपीआर के अंतर्गत आरजीआई ।

## प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा में किया रोड शो

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मेदिनीनगर नगर निगम की प्रथम महापौर अरुणा शंकर पलामू के भाजपा प्रत्याशी बीडी राम के लिए वोट मांगने सैक?ो समर्थकों के साथ सतबरवा पहुंची। वहां आशीष सिंहा के नेतृत्व में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा पोची गांव में उनका भव्य स्वागत किया गया। मंडल अध्यक्ष विजय पाठक, सांसद प्रतिनिधि मनीष कुमार के नेतृत्व में सैक?ो कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सतबरवा में भाजपा चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद उन्होंने सतबरवा बाजार में गाजे-बाजे के साथ रोड शो किया। घर-घर जाकर महिला-पुरुष, वृद्ध, युवा एवं व्यवसायियों से आशीर्वाद लेते हुए बी डीराम को वोट देकर विजय बनाने की अपील की। इस अवसर पर प्रथम महापौर ने कहा कि सतबरवा में उन्हें जो प्यार मिला है उसे भूल वे नहीं पाएंगी। यहां खासकर मां,



बहनों ने मुझे गले लगा कर अपना बना लिया। वे हमेशा उनके बीच रहना चाहेंगी। प्रथम महापौर ने कहा कि इसबार हर जगह महिलाएं, लाभुक, युवा और फर्स्ट वोटर प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे विकास के कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने के लिए उत्साही हैं। प्रचंड गर्मी को देखते हुए भाजपा के कार्यकर्ताओं को बूथ पर वोटरों को सुविधा देने की आवश्यकता है। भाजपा के लोग पहले अपने एवं अगल-बगल घर की महिलाओं को वोट देने का अवसर दें, फिर अपना मतदान करें। प्रथम महापौर ने कहा कि बीडी राम पिछली बार से अधिक मत से विजयी होंगे और मंत्री बनेंगे, जिससे हमारे क्षेत्र का चैमुखी विकास होगा। इस अवसर पर डालटनगंज शहर के व्यवसाइयों के साथ-साथ सतबरवा के मोहन जोशी, बृजेश प्रसाद, प्रीति गुप्ता, सुरेंद्र प्रसाद, संदीप कुमार, आनंद कुमार, संतान जायसवाल, संजय कुमार, मनोज कुमार, परमेंद्र प्रसाद एवं काफी संख्या में महिलाएं उपस्थित थी।

# दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

## प्रशिक्षण का उद्देश्य रोजगार को बढावा देना हैः अन्थोनी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारतीय स्टेट बैंक व ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) के पोखराहा खुर्द स्थित प्रशिक्षण भवन में चल रहे दस दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण आज संपन्न हो गया। समापन समारोह में अग्रणी बैंक के मुख्य प्रबंधक अन्थोनी लियांगी, वितीय परामर्शदाता अभय कुमार, आरसेटी के वरीय संकाय जितेन्द्र मेहता तथा संकाय जयंत चक्रवर्ती द्वारा सभी 26 प्रशिक्षणार्थियों के बीच प्रमाण पत्र का वितरण किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मूल्यांकन नेशनल एकेडमी ऑफ रुडसेटी द्वारा प्रतिनियुक्त अस्सेसर ने किया।

प्रशिक्षुओं को संबोधित करते हुए एलडीएम अन्थोनी लियांगी ने कहा कि रोजगार को ब?ावा देने के उद्देश्य से प्रशिक्षण दिया जा रहा है। अपने घर जाकर सही तरीके से बकरी पालन करके अधिक से अधिक आमदनी प्राप्त कर सकते हैं। बकरी पालन एक रोजगारपरक कार्यक्रम है। उन्होंने प्रशिक्षुओं को बैंकिंग एवं बीमा के बारे विस्तार से बताया। वित्तीय साक्षरता परामर्शदाता अभय कुमार ने वित्तीय प्रबन्धन एवं बैंक खातों के बारे में विस्तार से बताते हुए अटल पेंशन योजना, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना एवं जीवन ज्योति बीमा योजना का लाभ लेने की सलाह दी। इस मौक पर वरिष्ठ संकाय जितेन्द्र मेहता ने कहा कि देश के ग्रामीण क्षेत्रों में बकरी पालन का बिजनेस काफी तेजी से लोकप्रिय हो रहा है। कम पूंजी में ब?िया मुनाफे की वजह से लोग इस




व्यावसाय में ज्यादा दिलचस्पी दिखा रहे हैं। प्रशिक्षण का लाभ उठाकर प्रतिभागियों को व्यावसाय करना चाहिए। जरुरतमंदों को स्वरोजगार करने के लिए यथासंभव ऋ्ष्या भी उपलब्ध कराया जायेगा।

जिले के 26 प्रतिभागियों को बकरी पालन उद्यमी बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक मंगलम कुमार ने बकरी पालन से सम्बंधित तौर-तरीके, बकरी के प्रजाति व नस्ल, रोग पहचान व् उपचार, बकरी के लिए शेड निर्माण, गोअट ब्रीडिंग इत्यादि विषय को विस्तार से बताया। इसके अलावे आरसेटी के फैकल्टी द्वारा लक्ष्य का निर्धारण, समय प्रबंधन, बा?ार का प्रबंधन, प्रभावशाली सम्प्रेषण कौशल, बैंकिंग, प्रोजेक्ट प्लान की तैयारी इत्यादि विषय को भी विस्तार से बताया गया। मौके पर संस्थान के प्रशिक्षक जयंत चक्रवर्ती ने कहा कि संस्थान बेरोजगार लोगों का पहचान कर उनकी इच्छा के अनुसार चयनित विषय पर निःशुल्क प्रशिक्षण देती है। इस अवसर पर संस्थान के सहायक मणिकांत दुबे, शशि रंजन कुमार, मनोज चैधरी, संजय राम, अमरनाथ उरांव सहित सभी 26 प्रशिक्षणार्थी उपस्थित थे।

## एक-नजर

### रेडक्रॉस सोसाइटी ने निकाली मतदाता जागरुकता रैली




**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी की पलामू इकाई द्वारा स्वीप कार्यक्रम के तहत शहर के नवाहाता, धोबी मोहल्ला, सेवा सदन रोड, नदी किनारे, शिवाला रोड में मतदाता जागरुकता रैली निकाली गई। रैली में रेड क्रॉस के सचिव डॉ. सत्यजीत गुप्ता, संयोजक सुधीर कुमार, कोषाध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह, सदस्य आलोक वर्मा, कमल जैन, उदय शंकर दुबे, रंजित मिश्रा, विश्वजीत गुप्ता, जितेंद्र सिंह, निलेश चंद्रा, जितेंद्र कुमार, रविन्द्र सिंह, प्रसेनजीत दास गुप्ता, विजय कुमार सिन्हा, मनोहर कुमार लाली, प्रदीप कुमार अकेला, विशाल महलका, नवनीत कुमार, प्रवीण रंजन, संजय केजरीवाल, मनोहर कुमार शामिल थे।

### मिशन समृद्धि ने चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** मिशन समृद्धि संस्था द्वारा मेदिनीनगर के कचरवा टोला, पांकी रोड जनकपुरी, बारालोटा में विशेष रूप से महिलाओं को मतदान के लिए जागरुक किया गया। उनके बीच अहिल्या गिरि, बैजंती गुप्ता, आशा शर्मा ने लोकतंत्र के महापर्व के लिए उत्साहित करते हुए कहा कि अपने वोट को बर्बाद न जाने दें। फिर पांच साल बाद ही आपको अपना प्रतिनिधि चुनने का मौका मिलेगा। नागरिकों का रोना था कि जो वोट लेकर जाते हैं वे कभी हमलोगों की तकलीफ को देखने नहीं आते हैं। इसलिए वोट देने के लिए मन नहीं करता। लेकिन समृद्धि टीम ने उन्हें लोकतंत्र का हवाला देते हुए उनके मताधिकार को समझाया। बाद में सभी काफी उत्साहित दिखे। संस्था की शीला श्रीवास्तव ने कहा कि टीम का प्रयास अवश्य सार्थक होगा।.

### सरकार के आदेशों को ठेंगा दिखा रहे हैं निजी

**हुसैनाबाद (उज्ज्वल दुनिया)।** झारखंड सरकार द्वारा राज्य में अत्यधिक गर्मी पढने एवं लू चलने के कारण छात्रों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव की आशंका को ध्यान में रखते हुए, राज्य में संचालित सभी कोटि के सरकारी,गैर-सरकारी, सहायता प्राप्त, अल्पसंख्यक सहित एवं सभी निजी विद्यालयों में कक्षा केजी से कक्षा 08 तक की सभी कक्षाएं अगले आदेश तक विद्यालय को बंद करने का फरमान जारी किया गया था, परंतु हुसैनाबाद क्षेत्र में निजी विद्यालय के संचालक सरकार के इस आदेश की अवहेलना करते हुए इस अत्यधिक गर्मी में भी खुल्लम-खुल्ला विद्यालय संचालित किये जा रहे हैं। वहीं शिक्षा विभाग के अधिकारी चुप्पी साधे बस तमाशा देख रहे हैं। इतना ही नहीं, कई निजी विद्यालय के संचालकों ने अभिभावकों से अत्यधिक शुल्क लेने के बाद भी बस की सुविधा देने की बजाय तीन पहिया ऑटो टेम्पो को बच्चों के आने-जाने के लिए उपलब्ध कराया है, जिससे अभिभावकों के साथ आर्थिक दोहण किया जा रहा है। इस स्थिति में बच्चों के साथ दुर्घटना होती है तो इसका जवाबदेही विद्यालय की होगी या शिक्षा विभाग के वरीय पदाधिकारियों की, इसका किसी के पास कोई लेखा-जोखा नहीं है।

विद्यालय संचालित किए जाने के मामले से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के पूर्व नगर मंत्री सतीश शर्मा ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, हुसैनाबाद को फोन कर एवं वाट्सएप्प के माध्यम से वीडियो सेंड कर अवगत कराया गया है, वहीं इस संदर्भ में पलामू उपायुक्त को भी ट्वीट किया है।

### बेहतर अंक लाने वाले छात्र-छात्रा हुए सम्मानित

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** पांकी विधानसभा क्षेत्र में बेहतर मुकाम हासिल करने वाले छात्र-छात्राओं की कमी नहीं है। लेकिन अभाव के कारण बच्चे बेहतर परिणाम नहीं दे पाते हैं। उक्त बातें आम आदमी पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओंकार नाथ जायसवाल ने कही। वे एबीसी हब कोचिंग सेंटर द्वारा 10वीं और 12वीं में बेहतर अंक लाने वाले छात्रों-छात्राओं के सम्मान में आयोजित समारोह में बोल रहे थे। जायसवाल ने कहा कि सरकार और स्थानीय जनप्रतिनिधि का बच्चों के प्रति नीतिगत निर्णय सही नहीं है। छात्र-छात्राएं अभाव के कारण वह बेहतर परिणाम नहीं दे पाते हैं। श्री जायसवाल ने बेहतर अंक लाने वाले छात्र और छात्राओं को शॉल, डायरी एवं कलम देकर सम्मानित किया। 12 वी में बेहतर अंक लाने वाले दयानंद कुमार, रोहित कुमार, पल्लवी कुमारी, अनुप्रिया कुमारी, शिवानी कुमारी तथा 10वीं में बेहतर अंक लाने वाले आफरीन अजमत, शशि प्रभा, स्वाति कुमारी, प्रियांशु कुमारी, वर्षा मिश्रा, निखिल कुमार, मारिया खानम, शुभम मिश्रा, अनुष्का रानी, रोहित कुमार, सोनू कुमार, रजिया तबस्सुम शामिल है। इस अवसर पर कोचिंग सेंटर के अध्यापक मोहम्मद सैफ, राकेश कुमार रवि, अमित गुप्ता, अमरेश मेहता सहित ब?ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### सांप्रदायिक शक्तियों को खुली चुनौती देने वाले नेता थे अतुलः राणा

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** कामरेड अतुल कुमार अंजान सांप्रदायिकता विरुद्ध मुखर थे। जब हमारे देश का लोकतंत्र खतरे में है वैसे वक्त में निर्भीक और बेबाक टिप्पणी करने वाले नेता का चले जाने से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के लिए ही नहीं बल्कि पूरे भारत की राजनीति को क्षति हुई है। उक्त बातें इप्टा द्वारा संचालित संस्कृतिक पाठशाला में कामरेड अतुल कुमार अंजान के निधन पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा एवं परिचर्चा में झारखंड के पूर्व विधायक गौतम सागर राणा ने कही। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे गौतम सागर राणा एवं इप्टा जिला कार्यकारी अध्यक्ष सुरेश सिंह ने कामरेड अतुल अंजान की तस्वीर पर माल्यार्पण किया।

सभा में कामरेड अतुल कुमार अंजान के साथ बिताए पलों एवं उनके जीवन की घटना को याद करते हुए राजद नेता रामनाथ चंद्रवंशी, प्रलेसं अध्यक्ष पंकज श्रीवास्तव, झारादिम यूनियन महासचिव राजीव कुमार, वरिष्ठ अधिवक्ता नंदलाल सिंह, एसएफआई के दानिश, इप्टा के वरिष्ठ रंगकर्मी प्रेम प्रकाश व राजीव रंजन, ज्ञान विज्ञान समिति के प्रांतीय अध्यक्ष शिव शंकर प्रसाद, शिक्षक अच्छे लाल प्रजापति एवं गोविंद प्रसाद, कुलदीप राम, अखिल भारतीय किसान सभा के राष्ट्रीय सचिव केडी सिंह में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अपने विचार प्रस्तुत किये।

नंदलाल सिंह ने कहा कि कामरेड अतुल कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय नेताओं में सबसे जानकार और स्पष्ट विचारधारा रखने वाले व्यक्ति थे। उन्होंने अपना शरीर तो छो? कर चले गए लेकिन उनके विचार हमारे दिलों में जिंदा रहेगा। केडी सिंह ने अतुल कुमार के साथ बिताये अपने पलों की चर्चा की। श्रद्धांजलि सभा का संचालन प्रेम प्रकाश ने किया। मौके पर राजद के हाजी संजर नवाज, प्रलेसं के जिला सचिव नुदरत नवाज, संजीव कुमार संजू, शिशुपाल, घनश्याम कुमार, सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### देशहित में भाजपा के पक्ष में करें मतदानः नवीन तिवारी

**मेदिनीनगर (उज्ज्वल दुनिया)।** सामाजिक कार्यकर्ता नवीन तिवारी ने सोमवार को बयान जारी कर भारतीय जनता पार्टी को समर्थन देने का घोषणा किया। श्री तिवारी ने बयान जारी कर बताया कि वर्तमान परिप्रेक्ष्य में देशहित के लिए भारतीय जनता पार्टी आज देश की जरूरत है।उन्होंने कहा कि पलामू लोकसभा चुनाव में बीडी राम की जीत सुनिश्चित है। बीडी राम के नेतृत्व में पलामू लोकसभा क्षेत्र का लगातार उत्तरोत्तर विकास हो रहा है ऐसे में उन्होंने पलामू लोकसभा क्षेत्र वासियों से भारतीय जनता पार्टी के पक्ष मे मतदान करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि आज पुरा विश्व मंदी के दौर से गुजर रहा है ऐसे में एक मजबूत सरकार की आवश्यकता है ।

## संपादकीय

# अरविन्द केजरीवाल बाहर होगे या अन्दर ही रहेंगे ?

अरविन्द केजरीवाल को राहत के लिए अभी इंतजार करना होगा

देशवासियों के लिए बदलते हुए पर्यावरण के मियाज प्रचंड गर्मी के लोक सभा 2024 के साधारण चुनाव की सरगर्मी,राजनीति दलों के सिद्धान्त विहीन व दिशाहीन गतिविधियों से भारत राजनीति की चर्चा राजनीति के मनिषयों के संग अन्तराष्ट्रीय राजनीति पर पैनी नजर रखने चर्चा-चिन्तन व चिन्ता बन गई है ।आज कल चहुँ दिशाओं एक चर्चा है कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को आखिर कब तक इंतजार करना पड़ेगा । क्या वह किसी राजनीतिक सुनियोजित षंडयत्र के तहत जेल में डाला गया है ।जैसा कि आप सभी को मालुम देश में लोकसभा 24 के साधारण चुनाव सात चरणों होने जा रहा है ।सात चरणों में दो चरणों चुनाव समपन्न हो गए तीसरे चरण 7 मई को होने वालि है ।चुनाव आयोग देश में निष्पक्ष चुनाव कराने की व्यस्त है ।तो वही दूसरी तरफ सरकारी जाँच ऐजेन्सियों द्वारा एक सुनियोजित तरीके विपक्षी राजनीति दलों व उसके कार्यकत्ताओं को जाँच छापा व जेल में बंद करनें का अभियान चलाया है आज हम देश की राजधानी दिल्ली के बारे में चर्चा कर रहे है ।जैसा कि आप सभी को पता है देश की राजधानी दिल्ली है ।जो केन्द्र शासित प्रदेश है ,लैकिन दिल्ली की अपनी विधान सभा है ।जहाँ दिल्ली की जनता अपनी प्रतिनिधि को चुन कर भेजती है, वही दूसरी ओर केंद्र सरकार के प्रतिनिधि के रूप राज्यपाल की व्यवस्था की गई । ऐसे जनता के चुने हुए प्रतिनिधि व केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि में आप सी ठकराव की स्थिति देख ने को देखने की मिलती रहती है । लैकिन केन्द्र सरकार के रूप में एन डी ए की सरकार बनी - दिल्ली की जनता ने अरविन्द केजरीवाल को लगातार तीसरी अपना मुख्यमंत्री बनाया केन्द्र सरकार के प्रतिनिधि वर्तमान राज्यपाल के ठकराव की ऐसी स्थिति बन गई दोनों की आपसी लड़ाई के मध्य दिल्ली की जनता परेशान है । ऐसे मामला इतना तुल पकड़ा कि मामला न्यायालय व जाँच ऐजेन्सी के चक्र बहू में फस गया है । जाँच ऐजेन्सी की आँच में मंत्री उप मुख्य मंत्री व मुख्य मंत्री को जेल की चारदीवारी तक पहुँच गये ।ऐसे ही दिल्ली की नई शराव नीति का मामला है ।

दिल्ली के मुख्य मंत्री व राज्यपाल अपने अधिकार क्षेत्र के लेकर देश के न्याय मन्दिर में पहुंचा ।जाँच ऐजन्सी के जाल विछा कर जेल के अन्दर डाल दिया , वही अरविन्द केजरीवाल नें उनकी गिरफ्तारी को न्यायलय में चुनौती दे डाली ।इसी घटना में सुप्रीम कोर्ट की दो जजों की बेंच ने अपना फैसला 7 मई के लिए सुरक्षित रख लिया है ।दिल्ली के सीएम केजरीवाल को जमानत दे सकते हैं या नहीं,लेकिन आचार संहिता लागू होने के दौरान उनकी गिरफ्तारी के तर्क पर सवाल उठाया ।दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की इस याचिका पर सुनवाई कर रही शीर्ष अदालत की दो जजों की बेंच ने कहा कि वे हो सकता है कि या तो 7 मई को उन्हें जमानत न दी जाएगी या न भी दी जा सकती है ,लेकिन प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक हफ्ते बाद,चुनाव के बीच में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार करने के अपने कृत्य के पीछे के तर्क को सही ठहराना होगा। न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता व न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की दो न्यायाधीशों की पीठ ने कहा कि चाहे कुछ भी हो प्रवर्तन निदेशालय को चुनाव आचार संहिता लागू होने के ठीक एक सप्ताह बाद 21 मार्च को दिल्ली के मुख्यमंत्री को गिरफ्तार करने की अपनी कार्रवाई को उचित ठहराना होगा।

दो न्यायाधीशों की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय को इस संभावना के लिए तैयार रहना होगा कि वास्तविक चुनावों के मद्देनजर दिल्ली के सीएम को जमानत मिल भी सकती है ।

हालाँकि,उन्होंने यह भी कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल जाएगी क्योंकि हम उन्हें जमानत दे भी सकते हैं और नहीं भी दे सकते हैं । इस संदर्भ में

न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के वकील को यह सोचना चाहिए कि उन्हें जमानत मिल रही है,हालांकि अदालत इस संभावना पर खुली है ।हालाँकि,हम किसी भी तरह से कुछ नहीं कह रहे हैं,कि हम जमानत देंगे या नहीं, न्यायमूर्ति संजीव खन्ना ने अपनी गिरफ्तारी को अवैध बताते हुए केजरीवाल की याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा।

सर्वविदित रहे कि जनता द्वारा निर्वाचित दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविन्द केजरीवाल को विगत 21 मार्च को दिल्ली सरकार की नई आबकारी पुलिस द्वारा किए गए शराब घोटाले में उनकी कथित संलिप्तता के कारण गिरफ्तार किया गया था।

जाँच पहले दिल्ली के सीएम को किंगपिन बताया था, जबकि जेल में बंद दिल्ली के सीएम ने अपनी गिरफ्तारी को पूरी तरह से मनमाना और अवैध बताया है, जो पहली बार लोकतंत्र के सिद्धांतों को नष्ट करने वाला था।

वर्तमान में दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री मनीष सिसौदिया और अरविंद केजरीवाल दिल्ली सरकार की नई आबकारी नीति से उपजे शराब घोटाले के सिलसिले में जेल में हैं और सिसौदिया एक साल से अधिक समय से जेल में हैं ।पूर्व मंत्री सत्येन्द्र जैन भी पीएमएलए के मामले में दो साल से अधिक समय से तिहाड़ जेल में हैं ।दूसरी बार राज्यसभा सांसद संजय सिंह करीब तीन महीने तक तिहाड़ जेल में रहे लेकिन अब जमानत पर बाहर हैं ।जमानत पर बाहर आने के बाद उनका जोरदार स्वागत किया गया ।संजय सिंह ने अरविंद केजरीवाल की गिरफ्तारी पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि यह सीधे तौर पर लोकतंत्र की हत्या का मामला है क्योंकि जिस मामले में वह तिहाड़ जेल के अंदर हैं,उनके खिलाफ एक भी सबूत नहीं मिला है ।फिलहाल देश की राजनीति के बदलते घटना क्रम में जिस तरह केन्द्र की सतारूढ़ सरकार अपने विरोधी राजनीति दलो के नेताओं पर दबाब बना कर , जाँच ऐजेन्सी का डर पद व पदोन्नति का प्रलोभन देकर भले उन पर किसी प्रकार आरोप लगा - विपक्षी नेताओ के खिलाफ दबाव व डर बनाकर सरकारी गवाह बनाकर -हथकड़ा बनाया यह किसी से भी नही छुपी है ।

# कांग्रेस की दिशाहीनता एवं बढ़ता पलायन


ललित गर्ग

लोकसभा के चुनाव उग्र से उग्रतर होते जा रहे हैं, लोकतंत्र के महायज्ञ की 7 मई को आधी से ज्यादा आहुति पूरी होने वाली है, पहले चरण में 102 और दूसरे चरण में 88 सीटों पर मतदान हो चुका है। तीसरे चरण में 94 सीटों पर मतदान होने वाला है। इसके बाद 543 में से आधे से अधिक यानी 284 सीटों पर मतदान पूर्ण हो जाएगा। जैसे-जैसे चुनाव आगे बढ़ रहे हैं, कांग्रेस की मुश्किलें बढ़ती जा रही है। भाजपा की ओर रुख करते नेताओं ने कांग्रेस की नींद उड़ा कर रख दी है। यह सिलसिला आगे भी जारी रहने वाला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर आक्रामक, तीक्ष्ण एवं तीखे आरोप लगाने वाली कांग्रेस पार्टी में लगातार हो रही टूट एवं पार्टी छोड़ने के कांग्रेसी नेताओं के सिलसिले को रोक नहीं पा रही है। इस बड़े संकट से बाहर निकलने का रास्ता कांग्रेस को नहीं सूझ रहा है। कांग्रेस के लिए लोकसभा चुनाव के दौरान सबसे बड़ा झटका इंदौर में लगा, जहां से पार्टी के उम्मीदवार अक्षय कांति बम ने नामांकन वापसी के अंतिम दिन मैदान ही छोड़ दिया और वो भाजपा में शामिल हो गए। इससे पहले विपक्षी दलों का गठबंधन इंडिया को खजुराहो में झटका लगा था, जहां आपसी समझौते के चलते यह सीट समाजवादी पार्टी को दी गई थी। समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार मीरा दीपक यादव का पर्चा निरस्त हो गया। इस तरह राज्य की 29 लोकसभा सीटों में से दो- खजुराहो और इंदौर ऐसी है जहां से कांग्रेस मुकाबले में ही नहीं है। कांग्रेस प्रवक्ता राधिका खेड़ा एवं दिल्ली के कांग्रेसी नेता अरविन्द सिंह लवली ने नाइंसाफी के कारण पार्टी से इस्तीफा दिया है। लवली तो अपने अन्य साथियों के साथ भाजपा में शामिल हो गये हैं। पुरी से कांग्रेस प्रत्याशी सुचारिता महंती ने यह कहते हुए टिकट लौटा दिया कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए धन नहीं दे रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनके क्षेत्र में ओडिशा विधानसभा चुनावों के लिए कमजोर उम्मीदवार उतारे गए हैं। ऐसा प्रतीत होता है कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व में राजनीतिक अपरिपक्वता, दिशाहीनता एवं निर्णय-क्षमता का अभाव है। इसकी भी अनदेखी नहीं की जा सकती कि कांग्रेस कई राज्यों में बेमन से चुनाव लड़ रही है।

आज के परिदृश्यों में कांग्रेस अनेकों विरोधाभासों एवं विसंगतियों से भरी है। चुनाव प्रचार हो या उम्मीदवारों का चयन, राजनीतिक वायदें हो या चुनावी मुद्दें हर तरफ कांग्रेस कई विरोधाभासों से घिरी है। उसकी सारी नीतियों में, सारे निर्णयों में, व्यवहार में, कथन में विरोधाभास स्पष्ट परिलक्षित है। यही कारण है कि उसकी राजनीति में सत्य खोजने से भी नहीं मिलता। उसका व्यवहार दोगला हो गया है। दोहरे मापदण्ड अपनाने से उसकी हर नीति, हर निर्णय समाधानों से ज्यादा समस्याएं पैदा कर रही हैं। यही कारण है कि कांग्रेस नेताओं के पार्टी छोड़ने या फिर चुनाव लड़ने से इन्कार करने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। यह निर्णय क्षमता का अभाव ही है या हार का डर कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी ने क्रमशः अमेठी और रायबरेली से चुनाव लड़ने का निर्णय लेने में बड़ी कोताही बनती है। अब राहुल ने अमेठी में स्मृति ईरानी का सामना करने में स्वयं को अक्षम पाया तो रायबरेली से नामांकन पत्र दाखिल कर दिया और प्रियंका एक बार फिर चुनाव लड़ने से दूर ठिठक गईं।

राहुल गांधी का अमेठी के बजाय रायबरेली से चुनाव लड़ना भी कांग्रेस की दिशाहीनता का सूचक है। यह हास्यास्पद है कि गांधी परिवार के करीबी एवं चाटुकार कांग्रेस नेता राहुल के अमेठी से चुनाव न लड़ने के फैसले को यह कहकर बड़ी राजनीति जीत बता रहे हैं कि पार्टी ने स्मृति इरानी का महत्व कम कर दिया। क्या सच यह नहीं कि कांग्रेस ने अमेठी से स्मृति इरानी की जीत सुनिश्चित करने का काम किया है ?राहुल गांधी का दो-दो सीटों से का चुनाव लड़ना भी यह दशार्ता है कि दोनों में से एक सीट पर तो वे जीत हासिल कर ही लेंगे। लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 का सेक्शन 33 प्रत्याशियों को अधिकतम दो सीटों से चुनाव लड़ने की अनुमति भी देता है। देश में लोकतंत्र की जड़ें लगातार मजबूत हो रही हैं। ऐसे में नेताओं के एक से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ने को लेकर विसंगतियां भी सामने आ रही हैं। विमर्श इस बात पर हो रहा है कि जब एक व्यक्ति को एक वोट का अधिकार है तो प्रत्याशी को दो सीटों पर चुनाव लड़ने की अनुमति क्यों होनी चाहिए ?

# कार्टूनिस्ट लोकतंत्र की अंतरात्मा के संरक्षक हैं


नीरज कृष्ण

कार्टूनों का राजनीतिक जुड़ाव का एक समृद्ध इतिहास है, जिसका इतिहास 18वीं शताब्दी से है, जब कलाकार राजनीतिक हस्तियों और संस्थानों की खिल्ली उड़ाने के लिए व्यंग्यचित्रों का इस्तेमाल करते थे

राजनीतिक विमर्श के शोरगुल और विचारधाराओं की भूलभुलैया में, ऐसे व्यक्तियों का एक समूह मौजूद है जो कलम और ब्रश को अपनी पसंद के हथियार के रूप में इस्तेमाल करते हैं। वे कार्टूनिस्ट हैं, लोकतंत्र के गुमनाम नायक हैं, जिनकी तीक्ष्ण बुद्धि और गहन अवलोकन शोर को चीरकर हास्य और व्यंग्य के साथ सच्चाई को उजागर करते हैं। राजनीतिक टिप्पणी के क्षेत्र में, वे लोकतंत्र के विवेक संरक्षक के रूप में कार्य करते हैं, हमें उन मूल्यों की याद दिलाते हैं जिन्हें हम प्रिय हैं और उन खामियों की याद दिलाते हैं जिनका हमें सामना करना चाहिए।

कार्टूनिस्टों का समाज में एक विशिष्ट स्थान है। वे न तो राजनेता हैं और न ही पत्रकार, फिर भी उनका काम दोनों क्षेत्रों से परे है। कलम के एक झटके से, वे जटिल राजनीतिक मुद्दों को सुपाच्य और मनोरंजक दृश्यों में समेट देते हैं, जिससे वे व्यापक दर्शकों के लिए सुलभ हो जाते हैं। अपने कार्टूनों के माध्यम से, वे सत्ता को चुनौती देते हैं, यथास्थिति पर सवाल उठाते हैं और सत्ता को जवाबदेह ठहराते हैं।

कार्टूनों का राजनीतिक जुड़ाव का एक समृद्ध इतिहास है, जिसका इतिहास 18वीं शताब्दी से है, जब कलाकार राजनीतिक हस्तियों और संस्थानों की खिल्ली उड़ाने के लिए व्यंग्यचित्रों का इस्तेमाल करते थे। कार्टूनों का आधुनिक काल में प्रचलन फ्रांस और इंग्लैंड में प्रारम्भ हुआ। वहां से यह विधा भारत में आई।

इंग्लैण्ड के विलियम होगार्थ (1697-1764) को कार्टून दुनिया का पितामह माना जाता है। कालान्तर में जान लीच ने व्यंग्य चित्र बनाना शुरू किया। विश्व के अन्य प्रमुख कार्टूनकारों में फुगास, शैफार्ड, लेंगडन डेविडलों, रेनोल्ड्स, रौलिन्सन आदि हैं।

आम तौर पर कार्टून बनाना एक शौक के तौर पर शुरू होता है।अधिकांश स्थापित कार्टूनिस्टों का मानना है कि कोई भी संस्थान आपको कार्दून बनाना नहीं सिखा सकता। आप कला सीख सकते हैं, आप संस्थानों में स्केच और ड्रॉ करना सीख सकते हैं, लेकिन कोई किसी को अच्छा कार्टून बनाना नहीं सिखा सकता। यह खुद की प्रतिभा और मेहनत से ही पाया जा सकता है। स्थापित कार्टूनिस्ट यह सलाह भी देते हैं कि आप यदि स्केच बना सकते हैं तो यह मत मान लीजिए कि आप कार्टूनिस्ट बन जाएंगे। कार्टून की मौजूदा विधा भले ही छापेखाने के आविष्कार और अखबारों के आविर्भाव के साथ पश्चिम से आई लेकिन पुरातत्ववेत्ताओं ने भारत में हास्य चित्रों के प्रमाण पुरातन काल में भी पाये हैं।

भारत में सर्वप्रथम 19वीं शताब्दी के अन्तिम चरण में कार्टून विधा प्रारम्भ हुई। एक पारसी ने इसका सूत्रपात किया बताते हैं। भारत के प्रमुख कार्टूनिस्टों में शंकर, आर. के. लक्ष्मण, सामू, आबिद सुरती, काजिलाल, रंगा, सुधीर दर, मारियो मिरांडा, अबू अब्राहम, राजिंदर पुरी, उन्नीक, सुधीर तेलंग, प्राण, नेगी, मनोरंजन, शिक्षार्थी, अहमद, सुनील चटोपाध्याय, संदीप जोशी पंकज गोस्वामी आदि के नाम सहज ही याद आ जाते हैं। शिव सेना को महाराष्ट्र में एक प्रमुख राजनैतिक दल के रूप में खड़ा करने वाले बाल ठाकरे भी पहले अखबार में कार्टूनिस्ट थे। हिंदुस्तान समाचार पत्र के पवन टून भी देश के प्रतिष्ठित कार्टूनिस्ट हैं।

भारतीय अखबारों में कार्टून छपने




का इतिहास समाचार पत्रों जितना ही पुराना माना जाता है। कोई समय अखबारों के पाठकों के लिए रोज सुबह उनमें कार्टून एक जरूरी हिस्सा होता था और प्रथम पृष्ट का जेबी कार्टून समाचार पत्र पाठक को मुस्कराने का एक सबब देता था। अखबारों में छपने वाले कार्टून दो प्रकार के रहे हैं। वह परिपाटी आज भी जारी है। एक कार्टून वह होता है जिसमें व्यंग्य चित्र के जरिए ही सब कुछ कह दिया जाता है। उसके साथ कैप्शन में कोई टिप्पणी नहीं होती। वह एक हजार शब्दों के बराबर होती है, उसी प्रकार कार्टून के लिए भी यही बात कही जा सकती है।

हालाँकि, कार्टूनिस्टों का काम जोखिम से खाली नहीं है। पेरिस में चार्ली हेब्दो नरसंहार से लेक र सत्तावादी शासन में राजनीतिक कार्टूनिस्टों की कैद तक, सत्ता के सामने सच बोलने की कीमत भारी हो सकती है। इन जोखिमों के बावजूद, कार्टूनिस्ट निडर होकर अपनी कला को जारी रखते हैं, यह जानते हुए कि उनका काम लोकतंत्र के स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है।

प्रत्येक लोकतंत्र के मूल में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता निहित है, एक मौलिक अधिकार जो व्यक्तियों को प्रतिशोध के डर के बिना अपने मन की बात कहने का अधिकार देता है। कार्टूनिस्ट इस स्वतंत्रता को उत्साह के साथ अपनाते हैं, निडर होकर अधिकारियों पर मजाक उड़ाते हैं, राजनेताओं पर व्यंग्य करते हैं और यथास्थिति को चुनौती देते हैं।ऐसा करने में, वे सत्ता को एक दर्पण दिखाते हैं, और प्रभावशाली पदों पर बैठे लोगों को याद दिलाते हैं कि वे जांच या उपहास से परे नहीं हैं। कार्टूनिस्ट के शस्त्रागार में सबसे शक्तिशाली हथियारों में से एक व्यंग्य है। वास्तविकता को बढ़ा-चढ़ाकर और विकृत करके, वे राजनीतिक अभिजात वर्ग की बेतुकी बातों और पाखंडों को उजागर करते हैं। राजनीतिक टिप्पणी में व्यंग्य का एक लंबा और ऐतिहासिक इतिहास है, जो प्राचीन काल से चला आ रहा है। फ्रांसीसी क्रांति के दौरान जेम्स गिले के व्यंग्यचित्रों से लेकर स्टीव बेल और गैरी ट्रूडो जैसे कलाकारों के आधुनिक समय के कार्यों तक, व्यंग्य असहमति और सामाजिक टिप्पणी के लिए एक शक्तिशाली उपकरण रहा है।

लेकिन कार्टूनिस्ट की भूमिका महज उपहास से भी आगे तक फैली हुई है। वे कहानीकार भी हैं, जो जटिल मुद्दों को समझने योग्य अंतर्दृष्टि में बदलने के लिए हास्य और व्यंग्य का उपयोग करते हैं। सूचनाओं से भरी दुनिया में, कार्टून शोर को कम करते हुए स्पष्टता और प्रभाव के साथ संदेश देते हैं। चाहे वह जलवायु परिवर्तन, आय असमानता, या मानवाधिकारों के हनन से निपटना हो, कार्टूनिस्टों के पास अमूर्त को मूर्त, समझ से बाहर को प्रासंगिक बनाने की क्षमता है।

कार्टून जनमत को आकार देने और राजनीतिक चर्चा को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। जटिल मुद्दों को सरल और मनोरंजक तरीके से प्रस्तुत कर-के, उनमें सार्वजनिक धारणा को प्रभावित करने और प्रमुख आख्यानों को चुनौती देने की शक्ति है। चतुर शब्दों के खेल, दृश्य वाक्यों और सांस्कृतिक संदर्भों के माध्यम से, कार्टून राजनीतिक विचारधाराओं की प्रभावी ढंग से आलोचना कर सकते हैं और सत्ता में बैठे लोगों को उनके कार्यों के लिए जिम्मेदार ठहरा सकते हैं।

इसके अलावा, कार्टून में भाषाई और सांस्कृतिक बाधाओं को पार करने, सीमाओं और विचारधाराओं के पार के लोगों से बात करने की अद्वितीय क्षमता होती है। एक अच्छी तरह से तैयार किया गया कार्टून सार्वभौमिक सत्य को संप्रेषित करने के लिए भाषा की सीमाओं को पार करते हुए ह-ँसी, आक्रोश या आत्मनिरीक्षण कर सकता है। इस तरह, कार्टूनिस्ट सांस्कृतिक राजदूत के रूप में काम करते हैं, तेजी से परस्पर जुड़ी दुनिया में संवाद और समझ को बढ़ावा देते हैं।

लेकिन शायद सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि कार्टूनिस्ट लोकतंत्र की अंतरात्मा के संरक्षक हैं। अशांति और अनिश्चितता के समय में, जब सच्चाई पर हमला होता है और सिद्धांतों से समझौता किया जाता है, तो वे ईमानदारी के प्रतीक के रूप में खड़े होते हैं, अपनी कला का उपयोग करते हुए न्याय, समानता और स्वतंत्रता के मूल्यों की वकालत करते हैं। उनके कार्टून इस बात की याद दिलाते हैं कि क्या दांव पर लगा है, नागरिकों से सतर्क रहने और लोकतांत्रिक प्रक्रिया में शामिल होने का आग्रह करते हैं।

कार्टूनिस्ट लोकतंत्र के विवेक के संरक्षक हैं, जो अपनी कलात्मकता और बुद्धि का उपयोग करके सत्ता को जवाबदेह बनाते हैं, हाशिए पर पड़ी आवाजों को बढ़ाते हैं और सत्ता के सामने सच बोलते हैं। ऐसी दुनिया में जहां सच्चाई अक्सर प्रचार और स्पिन द्वारा अस्पष्ट हो जाती है, सच बोलने वालों के रूप में उनकी भूमिका पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण है। जैसे-जैसे हम आधुनिक दुनिया की जटिलताओं से जूझ रहे हैं, हमें राजनीति और समाज के बारे में हमारी समझ को आकार देने में कार्टूनिस्टों की महत्वपूर्ण भूमिका को नहीं भूलना चाहिए।

हाल के वर्षों में, कार्टूनिस्ट की भूमिका खतरे में आ गई है, क्योंकि सत्तावादी शासन असहमति को चुप कराने और मुक्त भाषण को बंद करने की कोशिश करते हैं। सत्ता को चुनौती देने का साहस करने के लिए कार्टूनिस्टों को परेशान किया गया, सेंसर किया गया और यहां तक कि जेल में भी डाल दिया गया। फिर भी, इन बाधाओं के बावजूद, वे दमन के सामने चुप रहने से इनकार करते हुए, प्रतिरोध और लचीलेपन के साथ अपनी कलम चलाना जारी रखते हैं।

लोकतंत्र की जीवंत परिदृश्य में, जहां आवाजें गूंजती हैं और राय टकराती है, वहां समाज की बारीकियों, बेतुकेपन और सच्चाइयों को प्रतिबिंबित करने वाला एक अनूठा दर्पण मौजूद है ।यह दर्पण कांच या चांदी का नहीं, बल्कि स्याही और कल्पना का बना है ।इसे कार्टूनिस्ट द्वारा कुशलतापूर्वक चलाया जाता है, एक कलाकार जिसकी कलम तलवार से भी अधिक शक्तिशाली है, और जिसके चित्र व्यंग्य, आलोचना और बुद्धि का भार रखते हैं।

कार्टूनिस्ट हाशिए की आवाजों को बढ़ाने और मजबूत सत्ता संरचनाओं को चुनौती देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। वे अपने कार्टूनों के माध्यम से बेजुबानों को आवाज देते हैं और अन्याय पर रोशनी डालते हैं। चाहे वह शरणार्थियों की दुर्दशा को उजागर करना हो, पुलिस की बर्बरता को उजागर करना हो, या सरकारी भ्रष्टाचार की निंदा करना हो, कार्टूनिस्ट उत्पीड़ितों के चैंपियन और बदलाव के समर्थक के रूप में काम करते हैं।

इसके अलावा, कार्टूनिस्ट लोकतंत्र के प्रहरी के रूप में कार्य करते हैं और सत्ता में बैठे लोगों पर सतर्क नजर रखते हैं। फर्जी खबरों और गलत सूचनाओं के युग में, सच बोलने वालों के रूप में उनकी भूमिका पहले कभी इतनी महत्वपूर्ण नहीं रही। जटिल राजनीतिक मुद्दों को सरल लेकिन प्रभावशाली छवियों में परिवर्तित करके, वे शोर को कम करते हैं और अराजकता के बीच स्पष्टता प्रदान करते हैं।

पत्रकारिता में कार्टून कला एक संपादकीय टिप्पणी के रूप में स्थापित विधा है। वैसे ही जैसे फोटो पत्रकारिता, जिसमें किसी रिपोर्ट के साथ-साथ अनेक बार कोई चित्र संपादकीय टिप्पणी भी होता है। जिस प्रकार पत्रकारिता में किसी न्यूज फोटो के लिए कहा जाता है कि वह एक हजार शब्दों के बराबर होती है, उसी प्रकार कार्टून के लिए भी यही बात कही जा सकती है। किन्हीं विषयों पर एक लंबा-चौड़ा संपादकीय जितनी गहराई से अपनी बात नहीं कह पाता, वह एक छोटा सा कार्टून कह देता है।

कार्टून एक प्रकार से व्यवस्था का प्रतिरोध करते जो ह्यूमर के साथ वार करता है। जैसे हास्य कवि चुटकलों में गहरी टिप्पणी कर जाते हैं या चुटकी ले लेते हैं वैसे ही समाचार माध्यमों के कार्टून भी राजनीतिक और सामाजिक घटनाओं, व्यवस्थाओं तथा फैसलों पर चुटकी लेते हैं, व्यंग्य करते हैं। मगर उनमें एक मिठास भी होती है। वे भयाक्रांत नहीं करते।

कार्टूनिस्ट लोकतंत्र के गुमनाम नायक हैं, जनमत की अदालत में विदूषक हैं ।अपने चित्रण के माध्यम से, वे सामाजिक गतिशीलता, राजनीतिक नाटक और सांस्कृतिक बदलावों का सार पकड़ते हैं ।उनके कार्टून सिर्फ छवियों से कहीं अधिक हैं;वे सामूहिक चेतना की खिड़कियां हैं, जो उन सच्चाइयों को उजागर करती हैं जो कभी-कभी असुविधाजनक होती हैं, अक्सर प्रफुल्लित करने वाली होती हैं, लेकिन हमेशा प्रासंगिक होती हैं।

कार्टूनिस्ट लोकतंत्र का दर्पण हैं, जो इसकी जीत और इसकी कमियों को पूरी ईमानदारी के साथ दशार्ते हैं। वे लोगों की आवाज हैं, जो सीमाओं और विचारधाराओं से परे की भाषा में सत्ता के सामने सच बोलते हैं। जब तक कार्टूनिस्ट अपनी कलम चला रहे हैं, लोकतंत्र कभी भी हंसी, आलोचना या आशा से रहित नहीं होगा।

# जीतेगी पार्टी, हारेगी जनता


डॉ. अजय कुमार मिश्रा

18वीं लोकसभा के गठन के लिए चुनाव प्रक्रियारत है` देश में अनेकों राजनैतिक पार्टियाँ अपना भविष्य आजमा रही है जबकि मुख्य रूप से दो पार्टी बीजेपी और कांग्रेस सत्ता पाने की दौड़ में है` एक तरफ एनडीए का गठबंधन और दूसरी तरफ इंडिया का गठबंधन अपने अनुभव के आधार पर सत्ता का ख्वाब देख रहा है` देश को मिली आजादी के बाद से अनेकों अप्रत्याशित बड़े बदलाव हुए है पर यह भी जमीनी सच्चाई है की अपेक्षित प्रगति और बदलाव आज तक नहीं हुआ है जिसकी वजह से अस्थिरता और व्यापक अंतर हर तबकें में विद्यमान है` दुनियां के सबसे बड़े लोकतंत्र में निष्पक्ष चुनाव भी विवादों से बच नहीं पाया है` यदि आप कुछ लोगों से और राजनैतिक पार्टियों के प्रवक्ताओं से बात करेगे तो ईवीएम पर भी बड़ा प्रश्न समझ में आयेगा` पर इन सभी बातों के बीच एक महत्वपूर्ण बात जो आजादी के बाद से चली आ रही है उस पर ध्यान शायद ही किसी का हो और इस लोकसभा चुनाव भी यही होगा झ ह्लजीतेगी पार्टी, हारेगी जनताह्व यह केवल एक वाक्य नहीं है बल्कि अपने देश की वास्तविक सच्चाई भी है यह तभी समझ में आयेगा जब आप निष्पक्ष और गहराई से इसका आकलन करके निष्कर्ष पर पहुँच पाए`

साम्प्रदायिकता : आप क्या है ? एक इन्सान या फिर एक जाति और धर्म जिसे मानवीय नेतृत्व ने निर्धारित किया है` आजादी के पश्चात से लेकर अभी तक में साम्प्रदायिकता अपने चरम पर है` शिक्षित और अशिक्षित सभी श्रेणी के लोगों में इसका जहर अपना अमिट प्रभाव बना चुका है जिसका खामियाजा छुट-पुट रूप में दिख रहा है पर आगामी समय में इसके बड़े दुष्परिणाम को रोकना लगभग असम्भव होगा और यदि आप यह सोच रहे है की आप इससे बचे रह जायेगे तो आप गलत हो क्योंकि इसका खामियाजा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष तौर पर सभी को कुछ न कुछ उठाना पड़ेगा हां प्राप्त नुकसान का प्रतिशत कम या अधिक हो सकता है और हाँ इस बात के लिए सभी राजनैतिक पार्टियों को बराबर का जिम्मेदार बनाया जा सकता है`

भ्रष्टाचार : दशकों से अलग अलग नेतृत्वकताओं के द्वारा किया गया प्रॉमिस और बनाये गए नियम एक बार नहीं लगातार विफल सभी को दिखाई दे रहें है `समय और तकनीकी के विकास के साथ भ्रष्टाचार का नया स्वरुप सामने आया है कमी होने के बजाय इसमें वृद्धि हुई है` इसके लिए मुख्य रूप से जिम्मेदार किसे बनाया जाय यह कहा नहीं जा सकता, क्योंकि अघोषित इस संगठन के कितने हिस्से और लोग है आज तक किसी को नहीं पता` पर यह आपके जीवन का एक अभिन्न हिस्सा हो गया है और यह कहा जा सकता है की यह कुछ एक को छोड़ करके सभी के ब्लड में शामिल हो गया है`

आजादी पर रोक : आजादी के पश्चात से लेकर आज तक सभी सत्ताधारियों ने अपने हित के लिए अनेकों लोगों की आजादी पर रोक लगायी है फिर चाहे जेल में डालना हो या लोगों को पब्लिक में जाने से रोकना या फिर लोगों को एकजुट होने से तोड़ना हो` आखिर आज भी कोई निर्भय होकर कुछ बातों का प्रश्न जान सकता है क्या ? यह कहा जा सकता है नहीं और ऐसे में समय के बढ़ने के साथ साथ इसमें अधिक रोक की सम्भावना दिखाई पड़ रही है`

बेरोजगारी : जब देश पर शासन करने वाले लोगों को सरकारी बैलेंसशीट लाभ में चाहने लगे तो रोजगार की अपेक्षा करना सबसे बड़ा झूठा ख्वाब देखने जैसा है` अब सरकारें चाहें वो केंद्र की हो या राज्य की सभी रोजगार के मुद्दे को लेकर विफल हो चुकी है` बढ़ती कॉन्ट्रैक्ट प्रणाली, निजीकरण भले ही सरकारी रोजगार खत्म कर रहें हो पर इस बात को भी झुठलाया नहीं जा सकता की ठेका प्रणाली के विस्तार से आज कार्यरत सभी आदमी मानसिक बीमारी का शिक ार है जिसका आकलन भी कोई नहीं करना चाहता` कार्य के घंटे, भुगतान, शिकायत निवारण न होना जैसे अनेकों ऐसी बातें है जो आम आदमी के जीवन को खत्म कर रही है`बढ़ती महंगाई और सीमित होते सामाजिक कार्य : महंगाई की स्थिति इतनी भयानक है कि आज हर आदमी अपनी जमीनी आवश्यकताओं से समझौता कर रहा है वही दूसरी तरफ आम आदमी के हितों की अनदेखी के साथ साथ सरकारी योजनाओं की घटती संख्या उनमे अवसाद उत्पन्न कर रही है ` वैश्विक मानकों के तहत आज देश में शायद ही कोई प्रभावशाली योजना हो जो आम आदमी के जीवन में ऐतिहासिक बदलाव सहयोग करके ला रही हो`

लिखने और कहने को अनेकों मुद्दे और बातें है पर वर्तमान सच्चाई यह है की दशकों पूर्व हम जिन मुद्दों से लड़ र-हे थे अब वो मुद्दे अपने नए स्वरुप में सभी के सामने है और समाधान किसी के पास नहीं है जमीनी आवश्यकता रोटी, कपड़ा, मकान, रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, न्याय से दशको पहले हम अपने जीवन में इनकी अनुपस्थिति से लड़ रहे थे ।

# इन 10 वर्षों में झूठ और फरेब के सिवा जनता को कुछ नहीं मिला:चंपई सोरेन




उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के मथुरा महतो ने नामांकन दाखिल करने के उपरांत यहां के सेक्टर पांच स्थित पुस्तकालय मैदान में जनसभा का आयोजन किया गया। इस जनसभा में बतौर मुख्य तिथि झारखंड के मुख्यमंत्री चंपई सोरेन उपस्थित हुए । उन्होंने कहा कि जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी है । इन 10 वर्षों में झूठ और फरेब के सिवा जनता को कुछ नहीं मिली है । उन्होंने कहा कि जनता को हर 5 साल में ऐसी सरकार को वोट के माध्यम से जवाब देने का मौका मिलती है। इस मौके पर मथुरा प्रसाद महतो ,सुब्रतो भट्टाचार्य, हीरालाल मांझी सहित गठबंधन दल के कई नेता व कार्यकर्ता मौजूद रहे.

## इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने नामांकन किया

**बोकारो ।** गिरिडीह संसदीय लोकसभा क्षेत्र से उपायुक्त विजया जाधव के समक्ष इंडी गठबंधन के प्रत्याशी मथुरा प्रसाद महतो ने दो सेट में नामांकन पर्चा दाखिल किया।नामांकन के दौरान गठबंधन दलों के कई बड़े नेता मंत्री मौजूद थे। वही नामांकन के बाद झामुमो प्रत्याशी मथुरा प्रसाद बाहर निकलते हुए उन्होंने पत्रकार से बात करते हुए कहा कि कार्यकर्ता के बल पर ही चुनाव लड़ा जाता है। कार्यकर्ता में उत्साह है और आने वाले 25 तारीख को यही कार्यकर्ता व जनता भारी मतों से हमें जीतने का काम करेगी। वहीं उन्होंने कहा कि हम जीत रहे हैं और जनता पर पूरा मेरा भरोसा है वह हमें जीत दिलाएगा।ततपश्चात सेक्टर 5 पुस्तकालय मैदान में आयोजित आम सभा के रवाना हो गए।



## धनबाद में अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंदा, मौत



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**धनबाद।** शहर के बिरसा मुंडा पार्क स्थित आठ लाइन पर सोमवार को अनियंत्रित स्कॉर्पियो ने स्कूटी सवार दो बहनों को रौंद दिया, जिससे दोनों की मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने स्कॉर्पियो सवार प्रदीप मंडल और राजू मंडल को पकड़कर मौके पर पहुंची धनबाद थाना पुलिस के हवाले कर दिया। मृतकों में डिनोबली स्कूल भूली की नौवीं की छात्रा जिया और उसकी बड़ी बहन है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार स्कॉर्पियो मेमको मोड़ की तरफ से विनोद बिहारी चौक की तरफ से काफी तेज गति से आ रही थी। इस बीच स्कॉर्पियो दो लेन का डिवाइडर फांद कर तीसरी लेन में आ गया। इसी दौरान सामने से आ रही स्कूटी को स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी, जिससे दोनों बहनों की मौत हो गई। इस घटना में स्कॉर्पियो चालक प्रदीप मंडल और राजू मंडल स्कॉर्पियो का एयरबैग खुलने से बच गए। उन्हें इस घटना में मामूली चोटें आईं है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच-पड़ताल कर रही है।

## संक्षिप्त खबरें

भाकपा माले के कार्यालय में मुगमा क्षेत्र के सभी ट्रेड यूनियन के संयुक्त मोर्चा की बैठक की।

एग्यारकुंड। सोमवार को खुदिया सेटर पुल मे भाकपा माले के कार्यालय में मुगमा क्षेत्र में सभी ट्रेड यूनियन के संयुक्त मोर्चा की बैठक की। बैठक की अध्यक्षता शशि भूषण तिवारी ने किया। बैठक में सभी श्रम संगठन की सर्वसम्मति से 15 सदस्यीय समन्वय समिति बनाई गई जिसके संयोजक राष्ट्रीय कोलियरी मजदूर यूनियन इंटक के कार्यकारी अध्यक्ष शशि भूषण तिवारी और सह संयोजक राकोमयू और पूर्व जिला परिषद सदस्या दुर्गा दास व सीटू गणेश धर को बनाया गया। बैठक में सभी श्रम संगठन के वक्ताओं ने कहा कि कांग्रेस सह इंडिया गठबंधन की प्रत्याशी अनुपमा सिंह को निरसा विधानसभा से धनबाद लोक सभा चुनाव में ज्यादा से ज्यादा वोट गिरवाना है जिससे अच्छे मत अंतर से विपक्षी को हराकर मजदूरों की आवाज को दिल्ली में लोकसभा में आवाज को बुलंद करेंगी। बैठक में गणेश धर, कृष्णा सिंह, जगदीश शर्मा धर्मेंद्र कुमार सिंह,झारखंड प्रदेश इंटक के संयुक्त महामंत्री व राष्ट्रीय इंटक के सचिव श्यामल कु० सरकार,डीभीसी कर्मचारी संघ ( इंटक ) के सचिव सदन सिंह,कांग्रेस नेत्री एवं पूर्व जिला परिषद सदस्या,प्रदेश सचिव सह पीसीसी डेलिकेट सह चंदनकयारी विधान सभा प्रभारी दुर्गा दास,हरेंद्र सिंह,शिवाकांत पांडेय,मधु गुरु,संजय पालित, शशि भूषण तिवारी, जयदेव पात्रा, विपीन मंडल, गोपाल राम, सत्येंद्र सिंह

## एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में नोडल पदाधिकारी ने 162 बीएलओ एवं 16 बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर की बैठक

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**एग्यारकुंड।** एग्यारकुंड प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को नोडल पदाधिकारी प्रमोद कुमार झा की अध्यक्षता में 162 बीएलओ एवं 16 बीएलओ पर्यवेक्षकों के साथ लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर एक आवश्यक बैठक की गई। बैठक में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के निमित्त स्विफ्ट कार्यक्रम 7 मई 2024 को सोशल मीडिया महा अभियान का आयोजन प्रत्येक मतदान केंद्र पर किए जाने है। बीएलओ को मतदाता सूचना पंजी का वितरण, मतदाता सूचना पर्ची का वितरण, व्यक्तिगत रूप से मतदाताओं के बीच जाकर करने,प्रत्येक दिवस को मतदाता सूचना पर्ची का वितरण करने के पश्चात एब्सेंट ,शिफ्टेड,डेथ,पुराने एपिक वाले मतदाताओं की संख्या विहित प्रतिवेदन में बीएलओ पर्यवेक्षक को सौंपने, मतदाता सूचना पर्ची 355 बीएलओ केमूल हस्ताक्षर से निर्गत करने,आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा करते हुए निदेशित किया। इस अवसर पर भीम रविदास,लालू रविदास, धीरेंद्र तिवारी, सलीम, माधव, पंकज कुमार सिंह, सिमरन नाग, काली चरण कुमार,मंसूर रहमान, प्रमोद कुमार, संदीप,पवन करण, संजय मंडल, परवीन बानो, रेणु प्रसाद, रजिया खातून, इंद्रानी दत्ता, प्रतिभा बाउरी, सरिता देवी, संगीता देवी सरस्वती, मीलू घोष, प्रीति सहनी, श्रीदेवी, सावित्री बाउरी, रेखा बाउरी, आदि उपस्थित हुए।



## धनबाद लोकसभा प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए विशाल वाल्मीकि ने लिया संकल्प

**धनबाद:** विशाल फोर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल बाल्मीकि ने सोमवार को बेरमो विधायक कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से मुलाकात कर धनबाद लोकसभा से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को अपना समर्थन दिया। साथ ही बेरमो विधायक



कुमार जयमंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से धनबाद लोकसभा चुनाव को लेकर विशेष चर्चा कर विचार विमर्श किया गया।साथ ही धनबाद लोकसभा से महागठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह की जीत सुनिश्चित करने के लिए विशाल फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने संकल्प लिया।इस दौरान विशाल फोर्स संगठन के केंद्रीय अध्यक्ष विशाल वाल्मीकि ने कहा कि विशाल फोर्स संगठन एक सामाजिक संगठन है,जो समाजिक सेवा में अग्रसर है हमारा संगठन द्वारा गरीब मजदूर एवं युवाओं के हक अधिकार की आवाज उठाने का कार्य क्षेत्र में लगातार की जा रही है।

## अमर कुमार का भाजपा कार्यलय मे विधायक अपर्णा सेन गुप्ता ने किया जोरदार स्वागत



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**निरसा।** माननीय नेता प्रतिपक्ष श्री अमर कुमार बाउरी का निरसा विधानसभा में आगमन पर निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता ने पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव के निमित्त निरसा पाण्ड्रा मोड़ भाजपा पार्टी कार्यालय में संगठनात्मक बैठक को श्री अमर कुमार बाउरी ने संबोधित कर कार्यकर्ता में जोश भरने का काम किया,और कहां आदरणीय प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरा देश तेजी से आगे बढ़ रहा है आपका प्रत्येक वोट देश के विकास को और नई गति देगा,कांग्रेस तुष्टीकरण करते हुए दलित, आदिवासी, अति पिछड़ा समुदाय के आरक्षण को छीनकर, वर्ग विशेष को आरक्षण देना चाहती है जो कि संविधान पर डाका डालने के समान है।कांग्रेस पार्टी देश को विभाजित, समाज को तोड़ने और राष्ट्र को कमजोर करने वाली ताकतों को मजबूत करने का काम करती है। इस दौरान लोकसभा संयोजक सत्येंद्र कुमार, डब्लू बाउरी,जयप्रकाश सिंह, जिला परिषद संजय सिंह, संजय सिंह ,जिला मंत्री दीपा दास, संजय महतो, शिवकुमार दारुका, विधानसभा कोर कमेटी के सदस्य गण, जिला पदाधिकारी गण,मंडल अध्यक्ष गण एवं मंडल पदाधिकारी गण, मंच मोर्चा के अध्यक्ष गण आदि उपस्थित थे।

## दुर्घटनाओं के मामले में जल्द हो मुआवजा का भुगतान, जिला जज ने इंश्योरेंस कंपनियों को दिया निर्देश

- दिया ज्यादा से ज्यादा विवादों के निपटारा का निर्देश
- आठ जून को मोटर यान दुर्घटना दावा पर विशेष लोक अदालत

**धनबाद:** झारखंड विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा सिविल कोर्ट धनबाद में आठ जून 24 को एक दिवसीय मोटर यान दुर्घटना दावा से संबंधित मुकदमों के निपटारे के लिए स्पेशल लोक अदालत का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर व्यापक स्तर पर तैयारी चल रही है। इसी कड़ी में सोमवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन सह धनबाद के प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों, अधिवक्ताओं के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने इंश्योरेंस कंपनियों को निर्देश दिया कि ज्यादा से ज्यादा विवादों का निपटारा नेशनल लोक अदालत में कराएं ताकि पक्षकारों को परेशानी ना हो,और उन्हें उचित मुआवजा मिल सके। बैठक के दौरान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने ढीले ढाले रवैया के कारण इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारियों को फटकार भी लगाई। इस बाबत जानकारी देते हुए प्राधिकार के सचिव सह अवर न्यायाधीश राकेश रोशन ने बताया कि 8 जून को मोटर यान दुर्घटना दावा अधिनियम के मामलों के निपटारे के लिए विशेष लोक अदालत लगाई गई है जिसके लिए 3 जून से लेकर 7 जून तक प्री सिटिंग बैठक भी आयोजित की गई है। न्यायिक पदाधिकारी को भी जिला जज ने निर्देश दिया है इस मौके पर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रजनीकांत पाठक, प्रभाकर सिंह, सुजीत कुमार सिंह, डी सी अवस्थी, स्वयंभू, कुलदीप, नीरज विश्वकर्मा, एस एन मिश्रा, प्रफुल्ल कुमार, संजय कुमार सिंह, साकेत कुमार, अंजनी अनुज, पारस कुमार सिन्हा, राकेश कुमार, इंश्योरेंस कंपनी के अधिकारी, अधिवक्ता उपस्थित थे।



## टुंडी में शांतिपूर्ण निष्पक्ष मतदान कराने के लिए प्रशासन कृत संकल्पित है : शैलेन्द्र कुमार चौरसिया

**टुंडी :** टुंडी बीडीओ सह अंचलाधिकारी शैलेन्द्र कुमार चौरसिया से हुई वातालाॅप के अनुसार टुंडी प्रखंड में आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष मतदान होगा। इसके साथ ही मतदान की प्रतिशत में हर हाल में बढ़ोतरी होगी। ये बातें टुंडी बीडीओ सह अंचलाधिकारी शैलेन्द्र चौरसिया ने विशेष मुलाकात में कही। वे टुंडी प्रखंड के 17 पंचायत में हर दिन अहले सुबह गांव-गांव घूम - घूम कर मतदाताओं को जागरूक।



## पूर्णिया बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने निरसा मे इंडी गठबंधन प्रत्यासी अनुपमा सिंह को जिताने को लेकर की बैठक

# दस साल के कार्यकाल में भाजपा ने धनबाद को क्या दिया, आज तक एक भी कारखाने या कोई अन्य संस्थान नही लगाया : पूर्व सांसद पप्पू यादव

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**निरसा।** निरसा कांग्रेस कमेटी के प्रखंड अध्यक्ष डीएन प्रसाद यादव के नेतृत्व में उनके आवासीय कार्यालय में सोमवार को पूर्णिया बिहार के पूर्व सांसद पप्पू यादव ने बैठक किया। बैठक के दौरान श्री यादव ने कहा कि जब देश की सबसे बड़ी त्रासदी कोरोना आई उस वक्त आम लोगों को किसकी जरूरत थी। उस वक्त पीएम नही आये गरीबों को सहयोग करने। उस वक्त सिर्फ पूरे देश के लोगों को पप्पू यादव ने मदद करने का काम किया है। सिर्फ पांच किलो अनाज दे देने से देश का भला नही होने वाला। महंगाई के चलते लोग ना सही से पढ़ पा रहे है ना ही खाना खा पा रहे है। इस पर पीएम क्यों नही विचार करते। आज के समय मे आम जनता को चालीस से एक लाख की आमदनी होनी चाहिए थी। ताकि आम लोग भी अपने बच्चे को अच्छी शिक्षा, कपड़ा व मकान दे पाते। मगर सरकार इस विचार नही कर जात पात की बात कर चुनाव में लोगों को बरगलाने का काम कर रहे है। पीएम के दस साल के कार्यकाल में धनबाद को क्या मिला। आज तक एक भी कारखाने या कोई अन्य संस्थान नही लगे। जिससे कि यहां के लोगों को रोजगार मिल सके। झारखंड गरीब और आदिवासियों का राज्य है। आज पीएम मोदी कांग्रेस को कोष रहे है। मगर ये इलेक्ट्रॉनिक, एम्स को किसने लाया। मोदी अपनी उपलब्धियों पर बात नही करते बल्कि कांग्रेस को कोष कर जनता को सच्चाई से दूरी बनाए रखते है। दस साल में कोई काम मोदी की सरकार ने नही किया। नोटबंदी में मां बहनों का पैसा मोदी सरकार लेकर पचा गई। क्या हुआ उन पैसो का इसका हिसाब दे। इस बैठक मे संतोष राय,बबलू दास, सकलदेव प्रसाद, मौजूद शेख, अनिल यादव, मिथिलेश यादव, रविंद्र यादव, कल्लू मिया आदि उपस्थित थे।



### मासस प्रत्याशी पहुंचे वासेपुर, मांगा आशीर्वाद

# चुनाव जीता तो बदल दूंगा धनबाद का नक्शा:जगदीश

**धनबाद :** नामांकन दाखिल करने के बाद मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने अपना दौरा तेज कर दिया है। वे मतदाताओ से मिल कर अपने पक्ष में मतदान करने की भी अपील कर रहे हैं। रविवार की देर रात मासस प्रत्याशी का काफिला मुस्लिम बहुल क्षेत्र वासेपुर पहुंचा। वे यहां ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस झारखंड अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मुख्तार अहमद के आवास पहुंचे और मासस के पक्ष में वोट करने की अपील की। इस दैरान श्री अहमद ने प्रत्याशी को पुष्प गुच्छ देकर उनका स्वागत अभिनंदन किया। दोनो नेताओं के बीच लंबी बातचीत का दौर चला। इस दौरान जगदीश रवानी ने कहा कि कांग्रेस मुसलमानों को केवल वोट बैंक बना कर इस्तेमाल कर रही है। वहीं भाजपा भी मुसलमानों के खिलाफ आग उगल रही है। ऐसे में मासस एक बढ़िया विकल्प है। उन्होंने कहा कि अगर वे चुनाव जीते तो धनबाद का नक्शा बदल देंगे। इस मौके पर डॉ संजय कुमार रजक, आमिश खान, शादाब आलम, नुमान, मनव्वर, आरिफ, तनवीर आदि मौजूद थे।



# शिक्षित प्रत्याशी से धनबाद का विकास संभव : सीता राणा



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**धनबाद।** इंडिया गठबंधन से धनबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह को जीत दिलाने के लिए धनबाद जिला महिला कांग्रेस कमिटी की जिलाध्यक्ष सीता राणा ने निरसा विधानसभा क्षेत्र में तूफानी दौरा किया। सीता राणा श्यामपुर पंचायत, थापर नगर पंचायत, भुरकुंडा पंचायत पाथर कुंआ पंचायत में सघन जन संपर्क अभियान चलाया। इस दौरान महिलाओं और पुरुषों के साथ युवा वोटरों से मुलाकात की और कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह के लिए वोट मांगा। सीता राणा मौके पर कहा कि धनबाद का विकास एक शिक्षित प्रतिनिधि ही कर सकता है। कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह शिक्षित और कुशल नेतृत्व की क्षमता रखती है। अनुपमा सिंह के नेतृत्व में धनबाद का विकास तेजी से होगा। धनबाद के व्यापारियों को जहां सुरक्षित माहौल मिलेगा वही महिलाओं के सम्मान और सुरक्षा के साथ सशक्तिकरण का कार्य होगा। युवाओं को सुरक्षित रोजगार मिलेगा। धनबाद के किसानों को फसल का उचित दाम मिलेगा। सीता राणा ने कहा कि धनबाद का विकास और महिला सशक्तिकरण के लिए अनुपमा सिंह को वोट कीजिए और भारी मतों से विजई बनाएं। महिला कांग्रेस की सदस्यों ने बाउरी टोला, मांझी टोला में घर घर जाकर महिलाओं से मिलकर प्रचार किया।

# गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये 11 प्रत्याशी मैदान में

## निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन तैयार।

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह अमित सहाय :** गांडेय विधानसभा उपचुनाव के लिये कुल 13 प्रत्याशियों ने नामांकन कराया था। जिनमे दो अभ्यर्थियों का नामांकन प्रपत्र स्क्रूटनी के दौरान रद्द किया गया शेष बचे 11 प्रत्याशियों को सोमवार को गांडेय विधानसभा उपचुनाव के निर्वाची पदाधिकारी सह डीएसओ गुलाम समदानी ने चुनाव चिन्ह आवंटित कर दिया है। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त नमन प्रियेश लकडा, उप निर्वाचन पदाधिकारी रँथु महतो, जिला जनसम्पर्क पदाधिकारी अंजना भारती आदि मुख्य रूप से मौजूद थे।




सोमवार को प्रेसवार्ता कर निर्वाची पदाधिकारी सह डीएसओ गुलाम समदानी ने कहा कि गांडेय विधानसभा उप चुनाव की मतदान तिथि कोडरमा लोक सभा के मतदान के साथ 20 मई को प्रातः 7=00 बजे से 05=00 बजे अपराह्न तक निर्धारित है। उन्होंने क्षेत्र के सभी मतदाताओं से अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करने की अपील किया।

चुनाव उपचुनाव में खडे ग्यारह प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला 20 मई को ईवीएम में दर्ज करेंगे। निष्पक्ष और भयमुक्त वातावरण में चुनाव सम्पन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन तैयार।

आवंटित चुनाव चिन्ह निम्न प्रकार है =

कल्पना मुर्मू सोरेन झामुमो तीर कमान, दिलीप कुमार वर्मा भाजपा कमल, इंतेखाब अंसारी पतंग, ताहिर अंसारी राष्ट्रीय समानता दल कैंची ,अर्जुन बैठा निर्दलीय बल्लेबाज,अवधेश कुमार सिंह निर्दलीय -ऑटो रिक्शा ,मो कौसर आजाद निर्दलीय अलमारी, गुलाब प्र वर्मा निर्दलीय एयरकंडीश्नर, मो सब्बीर अंसारी निर्दलीय चूडियां,शहादत अंसारी निर्दलीय डीजल पम्प,मो सईद आलम निर्दलीय सेब.।

## बिरनी सीओ ने लोगों को अधिक मतदान करने के लिए चलाया मतदाता जागरूकता अभियान।




**बिरनी /गिरिडीह :** आगामी लोकसभा चुनाव में आम मतदाताओं को वोटिंग के लिए जागरूक करने को लेकर बिरनी सीओ सारांश जैन ने अपने अधीनस्थ प्रखण्ड खुरजीओ गांव में कहा कि पहले मतदान फिर जलपान , वोट जरूर करेंगे, जो करेगा विकास उसको करेंगे वोट, वोट हमारा है अधिकार, सत्य और ईमान से सरकार बने मतदान से विकास, लोकतंत्र में हम करेंगे मतदान समेत कई नारे लगा रहे थे। इस बाबत सीओ सारांश जैन ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश पर लोगों को जागरूक करने के लिए रैली निकाली गई , कहा कि मतदान करना लोगों का पहला कर्तव्य होता है, बिरनी में भी लोगों को ब?च? कर मतदान करने का अपील किया गया। मौके पर कई लोग उपस्थित थे।

## निर्वाचन संबंधी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए

**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त आज समान्य प्रेक्षक, श्री आलोक कुमार सिंह के द्वारा 05 कोडरमा लोकसभा संसदीय क्षेत्र तथा 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के तहत सभी निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों को निर्वाचन संबंधी दिशा निर्देशों के संबंध में बैठक आयोजित की गई। बैठक में निर्वाचन संबंधी महत्वपूर्ण बिंदुओं के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान निर्वाचन संबंधी कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी, व्यय प्रेक्षक, विभिन्न राजनीतिक पार्टी के सदस्य समेत अन्य संबंधित अधिकारी ।

## व्यय प्रेक्षक, श्री गांधी डोंठी ने निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों का लिए जायजा



**गिरिडीह :** लोकसभा आम निर्वाचन व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव के निमित्त सोमवार को व्यय प्रेक्षक, श्री गांधी डोंठी के द्वारा 20 बरकथा विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन को लेकर की गई तैयारियों का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकथा विधानसभा से निर्वाचन को लेकर क्या क्या तैयारियां की गई है, इसका उचित जानकारी प्राप्त की तथा कई बिंदुओं को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इसके अलावा उन्होंने एसएसटी/एफएसटी के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा कई दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उनके कार्य दायित्व के संबंध में कई निर्देश दिए गए। साथ ही उन्होंने सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकथा के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त कर निर्वाचन के कार्यों को स-समय पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। इस दौरान श्रम अधीक्षक, सहायक निर्वाची पदाधिकारी, 20 बरकथा समेत निर्वाचन के कई अधिकारी उपस्थित थे।

## पुलिस ने हथकड़ी लगायें हुए करवाया प्रेमी को प्रेमिका के साथ विवाह

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**गिरिडीह :** गिरिडीह जिला अंतर्गत दुखिया माहदेव में पुलिस ने हथकड़ी लगे हुए प्रेमी को गिरिडीह जेल से लाकर प्रेमिका के साथ सोमवार को दुखिया महादेव मंदिर में विवाह करवाया दिया। युवक की हथकड़ी को पकड़ा हुआ एक पुलिसकर्मी मौके पर खड़ा था और युवक तमाम वैवाहिक रस्मों को पूरा कर रहा थी। बताया गया कि गावां थाना क्षेत्र के पिहरा के रहने वाले गुलशन कुमार और जमुआ थाना के बदडीहा की कल्पना कुमारी का प्रेम प्रसंग चार साल से चल रहा था। युवती के घर वालों को पता चलते ही युवती के परिजनो ने युवक पर केस मुकदमा थाना में दर्ज कर दिया। जिसकें बाद युवक जेल चला गया, हालाकि युवती की जिद के आगे उसके परिजन हार गए और दोनों परिवारों में सुलह समझौता हुवा। जिसके बाद सीधे जेल से लाकर हथकड़ी के साथ ही युवक को दुखहरन नाथ मंदिर गिरिडीह में विवाह के मंडप में बिठा दिया गया और यहां राजी खुशी से दोनों के परिवार वालों की मर्जी से दोनों का विवाह सम्पन्न हुआ। बताया गया कि युवक को फिर जेल ले जाया जाएगा और सुलह समझौते के आधार पर हुए करारनामें को लेकर इसे कोर्ट से बेल मिल जाएगा उसके बाद वह जेल से छूट जाएगा।



# छोटकी खरगडीहा में भाजपा चुनावी कार्यालय का किया उद्घाटन

**बेंगाबाद=** बेंगाबाद चतरो मुख्य मार्ग स्थित छोटकीखरगडीहा मे सोमवार को भारतीय जनता पार्टी चुनावी कार्यालय का उद्घाटन छोटकीखरगडीहा मंडल अध्यक्ष मितनारायण वर्मा की अध्यक्षता में फीता काटकर की गई ।इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री रामप्रसाद यादव महेंद्र प्रसाद वर्मा कामेश्वर पासवान मनीष वर्मा रंजीत मरांडी प्रोफेसर अर्जुन वर्मा इंद्र नारायण वर्मा स्थानीय मुखिया सुनीता देवी शालिनी बैरखियार समेत सैकड़ो कार्यकर्ता मौजूद थे ! इस दौरान कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा जिला मंत्री राम प्रसाद यादव ने कहा कि कोडरमा लोकसभा चुनाव के प्रत्येक क्षेत्र में अभूतपूर्व विकास कार्य हुए हैं। उन्होंने कहा कि विकास के बल पर भारतीय जनता पार्टी बहुत बड़े अंतर से गांडेय और कोडरमा मे विजयी पताका लहराएगी। भाजपा नेता अर्जुन वर्मा ने कहा कि गांडेय विधानसभा उपचुनाव सहित संपूर्ण प्रदेश में माहौल भाजपा के पक्ष में है। कार्यकर्ताओं में अपार उत्साह है और इसी का परिणाम है कि भारत में तीसरी बार पुन= भारतीय जनता पार्टी भारी बहुमत के साथ सरकार बनाने जा रही है। अनुसूचित जनजाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष रंजीत मरांडी ने कहा कि आदिवासी समाज भी अब जान चुके हैं कि भाजपा के सिवाय देश को चलाना किसी के बस की बात नहीं है कहा कि आदिवासी क्षेत्र में जनसंपर्क के दौरान हर जनजातियों को गांडेय उपचुनाव और कोडरमा लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की जा रही हैं छोटकी खरगडीहा मंडल अध्यक्ष मितनारायण वर्मा ने कहा कि गांडेय उपचुनाव और कोडरमा लोकसभा भाजपा की झोली में सुनिश्चित है इसके पूर्व भाजपाईयों ने सामूहिक रूप से चुनावी कार्यालय का उद्घाटन कर कार्यकर्ताओं के बीच मिठाइयां वितरण की।इस अवसर पर प्रो. अर्जुन प्रसाद वर्मा इंद्रलाल वर्मा भागीरथ साव रेनू लाल चौरसिया मुन्ना सिंह बैजनाथ यादव महादेव साव खुसरो पंडित प्यारी राणा मदन राणा कैलाश यादव उदित नारायण सिंह शालिनी बैरखियार उपेंद्र सिंह हरिहर यादव के अलावे सैकड़ो लोग मौजूद थे।



## निर्दलीय उम्मीदवार ने खुखरा,बाधटांड समेत कई पंचायत का किया दौरा



**डुमरी=** प्रखंड के बेरहा सूईयाडीह पंचायत के मुखिया व क्षेत्र के सामाजिक कार्यकर्ता सह गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार सुबोध यादव सोमवार को पीरटांड़ प्रखंड के कठवारा, कुम्हारलालो,नावाडीह, घोरचांची, चिलगा,ताराटांड़,बिशुनपुर,जमुआ,ब रदही, पदनाटाड, खरपोका,बरियारपुर,खुखरा,बाधटांड का दौरा कर और लोगों से संपर्क कर अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।जनसंपर्क करने के बाद सुबोध यादव ने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के हर वर्ग के मतदाताओं का समर्थन उन्हें मिल रहा है और यदि वह लोकसभा का चुनाव जीतते हैं तो बेरोजगारों,युवाओं, मजदूरों,किसानों,शोषितों वंचितों का आवाज संसद में उठाकर उनके समस्याओं का समाधान करने का काम करेंगे साथ ही महिला सुरक्षा,स्वास्थ्य,शिक्षा, पेयजल में सुधार और पलायन पर रोक,सरकारी दफ्तरों में हावी अफसरशाही व बिचौलियों पर अंकुश लगाना प्राथमिकता रहेगी जबकि ऊनका सादा जीवन पारदर्शी जीवन और सबको सम्मान की नीति पर वह काम करेंगे।

## 16 मई को पेशम में पीएम ने चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे



**बिरनी/गिरिडीह :** बिरनी आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर 16 मई को गिरीडीह जिला के बिरनी प्रखंड क्षेत्र के पेशम के अडवार मैदान में पीएम नरेंद्र मोदी चुनावी जनसभा को सम्बोधित करेंगे।। जिसके लिए अभी से ही जाँच में पुलिस जुट गई है।।सोमवार को सरिया एसडीपीओ धनंजय राम,इंस्पेक्टर ज्ञान रंजन,सीओ सारांश जैन,भरकट्टा ओपी प्रभारी आकाश भारद्वाज सोमवार को पेशम अडवार मैदान पहुचे,स्थल का जाँच प?ताल किया।।जिसमें मुख्य मार्ग का चिन्हित किया गया।।पार्किंग स्थल का चिन्हित किया गया।।जिसमे गादी पंचायत भवन के पास,पेशम क्रिकेट मैदान, खाखीपिपर पेशम के बीच मैदान में अन्य जगहों पर पार्किंग स्थल का चिन्हित किया गया।।जिसमें मौके पर मीडिया प्रभारी, नारायण पांडेय,।

## एसडीपीओ डुमरी के नेतृत्व में मतदाताओं को स्वतंत्र रुप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए किया प्रेरित

**डुमरी=** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शर्मा के आदेशानुसार सोमवार को एसडीपीओ डुमरी सुमित प्रसाद के नेतृत्व में थाना प्रभारी निमियांघाट राणा जंग बहादुर सिंह एवं थाना प्रभारी डुमरी प्रिनन समेत अन्य पुलिस पदाधिकारीगण के साथ गिरिडीह लोकसभा के डुमरी विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेसर्स के तहत डुमरी थाना क्षेत्र के हरिजन टोला,बड़की बेरगी, सुईयाडीह,चालमो बरहमसिया एवं निमियाघाट थाना क्षेत्र के लक्ष्मणटुण्डा,तेलियाटुण्डा एवं आसपास के क्षेत्रों में वहां के मतदाताओं को स्वतंत्र रुप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया गया।



वहीं मतदान के लिए जागरूक करने हेतु जागरूकता अभियान भी चलाया गया।सभी मतदाताओं को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई मतदाता मार्गदर्शिका पत्र दिया गया।मतदाताओं को मतदाता प्रतिज्ञा पढ़कर एवं पढ़वा कर बिना प्रलोभन के मतदान हेतु शपथ दिलाई गई।साथ ही सभी को इसका पालन करने के लिए प्रेरित किया गया।जिसके फलस्वरूप मतदाताओ ने अपना मताधिकार का प्रयोग कर अपना बहुमूल्य मत दान करने का वचन दिया।मतदाताओं ने जो शपथ पत्र व प्रतिज्ञा पत्र पढ़ा उसका सार है हम भारत के लोग लोकतंत्र में अपनी पूर्ण आस्था रखते हुए यह शपथ लेते हैं कि हम अपने देश की लोकतांत्रिक परम्पराओं की मार्यादा को बनाए रखेंगे तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन की गरिमा को अक्षुण्ण रखते हुए निर्भीक होकर धर्म,वर्ग,जाति,समुदाय,भाषा अथवा अन्य किसी भी प्रलोभन से प्रभावित हुए बिना सभी निर्वाचनों में अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे।

## एक-नजर

### झारोटेफ जिला अध्यक्ष धनबाद जय होरो की बेटियाँ की सड़क दुर्धटना में मौत, गिरिडीह जिला अध्यक्ष की टीम ने जताया शोक



**गिरिडीह :** झारखंड ऑफिसर टीचर्स इंप्लाइज फेडरेशन के धनबाद जिला अध्यक्ष श्री जय होरा की दो बेटियां डी नोबली स्कूल से पढ़कर स्कूटी से वापस लौट रही थी इसी बीच अनियंत्रित स्कॉर्पियो गाड़ी विपरीत दिशा में जाकर स्कूटी सवार दोनों बच्चियों को सीधी टक्कर मार दी। जिससे दोनों बच्चियों का सड़क हादसे में घटनास्थल पर ही मौत हो गई। इस दुख की घटना की सूचना पाकर गिरिडीह जिला सहित झारखंड के विभिन्न जिलों के संगठन के साथी पीएमसीएच अस्पताल पहुंचे और घटना पर दुख व्यक्त करते हुए श्री हारों को दुख की घड़ी में ढाढस बंधाया।

इस मौके पर गिरिडीह की टीम धनबाद जाकर शोक संवेदना व्यक्त कीजिसमे में प्रदेश अध्यक्ष विक्रांत कुमार सिंह महासचिव उज्जवल कुमार तिवारी प्रदेश उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गिरिडीह जिला अध्यक्ष मुन्ना प्रसाद कुशवाहा कोषाध्यक्ष रविकांत चौधरी विकास कुमार सिन्हा , राजेश कुमार सिंह सहित धनबाद के लगभग 500 शिक्षक पीएमसीएच अस्पताल धनबाद पहुंच कर ढांढस बंधाया।प्राप्त जानकारी के अनुसार ये रोड रेशिंग प्रतीत होता है जिसमे नाबालिक लड़का उच्च गति से रील बना रहे थे।.

### चाइल्डलाइन और सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से रूका बाल विवाह

**तिसरी प्रतिनिधि। :** चाइल्ड लाइन और सवेरा फाउंडेशन के संयुक्त प्रयास से सोमवार को तिसरी प्रखण्ड में एक और नाबालिग लड़की का बाल विवाह रुकवाया गया।

मामला प्रखंड के मनसाडीह ओपी क्षेत्र का है।

बताया जाता है कि चाइल्ड लाईन की टीम को एक नाबालिग के विवाह होने की गुप्त सुचना मिली थी।

सुचना के आधार पर चाइल्ड लाइन के केस वर्कर नरेश कुमार वर्मा ने बच्ची के घर पहुंचकर उसके अभिभावक को समझाया - बुझाया साथ ही बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कानूनन जुर्म के बारे में बतलाया गया। वहीं बाल विवाह नहीं करने की हिदायत दी गई।

इस दौरान सवेरा फाउंडेशन के प्रवेक्षक सह बाल अधिकार कार्यकर्ता इंकज कुमार ने कहा कि नाबालिग उम्र में लड़कियों पर विवाह का विशेष रूप से नकारात्मक प्रभाव पड़ता है, जिससे उनकी शिक्षा पहले ही बाधित हो जाती है और उनके स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव पड़ता है।

मौके पर मनसाडीह पुलिस के एएसआई बी.एन.मुर्मू समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद थे ।.

### मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप कोषांग की टीम पहुंची सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी

**गिरिडीह :** लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी ब?ने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग, श्रीमती स्नेह कश्यप के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। सुभाष इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान का मुख्य उद्देश्य वहां के युवा मतदाताओं को जागरूक करना तथा उन्हें मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी-विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारी उपलब्ध कराना है। साथ ही युवा मतदाताओं के माध्यम से उनके पैरेंट्स को भी जागरूक करने का प्रयास करना है। इस दौरान मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मतदाता प्रतिज्ञा शपथ, पेंटिग प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता, नुक्कड़ नाटक, पोस्टर मेकिंग, भाषण आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिता में के सभी छात्र छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया तथा लोकतंत्र के महापर्व में अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित की। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ ही सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 तथा गिरिडीह लोकसभा में मतदान तिथि 25.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है। इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सभी युवा मतदाताओं को जागरूक किया गया।

इसके अलावा स्कॉलर बीएड कॉलेज में आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के माध्यम से विभिन्न प्रतियोगिता के प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। जहां क्विज प्रतियोगिता में प्रथम/द्वितीय तथा तृतीय स्थान लाने वाले युवा मतदाताओं को सम्मानित किया गया। वहीं पोस्टर मेकिंग/नुक्कड़ नाटक/भाषण प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को भी पुरस्कृत किया गया। इसके अलावा नोडल पदाधिकारी, स्वीप कोषांग के द्वारा बताया गया कि सभी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया जायेगा। बेहतर राज्य की परिकल्पना के लिए हमें मतदान करना पड़ेगा। और इस महापर्व में सबकी सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। मौके पर सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर, सहयोगी पदाधिकारी, स्वीप कोषांग समेत स्वीप कोषांग के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।.

### विवाहित की संदेहास्पद मौत मामले में प्राथमिकी दर्ज

**गिरिडीह :** तिसरी थाना क्षेत्र के बरवाडीह गांव में बीते दिनों संजू देवी नामक महिला की संदिग्ध अवस्था में हुई मौत के मामले में तिसरी पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

पति कुलदीप प्रसाद यादव उम्र 29 वर्ष तीन बच्चे की मां की संदिग्ध मौत इस मामले में दिनांक 3/5/2024 को तिसरी थाना कांड संख्या 29/24 व धारा 302,379,34 भादवी के तहत मृतका के देवर कलेश्वर यादव, गोतनी संगीता देवी,ससुर भूलो महतो, सास चान्दो देवी और ननद सुजीता देवी उर्फ सुस्मिता देवी के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गई है।

बताते चलें कि बीते बुधवार को थाना क्षेत्र के बरवाडीह में 29 वर्षीय संजू देवी नामक महिला का उसके कमरे से ही संदेहास्पद स्थिति में शव बरामद हुआ था। मृतका के तीन बच्चे भी थे।जिसके बाद मृतका के चाचा ने पुलिस लिखित आवेदन देकर देवर, गोतनी, सास, ससुर व ननद पर हत्या का आरोप लगाया था। इधर पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी में जुटी है। घटना के बाद से ही आरोपी फरार बताये जा रहें हैं।.

### सरकार के आदेश का सरकारी एवं निजी विद्यालय के शिक्षक उडा रहे हैं धज्जियाँ

**बिरनी/गिरिडीह :** प्रखण्ड के बिरनी में इन दिनों सरकार के आदेश की जमकर धज्जियां उडाई जा रही है । सरकारी आदेश के बावजूद भी सरकारी एवं निजी विद्यालय के शिक्षक अपनी मनमानी कर रहे हैं । भीषण गर्मी को देखते हुए राज्य सरकार ने कक्षा नर्सरी से 8 वीं तक कि कक्षा को बन्द कर दिया है तथा सरकारी विद्यालय के सभी शिक्षकों की उपस्थिति को बरकरार रखा है । बावजूद सरकारी विद्यालय के शिक्षक विद्यालय से गायब रहते हैं । जानकारी के अनुसार सोमवार को उत्क्रमित मध्य विद्यालय कल्हाजोरी में 4 शिक्षक अगनु मुर्मू,लखमन यादव,दिनेश कुमार,शशिकांत पांडे नियुक्त है । जबकि एकमात्र शिक्षक अगनु मुर्मू उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### हज यात्रा पर जाने वाले 29 यात्रियों का सदर अस्पताल में स्वास्थ्य जांच करते हुए लगाया गया टीका



साहिबगंजः जिला मुख्यालय के सबसे बड़े सदर अस्पताल में सोमवार को हज यात्रा पर जाने वाले 29 यात्रियों की स्वास्थ्य जांच चिकित्सक डॉ. अमित कुमार, एएनएम निखत आरा, नर्गिस, एमपीडब्ल्यू नासिर, राशिद अली, आदित्य व हज कमेटी के साहिबगंज जिला इंचार्ज अनवर अली की देखरेख में किया गया। इस दौरान हज पर जाने वाले सभी हज यात्रियों की बारी बारी से स्वास्थ्य जांच करते हुए उन्हें टीका लगाते हुए कई तरह के सलाह चिकित्सक के द्वारा दी गई। इसको लेकर चिकित्सक डॉ. अमित कुमार ने बताया कि हज यात्रा पर जाने वाले सभी 45 यात्रियों को पोलियो, मेलिंगोपोकल एवं इनफ्लूएंजा का टीका मौके पर दिया गया है। इस मौके पर कई अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### मोती झरना स्थित मोतीनाथ धाम में पसरा कूड़ा कचरों का अंबार, नही है समिति का इस ओर ध्यान



**तालझारीः** तालझारी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मोती झरना पंचायत स्थित मोतीनाथ धाम शिव मंदिर जिले के दूसरे सबसे बड़े धार्मिक स्थल पर इसका नाम आता है। जहां सावन के महीना में हजारों हजार की संख्या में श्रद्धालु दूरदराज के इलाकों से पुजा अर्चना करने के लिए यहां आते हैं। ऐसे तो प्रत्येक रविवार को भी छुट्टी रहने के कारण बहुत सारे लोग पर्यटक स्थल मोतीनाथ धाम देखने व घूमने के लिए आते हैं मगर सावन के महीने में हर श्रद्धालुओं को दर्शन के लिए 5 रुपए का कूपन कटाकर जाना होता है। साथ ही बहुत ऐसे श्रद्धालु है जो श्रद्धाभाव से वहां दान भी करते हैं। साथ ही वहां मोती झरना विकास समिति के द्वारा पार्किंग स्टैंड से भी पैसा लिया जाता है परंतु वहां के मोती झरना विकास समिति द्वारा वहां के रखरखाव पर ध्यान नहीं दिया जाता है। जहां कुछ श्रद्धालु बिहार के फारबिसगंज से आए हुए थे जहां उनकी इच्छा वहां स्नान करने की हुई परंतु पानी के अंदर गंदा देखकर वह कहने लगे क्या यही पर्यटक स्थल मोतीनाथ धाम है यहां तो चारों और कूड़े कचरे का अंबार लगा हुआ है। यहां गंदगी देख उन लोगों को भी अच्छा नहीं लगा और वहां उपस्थित बैठे पुरोहित से उन लोगों ने इसके बारे में भी चर्चा की। वहां पर उपस्थित पुरोहित के द्वारा बताया गया कि बीच बीच में साफ सफाई किया जाता है।

## समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता ने मीडिया कर्मियों के साथ की बैठक

# लोकसभा चुनाव 2024 की दी गई पूरी जानकारी

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता




**साहिबगंजः** राजमहल लोकसभा चुनाव 2024 की तारीख की घोषणा होते ही जिले में 16 मार्च 2024 से आदर्श आचार संहिता लागू हो गई है जहां राजमहल लोकसभा संसदीय क्षेत्र में एक जून को वोट डाले जायेंगे। उधर सोमवार को समाहरणालय सभागार में अपर समाहर्ता राज महेश्वरम की अध्यक्षता में मीडिया कर्मियों के साथ बैठक आयोजित की गई जिसमें उन्होंने प्रेसवार्ता करते हुए लोकसभा चुनाव की पूरी जानकारी विस्तार से दी। इस दौरान उन्होंने मीडिया ब्रीफिंग में कहा कि सातवें चरण में राजमहल लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में अधिसूचना निर्गत करने की तिथि 7 मई को होगा। जहां 14 मई तक नामांकन फाइल किया जा सकेगा व 15 मई को स्क्रूटनी होगी तथा नाम वापसी की तिथि 17 मई है। वही 1 जून को वोटिंग और 4 जून को मतगणना होगी। आगे अपर समाहर्ता ने कहा कि राजमहल लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत कुल 17,02,033 मतदाता हैं। जिसमें साहिबगंज जिला में कुल मतदाताओं की संख्या 8,60,854 है जिसमें पुरुष की संख्या 4,33,755 व महिला 4,27,094 एवं थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 5 है। वही अन्य पाकुड़ क्षेत्र के अंतर्गत कुल मतदाता की संख्या 8,41,179 हैं जिनमें पुरुष की संख्या 4,16,158 व महिला 4,25,019 एवं थर्ड ट्रांसजेंडर की संख्या 2 है। उधर राजमहल लोकसभा क्षेत्र में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न कराने के लिए सभी चेकपोस्ट पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए। वही नामांकन प्रकिया के दौरान 100 मीटर के दायरे में बैरिकेडिंग, नामांकन प्रक्रिया की पूरी वीडियोग्राफी, आदर्श आचार संहिता का अनुपालन आदि बिंदुओं की विस्तार से जानकारी दी गई। वही प्रेस कांफ्रेंस में अपर समाहर्ता ने मीडिया प्रतिनिधियों से अपील करते हुए कहा कि चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता सख्ती से लागू हो इसमें मीडिया की भूमिका अहम है। वही उन्होंने कहा कि शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए पर्याप्त संख्या में पुलिस बल एवं दंडाधिकारियों की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। उधर पोलिंग पार्टी का गठन भी रैंडमाइजेशन से होगा जहां निष्पक्ष व भयमुक्त वातावरण में चुनाव कराने की तैयारियां पूरी कर ली गई है। साथ ही राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर अपर समाहर्ता राज महेश्वरम ने नामांकन प्रक्रिया की पूरी जानकारी दी। इस मौके पर जिला जनसंपर्क पदाधिकारी जयवर्धन कुमार एवं प्रेस मीडिया के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## चुनाव आयोग के निर्देश पर आयोजित होगी सोशल मीडिया कैंपेन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**मंडरोः** लोकसभा चुनाव 2024 का मतदान बेहतर एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने को लेकर एवं मतदाताओं के बीच जागरूकता के साथ साथ प्रचार प्रसार को लेकर मंडरो बीडीओ मेघनाथ उरांव की अध्यक्षता सोमवार को बीडीओ कार्यालय में एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई जिसमें मुख्य रूप से सभी विभाग के कंप्यूटर ऑपरेटर उपस्थित थे। उधर बीडीओ ने जानकारी साझा करते हुए बताया कि 7 मई को सुबह 6 से 8 बजे सुबह के बीच निर्धारित फेसबुक, इंस्टाग्राम, एक्स (ट्विटर), यूट्यूब, आदि सोशल मीड़िया अभियान ह मैं भी चुनाव राजदूत ' के तहत बैठक हुई। सबसे पहले बीडीओ द्वारा मंडरो ब्लॉक का आईडी खोलकर जानकारी दिया सभी लोग किस प्रकार से इस अभियान में जुट सकते हैं। उधर स्वीप के तहत आयोजित इस सोशल मीडिया महाअभियान में विभिन्न हितधारकों, जैसे विद्यालय के विद्यार्थियों, सोशल मीडिया, मजदूर यूनियन, आम नागरिक, जेएसएलपीएस, आपूर्ति विभाग, प्रखंड कर्मी आदि के सहयोग से मतदाता जागरुकता आयोजित ।

## भोगनाडीह व छोटा कदमा में झामुमो प्रत्याशी विजय हांसदा के पक्ष में मतदान करने को लेकर चलाया गया जनसंपर्क अभियान

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**बरहेटः** वर्तमान सांसद सह राजमहल लोकसभा क्षेत्र से झामुमो प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के पक्ष में मतदान करने को लेकर तीसरे दिन बरहेट प्रखंड के भोगनाडीह तथा छोटा कदमा पंचायत के विभिन्न गांव में चुनावी जनसंपर्क अभियान के तहत झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजाराम मरांडी, सचिव मुजिबुर रहमान के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस दौरान पंचायतों के विभिन्न गावों में बैठक कर राजमहल लोकसभा के इंडिया गठबंधन के तरफ से झामुमो के प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा को अधिक से अधिक मतों से विजयी बनाकर इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाने का आह्वान किया गया। इस मौके पर झामुमो प्रखंड कोषाध्यक्ष पुसा टुडू, प्रखंड सांसद प्रतिनिधि सुनिल सोरेन, जिप सदस्य जेठा मुर्मू, अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मजीद, नूर हुसैन अंसारी, इस्लाम अंसारी, समदा सोरेन सहित दोनों पंचायत के अध्यक्ष, सचिव, सम्मानित कार्यकर्ता एवं सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

## स्वास्थ्य विभाग ने निकाला मतदाता जागरूकता अभियान

**बरहेटः** लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप कोषांग के बैनर तले स्वास्थ्य विभाग की ओर से मतदाता जागरूकता अभियान रैली निकाली गई। जहां इस कार्यक्रम की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ. हेमंत मुर्मू ने की। इस दौरान डाक्टर, सीएचओ, सहिया, बीटीटी व अन्य स्वास्थ्य विभाग के कर्मियों ने भाग लेते हुए मतदाताओं को जागरूक किया। वही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर से रैली निकालकर बरहेट बाजार का भ्रमण करते हुए पुनः सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर इसका समापन किया गया जहां सभी कर्मियों को मतदाता शपथ पत्र दिलाई गई। वही राजमहल लोकसभा में 1 जून को मतदान होना है जहां मतदान को लेकर सभी लोगों को जागरुक कर अधिक से अधिक मतदान हो, इसकी जानकारी दी गई। इस मौके पर डॉ. जियाउर रहमान, पंकज कर्मकार, सीएचओ निकिता रावत के अलावा एएनएम, एमपीडब्ल्यू, केटीएस

# नगर थाना क्षेत्र की पुलिस ने गोलीकांड के पुराने मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**साहिबगंजः** नगर थाना क्षेत्र के कॉलेज रोड में पिछले दिनों गोलीबारी करके दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने केस दर्ज करते हुए छानबीन कर रही थी। जहां इस मामले में फरार चल रहे दो आरोपियों को मुफस्सिल थाना क्षेत्र के शोभनपुर भट्टा गांव से दो आरोपियों को गिरफ्तार करने के बाद सोमवार को सदर अस्पताल में मेडिकल जांच करवाने के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वही इस गोलीबारी मामले में कुलीपाड़ा निवासी एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया था जबकि मजहर टोला एकरा कॉलोनी निवासी एक अन्य व्यक्ति भी घायल हुआ था जहां दोनों का सदर अस्पताल में इलाज करने के बाद गंभीर रूप से घायल युवक को बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया था। उधर लंबे समय से फरार चल रहे दोनों आरोपियों की पहचान शोभनपुर भट्टा निवासी अभय कुमार उर्फ सुधांशु राज पिता शिव कुमार राय एवं अनीश यादव उर्फ भोलू पिता मोहन यादव के रूप में हुई है जिसे जेल भेज दिया गया है।

## अवैध रूप से शराब बेचने वाला होटल संचालक गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**बरहेटः** थाना क्षेत्र के बरहेट बोरियो मुख्य सड़क अंतर्गत पंचकठीया बाजार स्थित एक होटल में अवैध रूप से देशी व विदेशी शराब बेचने के मामले में पुलिस ने एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वही होटल संचालक की पहचान विक्की भगत पंचकठिया बाजार निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार सुबह बरहेट पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि पंचकठीया बाजार स्थित एक होटल में देशी एवं विदेशी शराब अवैध रूप से बेच रहा है जहां छापेमारी करते हुए बीबीएफबी शक्तिमान देशी शराब 9 पीस 200 एमएल व 10 पीस स्टर्लिंग रिजर्व बी 7, 375 एमएल अवैध विदेशी शराब बरामद किया गया। इस संबंध में बरहेट थाना प्रभारी पवन कुमार ने बताया कि अवैध रूप से शराब होटल में बेचा जा रहा था, जो अपराध है जहां मौके पर से होटल संचालक को गिरफ्तार



कर जेल भेज दिया गया है। इस छापेमारी अभियान में हवलदार राजकुमार यादव व सुनील सोरेन के अलावा अन्य पुलिस बल मौजूद थे।

# बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे हैं खंडोंबाशा के लोग

उज्ज्वल दुनिया संवाददाता



**पतना।** बरहेट विधानसभा क्षेत्र के पतना प्रखंड के तालझारी पंचायत अंतर्गत ग्राम खंडोबाशा के आदिम जनजाति पहाड़िया समुदाय के लोग आज भी बूंद बूंद पानी के लिए तरस रहे है। जहां गांव में ना तो एक चापानल है। उधर पहाड़ किनारे एक कुआं है भी तो वो सूखा पड़ा हुआ है। उधर स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि सरकार तो हम लोगों के नाम पर करोड़ों रुपया खर्च कर रहा है लेकिन विकास के मामले में हम लोग तक हकीकत में अभी तक विकास नहीं हो पाया और जिसके कारण उनलोगों को पानी पीने के लिए बूंद बूंद के लिए तरसना पड़ता है। वही गाँव में एक कुआं है जोकि उसमें बहुत गंदा पानी निकलता है और सुबह 4 बजे भोर से ही जाकर लाइन लगाकर बारी बारी से कुआं से पानी उठाते हैं। उधर कटोरा भर बाल्टी में पानी उठाकर पानी उठता है। वही गंदा पानी पीने से हम आदिम जनजाति के बच्चों को भारी गंभीर बीमारी से झेलना पड़ रहा है जिसके कारण कई बच्चे बीमारी से नष्ट हो चुके हैं। वही अच्छा व समुचित इलाज नहीं हो पाने के कारण इस गंदे पानी को वे लोग लाख कोशिश करते हैं कि कपड़ा से छानकर कर पीएं मगर इस पानी को पीने के बावजूद भी खास करके छोटे बच्चों को गंदा पानी पीने के कारण बच्चों में सप्ताह महीना भर में एक दो बार बीमार हो ही जाता है और उस बीमारी के कारण सही इलाज नहीं होने से वह बच्चा अपना जान गंवा देती है। उधर आदिम जनजाति के समुचित उत्थान के लिए सरकार विशेष करके ध्यान नहीं दे रही है जहां लिखित आवेदन कई बार प्रखंड या जिला में देने के बावजूद भी अभी तक पानी की समस्या का हल नहीं हुआ है इसीलिए इस बार हम ग्रामीणों का कहना है की पानी नहीं तो वोट नहीं। वही इसको लेकर ग्राम प्रधान मैसा पहाड़िया का कहना है कि इस बार हम लोग पूरी तरह से ठान लिए हैं कि आगामी लोकसभा चुनाव में वे लोग वोट नहीं देंगे जब तक पानी का सुविधा उन लोगों को नहीं मिलेगा तब तक वोट नहीं देंगे इसलिए सरकार को अखबार के माध्यम से कहना चाहते हैं कि चुनाव के पहले यहां निवास करने वाले लोगों को पानी का सुविधा होना चाहिए नहीं तो सभी लोग पूरे गांव में कोई भी वोट नहीं देंगे। इस मौके पर मैसा पहाड़िया, सीमन मालतो, शांति पहाड़ीन चांदी पहाड़ीन, सेमी मालतो, सुंदरी मालतो, दुमी मालतो, सुखनी मालतो, मेशा मालतो, छोटा मैसा मालतो, सुंदरा मालतो, बंमरी मालतो, शांति मालतो, फूलो मालतो इन सभी लोगों का कहना है कि बोरिंग के लिए हम लोग दो-दो बार उपायुक्त एवं प्रखंड बिकास पदाधिकारी को लिखित आवेदन दिए थे लेकिन किसी प्रकार का कोई सुविधा आज तक नहीं मिला।

## अपर समाहर्ता ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

# दी नामांकन प्रक्रिया की पूरी जानकारी



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**साहिबगंजः** समाहरणालय स्थित अपर समाहर्ता के कार्यालय कक्ष में सोमवार को एडीसी राज महेश्वरम ने जिले के विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक विशेष बैठक की। जहां बैठक के दौरान एडीसी ने उपस्थित सभी राजनीतिक पार्टियों के प्रतिनिधियों को लोकसभा चुनाव के दौरान नाम निर्देशन करने से लेकर अंतिम समय मतगणना तक किए जाने वाले कार्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक दी। वही उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन की तारीख 7 मई से शुरू होकर अगले 14 मई तक दिन के 11 बजे से दोपहर के 3 बजे तक आयोजित होगा। वही नाम निर्देशन करने के समय सभी प्रत्याशियों को शपथ पत्र देना होगा एवं क्या क्या दस्तावेज संलग्न करने होंगे इसकी जानकारी दी। वही उन्होंने कहा कि नाम निर्देशन करने से पहले सभी प्रत्याशियों को नाजिर रसीद लेनी होगी जिसके बाद सभी कॉलम को अच्छी तरह से भरकर तय समय सीमा के अंदर जमा करना होगा। इस मौके पर विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि मुख्य रूप से मौजूद थे।

# पहाड़िया आदिम जनजाति समुदाय के लोग आज भी गंदे पानी पीने को है विवश

## विभाग पूरी तरह से मौन



उज्ज्वल दुनिया संवाददाता

**बोरियोः** प्रखंड क्षेत्र के गाड़ेमाको गांव जो मोतीपहाड़ी पंचायत के अंतर्गत आता है इस गांव में पहाड़िया आदिम जनजाति समुदाय के लोग निवास करते है। वही इस गांव में लगभग 25 घर है जिसमें करीब 120 परिवार के लोग निवास करते है। वही इस गांव में नल जल योजना के तहत कार्य किया जाना था मगर यहां अब तक सिर्फ व सिर्फ एक बोरिंग ही किया गया है। उधर इसको लेकर ग्रामीणों का कहना है कि जब उनके गांव में बोरिंग किया गया तो वो भी सही तरह नही किया गया जिसके कारण सही ढंग से पानी भी नही आया है। उधर जब वे लोग इस संबंध में कार्य करने वाले ठेकेदार से बात करते है तो उन लोगों से बोला जाता है की इसी तरह से कार्य करने के लिए बोला गया जहां सही ढंग से कोई बात भी नही करता है। उधर कभी फोन करने पर फोन को बीच में ही काट देता है। वही अगर किसी तरह बात भी होता तो उन लोगों के द्वारा पूछने पर कहा जाता है कि टंकी बनेगा या नहीं तो बोला जाता है कि अभी कोई फंड नही है फंड आने के बाद बनेगा यह बोलकर फोन काट दिया गया। जहां इस गांव के लोग आज भी स्वच्छ पानी पीने के लिए तरसते है। यहाँ पर एक झरना कूप भी है मगर उससे भी अक्सर गंदा पानी निकलता है। वही सभी ग्रामीण इसी गंदे पानी को पीने के लिए विवश है। उधर गंदा पानी पीने से कई तरह की बीमारियों का सामना ग्रामीणों को करना पड़ता है। उधर ज्यादा उमस भरी गर्मी पड़ने से यह भी कूप सुख जाते हैं। इस मौके पर ग्रामीण मैसा पहाड़िया, धर्मा पहाड़िया, गणेश, सूरज, चांदू, जबरा पहाड़िया, सोमी पहाड़िन, चांदी पहाड़िन सहित अन्य उपस्थित थे।

# बरहरवा व कोटालपोखर थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान में बरामद किए 110 बोतल अवैध शराब

## तीन गिरफ्तार भेजा जेल




उज्जवल दुनिया संवाददाता

**बरहरवाः** पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव के निदेर्शानुसार जिले भर के सभी थाना क्षेत्र में अवैध गतिविविधियों पर छापेमारी अभियान व जाँच अभियान लगातार संचालित की जा रही है। इसी क्रम में बरहरवा एवं कोटालपोखर थाना पुलिस ने थाना क्षेत्र में अवैध शराब बिक्री को लेकर छापेमारी अभियान चलाया जिस दौरान बरहरवा थाना के एएसआई जुमराती अंसारी व सुदामा सिंह, ज्योति कुमारी ने दल बल के साथ रविवार की रात्रि बरहरवा थाना क्षेत्र के महतापुर ग्राम के एक मकान से छापेमारी कर अवैध शराब बिक्रेता प्रताप घोष पिता रोमन घोष को 40 बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया। जिसको लेकर बरहरवा थाना प्रभारी सुमित कुमार सिंह ने बताया कि मामले को लेकर बरहरवा थाना कांड संख्या 63/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया है। वहीं दूसरी ओर सोमवार को कोटालपोखर थाना प्रभारी ओमप्रकाश चौहान के नेतृत्व में दलबल के साथ कोटालपोखर थाना के जीवनपुर व ढाटापाडा के दुकान में छापेमारी कर लगभग 70 बोतल अवैध विदेशी शराब के साथ दो शराब विक्रेता प्रकाश घोष एवं काली मिंज को गिरफ्तार किया है। इसको लेकर थाना प्रभारी श्री चौहान ने बताया कि मामले को लेकर कोटालपोखर थाना कांड संख्या 26/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज कर अग्रसित कार्यवाही के तहत दोनों अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। वहीं बरहरवा व कोटालपोखर थाना प्रभारी ने कहा कि थाना क्षेत्र में किसी भी प्रकार की अवैध गत्तिविधियों को बर्दाश्त नहीं कि जाएगी। वही थाना क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस लगातार जाँच अभियान व गश्ती संचालित कर रही है।

स्वामी वी. आई. इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक विद्या लक्ष्मी द्वारा शिव साई पब्लिकेशन प्रा. लि. , काठी टांड, नियर टेंडर बगीचा, रातू, रांची, झारखंड से मुद्रित एवं एसटी- 663/664, न्यू एसटी चौक, धुर्वा, रांची से प्रकाशित , संपादकः मानवेंद्र कुमार सिंह (खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), प्रबंध निदेशक मानवेन्द्र कुमार सिंहः 8709022665, RNI No.-JHAHIN/ 2014/ 59794

# रामद्रोह और राष्ट्रद्रोह कांग्रेस के डीएनए में : योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ,(एजेंसी)।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें रामद्रोही और राष्ट्रद्रोही बताया है। अपने सरकारी आवास पर मीडिया से बात करते हुए सीएम योगी ने कहा कि कांग्रेस ने लगातार रामभक्तों और मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम का अपमान किया है। उसका ये आचरण दिखाता है कि वह वास्तव में सनातन राष्ट्र का अपमान करती रही है।

योगी ने कहा कि कांग्रेस ने कभी कोई अवसर नहीं छोड़ा जब उसने देश और दुनिया में भारत को अपमानित न किया हो और सनातन धर्म को गाली न दी हो। उन्होंने कहा कि ये इंडी गठबंधन का करेक्टर है। ये लोग लगातार भारत की आत्मा को गाली देते हैं। हर प्रकार का प्रयास करते हैं कि बहुसंख्यक समाज अपमानित महसूस करें। चाहे कांग्रेस हो, सपा हो, नेशनल कांफ्रेंस हो या डीएमके हो, इन सभी का आचरण निंदनीय है और इनका आचरण ही इन्हें रसातल की ओर ढकेल रहा है।

**जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है**

कांग्रेस नेत्री राधिका खेड़ा को रामलला के दर्शन करने पर उनकी पार्टी द्वारा अममानित किये जाने को लेकर पूछे गये सवाल पर योगी ने कहा कि कांग्रेस के डीएनए में रामद्रोह है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ श्रीराम का ननिहाल है, कोई भी रामभक्त किसी भी पार्टी का हो सकता है। कांग्रेस नेताओं द्वारा अपनी पार्टी की नेत्री का अपमान किया गया है, ये दिखाता है कांग्रेस, सपा और इंडी गठबंधन के डीएनए में रामद्रोह है और जो रामद्रोही है वो राष्ट्रद्रोही भी है। भारत का कोई भी जागरूक नागरिक इन्हें वोट नहीं करेगा।

**जाके प्रिय न राम-बदैही...**

मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस अपने आचरण से मजबूर हैं। सीएम योगी ने सभी रामभक्तों और नागरिक से अपील करते हुए कहा कि 'जाके प्रिय न राम-बदैही, तजिये ताहि कोटि बैरी सम, जद्यपि परम सनेही॥' उन्होंने कहा कि कोई कितना भी आपका स्नेही हो, अगर वह राम विरोधी आचरण कर रहा है, तो मान के चलिए कि वह राष्ट्र विरोधी आचरण कर रहा है। वह कितना भी प्रिय हो उसे त्याग देने में ही देश और रामभक्तों का हित है। सीएम योगी ने कहा कि देश की जनता जागरूक है और अपना निर्णय ले रही है।

**जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त**

सीएम योगी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को लेकर कहा कि जो जितना बड़ा रामभक्त है वो उतना बड़ा राष्ट्रभक्त है। पीएम मोदी प्रखर राष्ट्रभक्त और रामभक्त हैं। 500 वर्षो का इंतजार समाप्त कर-के अयोध्या में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। अयोध्या का कायाकल्प मोदी जी के नेतृत्व और मार्गदर्शन में संभव हुआ है। आज जो नई अयोध्या है ये एक नई गाथा हमारे सामने प्रस्तुत करती है। पीएम मोदी की रविवार को अयोध्या में उपस्थिति देश ही नहीं पूरी दुनिया के रामभक्तों को अभिभूत कर रही थी। पूरी अयोध्या वहां उमड़ी थी। लाखों श्रद्धालु और रामभक्त मोदी जी के देखने को उत्सुक थे। मोदी जी का अयोध्या में अभूतपूर्व स्वागत हुआ।

## वनाग्नि की घटनाओं को रोकने के लिए मुख्यमंत्री ने दिए कड़े निर्देश

**देहरादून, (एजेंसी)।** वनाग्नि की बढ़ती घटनाओं ने सरकार तथा वन विभाग के माथे पर बल ला दिया है। दोनों ओर से इस अव्यवस्था पर अंकुश लगाने के प्रयास हो रहे हैं। लेकिन वनाग्नि बुझ नहीं पा रही है।

प्रदेश में बीते कई दिनों से वनाग्नि की घटनाओं ने दिल दहला कर रख दिया है। इससे सैकड़ों हेक्टेयर जंगल जलकर खाक हो चुके हैं, जिसमें कई लोगों की मौत भी हो चुकी। लेकिन अब तक वनाग्नि की घटनाओं पर पूर्णतया अंकुश नहीं लग पाया है। कुमाऊं से लेकर गढ़वाल तक जंगलों की आग आय दिन रफ्तार पकड़ रही है। हालांकि शासन प्रशासन लगातार आग बुझाने का प्रयास कर रहा है। लेकिन यह नाकाफी साबित हो रहा है।

इसी संदर्भ में प्रमुख वन संरक्षक वन्य जीव उत्तराखंड समीर सिन्हा ने माना कि बढ़ती वनाग्नी की घटनाओं के चलते वन्य जीव भी खतरे की जद में आने लगे हैं हालांकि प्रदेश में अब तक वन्य जीवों की छति की कोई सूचना नहीं है लेकिन अगर जंगलों की आग ऐसी ही बढ़ती रही तो वह दिन दूर नहीं जब वन्य जीवों के मौत की खबर भी सुर्खिया बटोरने लगेगी।प्रमुख बन संरक्षक वन्यजीव ने कहा की प्रदेश में वनाग्नी की घटनाएं बीते कई दिनों से जरूर देखने को मिल रही है लेकिन अब तक वन्य जीवों के नुकसान का कोई भी आंकड़ा दर्ज नहीं हुआ है हालांकि जिन क्षेत्रों में वनाग्नी की घटनाएं दर्ज हो रही है उन क्षेत्रों में यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि जल की पर्याप्त उपलब्धता रहे ताकि वनाग्नि की घटनाओं के चलते वन्य जीवों को जल की पर्याप्त मात्र मिल सके साथ ही इस दौरान वन्यजीवों के संरक्षण के लिए तमाम कदम भी उठाए जा रहे हैं।इस संबंध में प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्य सचिव को दूरभाष पर निर्देश दिए हैं कि जिलाधिकारियों को एक सप्ताह तक प्रतिदिन वनाग्नि की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश तत्काल जारी किए जाए। उन्होंने जिलाधिकारियों को सभी प्रकार के चारे को जलाने पर तत्काल प्रभाव से एक सप्ताह के लिए पूरी तरह से प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके साथ ही शहरी निकायों को भी अपने ठोस कूड़े को वन या वनों के आसपास जलने पर प्रतिबंधित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## नारायणपुर : नक्सलियों ने काकूर-टेकामेट्टा मुठभेड़ में छह नक्सलियों व चार ग्रामीण की मौत होना बताया




**नारायणपुर, (एजेंसी)।** जिले के काकूर-टेकामेट्टा के जंगल में 30 अप्रैल को हुए मुठभेड़ के बाद आज सोमवार को नक्सलियों के पश्चिम सब जोनल ब्यूरो गढ़चिरौली, दंडकारण्य के प्रवक्ता श्रीनिवास ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उक्त मुठभेड़ को झूठा करार देते हुए कहा कि हजारों की तादाद में पंहुचे पुलिस ने पूजा-पाठ में आए ग्रामीणों पर की ताबड़तोड़ फायरिंग कर ग्रामीणों को मारा और 10 नक्सलियों के मारे जाने की झूठी खबर प्रसारित करवाई।

जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया है कि उस दिन सुबह काकुर और मंगवेड़ा के ग्रामीण अपने पारंपरिक पूजा पाठ करने इकट्ठा हुए थे, पुलिस अचानक वहां पर पहुंची और ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी, जिसमे चार ग्रामीण शहीद हुए जिसमें कॉमरेड्स पाडू कोवासी, रामलू नरोटी, मैनू कोरचा, लालसू कोवासी शामिल थे। उन्होंने कहा कि अलग-अलग जगहों पर हुई मुठभेड़ में नक्सलियों के 06 साथी की मौत हुई है। पश्चिम सब जोनल ब्यूरो ने मुठभेड़ को फर्जी बताते हुए जनता में दहशत फैलाने किए जा रहे बर्बर हमलों की निंदा किया है।

वहीं पुलिस ने टेकामेटा जंगल में 30 अप्रेल को हुए मुठभेड़ में मारे गए दस में से आठ नक्सलियों की शिनाख्त कर मारे गए नक्सलियों का विवरण जारी करते हुए नाम जारी किया था, जिसमें जोगन्ना एलियास उर्फ घीसू एसजेडसीएम इनामी 25 लाख निवासी करीमनगर तेलंगाना, मल्लेश उंगा मडकाम डीवीसीएम इनामी आठ लाख निवासी बस्तर छग, विनय एलियास उर्फ रवि डीवीसीएम इनामी आठ लाख निवासी आदिलाबाद तेलंगाना, संगीता डोगे अटराम एसीएम दलम डाक्टर, इनामी पांच लाख, निवासी रम्मैया पेठा आंध्र, कमली प्लाटून स्टॉफ इनामी दो लाख निवासी किस्टारम सुकमा, पांडु कवासी टेकामेटा मिलिट्री कमांडर इनामी एक लाख निवासी नारायणपुर तथा दो अज्ञात की शिनाख्त जारी है।

### उत्तराखंड में तपिश के बीच बारिश दिलाएगी राहत, झोंकेदार हवाओं को लेकर येलो अलर्ट

**देहरादून, (एजेंसी)।** उत्तराखंड में तपिश के बीच बारिश राहत बनकर बरस सकती है। मौसम विभाग का कहना है आज और कल प्रदेश के कुछ जिलों में बारिश हो सकती है। साथ ही झोंकेदार हवाएं चल सकती हैं। इसे लेकर मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

मई का महीना शुरू हो चुका है। ऐसे में तपिश भी बढ़ने लगी है, जिससे मैदानी इलाकों में लोग गर्मी का सामना करने लगे हैं। इसके अलावा वनाग्नि की घटनाएं भी देखने को मिल रही हैं। ऐसे में अगर बारिश होती है तो कुछ हद तक वनाग्नि की घटनाओं पर लगाम लग सकती है।

उत्तराखंड मौसम विभाग का कहना है कि आज उत्तरकाशी, चमोली और पिथौरागढ़ जिले में कहीं-कहीं बहुत हल्की से हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान बिजली भी चमक सकती है। अन्य जिलों में मौसम शुष्क बना रहेगा।

मौसम विभाग के मुताबिक आज देहरादून, पौड़ी, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और उधमसिंह नगर जिले में दिन के समय कहीं-कहीं झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है। हवा की रफ्तार 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटा रह सकती है।

इसको लेकर मौसम विभाग ने येलो जारी किया है।

देहरादून में मौसम के पूवार्नुमान की बात करें तो आज आसमान मुख्यतः साफ रहने से लेकर आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। इसके अलावा अधिकतम तापमान 39 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 23 डिग्री सेल्सियस के आसपास रह सकता है।

## जांजगीरः मतदान दल मतदान केन्द्र के लिए हुए रवाना, कलेक्टर ने गुलाब का फूल देकर बढ़ाया उत्साह



**कोरबा/जांजगीर-चांपा, (एजेंसी)।** लोकसभा निर्वाचन कार्य को सुचारू संपन्न कराने के लिए सोमवार को जिले में पॉलिटेक्निक कॉलेज जांजगीर में बनाए गए मतदान सामग्री वितरण केन्द्र से मतदान दलों को मतदान सामग्री के साथ मतदान केन्द्रों के लिए सामान्य प्रेक्षक सौरभ स्वामी, कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा एवं पुलिस अधीक्षक विवेक शुक्ला ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। ऊर्जा एवं उत्साह के साथ मतदान दल वाहन के माध्यम से अपने निर्धारित मतदान केन्द्र में ड्यूटी के लिए रवाना हुए। जिले में मतदान तिथि मंगलवार 7 मई 2024 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान संपन्न होगा।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए है। उन्होंने सफलतापूर्वक मतदान संपन्न कराने जा रहे मतदान दल के सदस्यों को गुलाब का फूल एवं शुभकामनाएं देकर रवाना किया। मतदान सामग्री मिलान करने के बाद मतदान दल अपने-अपने मतदान केन्द्र के लिए ईव्हीएम मशीन, व्हीव्हीपैट एवं अन्य मतदान सामग्री को लेकर रवाना हुए।

सभी मतदान केन्द्रों में पर्याप्त सुरक्षा की व्यवस्था एवं पेट्रोलिंग की टीम रहेगी। इसके साथ ही गर्मी को ध्यान में रखते हुए मतदान कर्मियों के लिए पर्याप्त व्यवस्था की गई है। उन्होंने विधानसभावार बनाये गये प्रत्येक स्टॉल का निरीक्षण करते हुए सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्थ करने के निर्देश दिए।

**मतदान कराने को लेकर महिलाओं में दिखा उत्साह**

लोकसभा निर्वाचन को लेकर मतदान कर्मचारी खासे उत्साह में दिखे। विधानसभा क्षेत्र अकलतरा के संगवारी मतदान केन्द्र 155, 156 की महिलाओं को जब कलेक्टर आकाश छिकारा ने रवाना किया तो बड़े ही आत्मविश्वास के साथ अपने गंतव्य स्थल की ओर रवाना हुए। इस दौरान महिलाओं ने कहा कि वह भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निदेशों के अनुरूप सात मई को मतदान संपन्न कराऐंगे।

## मुख्यमंत्री धामी ने गढ़वाल राइफल्स के गौरवशाली इतिहास को किया याद, बलिदानियों को किया नमन

**देहरादून, (एजेंसी)।** आज का दिन उत्तराखंड के लिए वीरता और गौरवशाली इतिहास से भरा है। देवभूमि प्राकृतिक सौंदर्य और धार्मिक पर्यटन स्थलों के लिए विश्व भर में प्रसिद्ध नहीं बल्कि देवभूमि की माटी कई वीर गाथाओं और बलिदान के लिए भी जानी जाती है। उत्तराखंड के लिए आज का दिन पराक्रम और वीरता को याद करने का गौरवशाली दिन भी है। आज गढ़वाल राइफल्स का 137वां स्थापना दिवस धूमधाम के साथ मनाया जा रहा है।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने एक्स पर लिखा- बद्री विशाल लाल की जय! अदम्य साहस एवं पराक्रम की परिचायक, मां भारती की सेवा में सदैव तत्पर "गढ़वाल राइफल्स" के स्थापना दिवस की समस्त प्रदेशवासियों एवं वीर जवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

गढ़वाल राइफल्स की स्थापना पांच मई 1887 अल्मोड़ा में हुई थी। बाद में चार नवंबर 1887 को लैंसडौन में गढ़वाल राइफल्स की छावनी स्थापित की गई। वर्तमान में यह गढ़वाल राइफल्स रेजीमेंट का ट्रेनिंग सेंटर है। 1890 में भारत के तत्कालीन वायसराय लॉर्ड हेनरी लैंसडौन के नाम पर तत्कालीन उत्तराखंड के क्षेत्र कालुडांडा को लैंसडौन नाम दिया गया था। वर्तमान में यह स्थान उत्तराखंड राज्य के पौड़ी गढ़वाल जिले में स्थित है।

**गढ़वाल राइफल्स का है स्वर्णिम इतिहास-**

गढ़वाल राइफल्स भारतीय सेना का एक सैन्य दल है। 1891 में दो-तीन गोरखा रेजिमेंट की दो कंपनियों से एक गोरखा पलटन दो-तीन क्वीन अलेक्टजेन्टास आन (बटालियन का नाम) खड़ी की गई और शेष बटालियन को दोबारा नए बंगाल इन्फेंट्री की 39वीं गढ़वाल रेजिमेंट के नाम से जाना गया। बैज से गोरखाओं की खुखरी हटाकर उसका स्थान फीनिक्स बाज को दिया गया। इसने गढ़वाल राइफल्स को अलग रेजिमेंट की पहचान दी।

1891 में फीनिक्स का स्थान माल्टीज क्रॉस ने लिया। इस पर "द गढ़वाल राइफल्स रेजिमेंट" अंकित था। बैज के ऊपर पंख फैलाए बाज थे, यह पक्षी शुभ माना जाता था। इससे गढ़वालियों की सेना में अपनी पहचान का शुभारंभ हुआ।

आज गढ़वाल राइफल्स की दो गढ़वाल से 22 गढ़वाल तक यूनिट है। जोशीमठ में स्थाई रूप से गढ़वाल स्काउट्स है। 121 इको व 127 इको बटालियन भी है। साथ ही गढ़वाल राइफल्स के 14 आरआर, 36 आरआर व 48 आरआर में अपनी सेवाएं देते हैं। दो प्रादेशिक सेना भी गढ़वाल राइफल्स के तहत हैं। लैंसडाउन में गढ़वाल राइफल्स का ट्रेनिंग सेंटर है, जिसमें अल्फा, ब्रावो, चार्ली, डेल्टा कम्पनी में रिक्रूटमेंट होती है।

वहीं, एक कंपनी के रिक्रूट कोटद्वार में भी रहते हैं। हालांकि सभी टेस्ट लैंसडाउन में ही सम्पन होते है, जिसके बाद यहीं कसम परेड होती है, तब जाकर एक रंगरूट जवान के रूप में तैयार होता है।

### हत्या की वारदात के बाद पखानर में शांति बनाए रखने हेतु एएसपी ने ली बैठक

**जगदलपुर, (एजेंसी)।** जिले के थाना दरभा के कपानार चौकी के ग्राम पखानर में दो दिन पूर्व हत्या की वारदात के बाद आज सोमवार को कानून व्यवस्था व शांति बनाए रखने हेतु पुलिस अधीक्षक शलभ सिन्हा के निर्देशानुसार बैठक आहुत की गई। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व तोकापाल सुब्रत प्रधान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस केशलूर विश्व दीपक त्रिपाठी थाना प्रभारी दरभा केशरी साहू चौकी प्रभारी पखानार पीयूष बघेल उपस्थित रहे। इस मौके पर ग्राम कपानार में आस-पास के गांव के लोगों के साथ पंच, सरपंच, जनप्रतिनिधि सहित ग्राम के लगभग दो सौ लोग उपस्थित हुए। सभी ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपनी सहमति देते हुए, किसी भी अप्रिय स्थिति की पुलिस को सूचना देने कहा गया है।

बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक माहेश्वर नाग के द्वारा ग्राम वासियों को कानून व्यवस्था व शांति तथा सौहार्द्रपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु निर्देशित करते हुए कहा कि गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखना हम सबकी जिम्मेदारी है, सभी आपस में मिलजुल कर शांतिपूर्ण वातावरण में जीविकोपार्जन करें, शांति व्यवस्था बनाए रखें किसी भी प्रकार के भड़कावे या बहकावे में न आए। कोई भी ऐसे गलत कार्य या गलत कदम न उठाएं अन्यथा सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।बैठक में शामिल सरपंच, पंच जनप्रतिनिधि सहित सभी ने गांव में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु अपनी सहमति दी साथ ही किसी भी प्रकार का अशांति गांव में नहीं होने देंगे, गांव में अशांति फैलाने वालों की सूचना पुलिस को देंगे ऐसा गांव वालों ने कहा है।

## संक्षिप्त खबरें

### कांकेर : दुष्कर्म के बाद पीड़िता को ब्लेकमेल करने वाला आरोपित गिरफ्तार

**कांकेर, (एजेंसी)।** दुष्कर्म के आरोपित को पखांजुर पुलिस ने गिरफ्तार कर सोमवार को न्यायालय में पेशकर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

जिले के थाना पखांजूर में पीडिता ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि तीन माह पूर्व आरोपित गौतम विश्वास पिता सुकुमार विश्वास निवासी पीव्ही 07 छोटेकापसी के द्वारा पीड़िता को शराब पिलाकर जबरदस्ती बलात्कार किया। इसके बाद पीड़िता को ब्लेकमेल कर पूर्व में किये घटना को पीड़िता के पति को बता दूगां बोलकर खेत में बुलाकर दो बार शारीरिक संबंध बनाकर शोषण किया।

पीड़िता अपने साथ हो रहे शारीरिक शोषण से परेशान होकर हिम्मत करके अपने पति को घटना के संबंध में बताने पर पति के द्वारा रिपोर्ट करने बोलने पर पीड़िता थाना आकर लिखित में रिपोर्ट दर्ज करायी। पीड़िता की रिपोर्ट पर थाना पखांजुर में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेते हुए आरोपित को गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपित गौतम विश्वास के विरुद्ध कार्रवाई उपरांत आज सोमवार को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। आरोपित की पतासाजी करने में निरीक्षक लक्ष्मण केवट, उपनिरीक्षक, रामचन्द्र साहू, तरूण कुमार माइती, प्रआर. उमित्रा मण्डावी, आर. महेश दरों का योगदान रहा।

### करंट लगने से युवक की मौत

**जगदलपुर, (एजेंसी)।** जिले के थाना कोतवाली क्षेत्र अंर्तगत लालबाग निवासी युवक पिंटू चौधरी को करंट लगने से गंभीर हालत में महारानी अस्पताल ले जाया गया, जहां जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। आज सोमवार को शव का पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंपा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लालबाग आमागुड़ा निवासी रहने वाला पिंटू चौधरी पिता रामू चौधरी उम्र 40 वर्ष के घर में रविवार को पारिवारिक विवाद के दौरान पिंटू के साले ने घर में लगे टेबल पंखे को उठाकर फेंक दिया, उस पंखा को जैसे ही पिंटू ने उठाया, पंखे का पिछला हिस्सा खुला होने के कारण करंट की चपेट में आ गया। आनन-फानन में परिजन उसे उपचार के लिए महारानी अस्पताल में ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

### रायगढ़ : पुलिस ने होटल, ढाबा, लाज, धर्मशाला चेक कर ली मुसाफिरों की जानकारी

**रायगढ़,(एजेंसी)।** पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के दिशा निर्देशन पर सोमवार को सभी थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस टीमों ने होटल, ढाबा, लाज और धर्मशाला चेक कर मुसाफिरों की जानकारी ली गई। पुलिसकर्मियों ने आगंतुक रजिस्टर चेक कर लोकसभा क्षेत्र के बाहर के रहवासियों को तत्काल क्षेत्र छोड़कर जाने की हिदायत दिया गया तथा संचालकों को चुनाव के परिपेक्ष्य में बाहरी व्यक्तियों को ठहरने नहीं देने की सख्त हिदायत दिया गया है।

लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत जिले में 07 मई को मतदान होना है। शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने पुलिस एहतियातन सभी सुरक्षा प्रबंध बिंदुओं पर जांच और कार्यवाही कर रही है । इसी क्रम में आज मुसाफिरों की जांच कार्रवाई किया गया।

### मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सात मई को अपने गृह ग्राम बगिया में करेंगे मतदान

**रायपुर , (एजेंसी)।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय 07 मई को जशपुर जिला स्थित गृह ग्राम बगिया में अपना मतदान करेंगे। इसके लिए वे रायपुर स्थित मुख्यमंत्री निवास से बगिया जाएंगे। साय ने छत्तीसगढ़ की जनता से अधिक से अधिक संख्या में मतदान में शामिल होने की अपील की है।

अपने 47 दिन के तूफानी जनसभाओं के बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय कल प्रातः 08:35 बजे अपने गृह ग्राम बगिया के लिए रवाना होंगे। जहाँ कल वो गांव के प्राथमिक शाला बूथ क्रमांक 49 में सपरिवार मतदान करेंगे। साय कल प्रातः 10:05 बजे से शाम 04:10 बजे तक अपने निज निवास बगिया में रहेंगे और क्षेत्र के लोगों के साथ मेल-मुलाकात करेंगे। सायं 04:15 बजे सीएम साय वापस राजधानी रायपुर के लिए रवाना होंगे।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ में तीसरे व अंतिम चरण में होने वाले चुनाव के लिए प्रचार थम चुका है। जिसके अंतर्गत बची हुई 7 सीटों में कल 7 मई को वोट डाले जाएंगे। कल दुर्ग, रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, सरगुजा, जांजगीर-चांपा लोकसभा सीटों के लिए मतदान होगा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 20 मार्च से 05 मई तक प्रदेश के सभी ग्यारह लोकसभा क्षेत्रों का तूफानी चुनावी दौर किया। इस दौरान उन्होंने 75 विधानसभा क्षेत्रों 100 आमसभाओं को संबोधित किया।

### जांजगीर : कलेक्टर ने जिले के सभी मतदाताओं से मतदान करने की अपील

**कोरबा/जांजगीर-चांपा (एजेंसी)।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा ने जिले के सभी मतदाताओं को लोकसभा चुनाव अंतर्गत मंगलवार 07 मई को मतदान केन्द्र पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की है।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी मतदाता मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत बनाने में अपना योगदान दें। मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि कर्तव्य भी है। उन्होंने कहा कि स्वयं निकले और परिवार के साथ ही अपने आसपास के नागरिकों को मतदान करने के लिए प्रेरित करें। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों से कहा कि मतदान करना अधिकार ही नहीं बल्कि हम सभी का कर्तव्य भी है। उन्होंने जिले में शत प्रतिशत मतदान को लेकर कहा कि कोसा कांसा कंचन वोट करेगा जन-जन की थीम के साथ अपने-अपने मतदान केन्द्र में पहुंचकर अपने मताधिकार का प्रयोग करें। कलेक्टर ने जिले के सभी मतदाताओं से अपील की है कि बिना भय व पक्षपात के वे अपने मताधिकार का प्रयोग करें। जिले में शत प्रतिशत मतदान कराने के लक्ष्य को लेकर जिला प्रशासन स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी निर्वाचन के लिए प्रतिबद्ध है। मतदान को सुगम बनाने के लिए मतदान केन्द्रों में पानी, बैठने व दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर सहित सभी व्यवस्था की गई है ताकि मतदाताओं को असुविधा न हो।

### देर रात बोरी में बंद मिली महिला की लाश, जांच में जुटी पुलिस

**रायपुर / बालोद , ।** बालोद जिले में रविवार की देर रात एक महिला की लाश बोरी में मिली है। जहां किसी ने बोरी को सड़क किनारे फेंक दिया और वह फरार हो गया। मृत महिला की पहचान छोटी साहू के रूप में की गई है। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने बोरी खोलकर देखा तो महिला की लाश थी। बताया जा रहा है कि मृतका रमतरा गांव की रहने वाली है। मामला गुरुर थाना क्षेत्र का है।

मामले में सीएसपी राजेश बागड़े ने बताया कि, पुलिस को ग्रामीणों से सूचना मिली कि ग्राम तितुरगाहन के पास बोरे में कोई लाश फेंक कर गया है। बोरे में से लाश दिख रही है। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और ग्रामीणों की मौजूदगी में बोरी खोलकर देखा तो महिला की लाश मिली। महिला की शिनाख्त हो चुकी है। महिला की शिनाख्त होने के बाद पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

जांच के दौरान पता चला कि मृत महिला शनिवार को धमतरी जाने की बात कह कर घर से निकली थी, तभी से वह लापता थी।